## स्टेट ब्रीफ

### बालिकाओं को स्वच्छता के बारे में बताया

**हल्द्वानी :** इनरव्हील क्लब, हल्द्वानी द्वारा सोमवार को खालसा इन्टर कालेज में करीब 800 बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए एवं मासिक धर्म और स्वच्छता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधुर अग्रवाल, सचिव निवेदिता पांडे, सुशीला भाकुनी, रितु त्यागी, राशि कौशल, आशा दरम्वाल एवं पायल अग्रवाल उपस्थित रहे।

### बद्रीनाथ धाम में आरएसएस ने किया पथ संचलन

**देहरादून :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष होने पर शरद पूर्णिमा पर श्री बद्रीनाथ धाम में आरएसएस का पथ संचलन हुआ। स्वामीनारायण मंदिर से शुरू हुआ पथ संचलन का श्री बदरीनाथ धाम के सिंह द्वार पर समापन हुआ अंत में स्वयंसेवकों ने श्री बद्रीनाथ धाम में दर्शन भी किए। सोमवार को स्वामीनारायण मंदिर सभागार में दीप प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण एवं प्रार्थना के साथ पथ संचलन का शुभारंभ हुआ। प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि विजय दशमी के उपलक्ष्य में देशभर में संघ के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। प्रत्येक परिवार तक संघ पहुंचे युवाओं को शाखाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। मातृ भूमि की रक्षा के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र भी जरूरी है। पथ संचलन श्री बद्रीनाथ धाम के माणा रोड, बस टर्मिनल मार्ग मंदिर मार्ग हुए साकेत तिराहे से होते हुए मंदिर पहुंचा। इस दौरान विभाग प्रचारक मनोज, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, अमित दास महाराज, जिला प्रचारक मिथिलेश, अतुल शाह रहे।

### कुमाऊं विश्वविद्यालय के 31 शिक्षकों को पदोन्नति की स्वीकृति

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की सोमवार को आयोजित बैठक में कुल 36 शिक्षकों के पदोन्नति प्रकरणों पर चर्चा हुई, जिसमें 31 शिक्षकों को पदोन्नति देने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में 05 शिक्षकों के पदोन्नति प्रकरणों पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि संबंधित शिक्षकों को विवि अधिनियम की धारा-68 के तहत अपील करने का अधिकार है। अपील की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही कमेटी द्वारा प्रकरण की समीक्षा कर कुलाधिपति को रेफर किया जाएगा। इस दौरान बैठक में कुलसचिव मंगल सिंह मंद्रवाल, वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, वर्चुअली उच्च शिक्षा सचिव रंजीत सिन्हा, कार्य परिषद सदस्य जस्टिस लोकपाल सिंह, अरविंद पडियार, केवल सती, डॉ. कुमुद उपाध्याय, प्रो. रजनीश पाण्डे, डॉ. पीएस नेगी आदि मौजूद रहें।

# अग्निवीर की भर्ती में युवाओं की मदद करें खेल व युवा कल्याण विभाग: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खेल विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून


देहरादून में सोमवार को खेल विभाग की समीक्षा बैठक लेते मुख्यमंत्री पुरष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आवास में खेल विभाग की समीक्षा की। उन्होंने खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार किए खेल अवसंरचना का रख-रखाव और प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि खेल गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके।

सख्त लहजे में कहा कि इन परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग करने के लिए नियमित खेल प्रतियोगिताएं की जाएं। सीएम ने हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विवि तथा लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। इन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और भागीदारी बढ़ाने को न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन करने को कहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को भी हर मदद देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 39वें राष्ट्रीय खेलों के दृष्टिगत खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को समय से पुरस्कार, छात्रवृत्ति एवं बीमा सुरक्षा के लाभ दिए जाएं। खेल विभाग की ओर से निजी क्षेत्र एवं कॉरपोरेट जगत की भागीदारी से खेल अवसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया दे ताकि खेल सुविधाओं का विस्तार जन-जन तक हो सके। खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएं तथा विभिन्न खेल अकादमियों की स्थापना में गति लाई जाए।

सरकार का संकल्प प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना है। इस दौरान खेल मंत्री रेखा आर्या, राज्य स्तरीय खेल परिषद के उपाध्यक्ष हेमराज बिष्ट, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगोली, निदेशक आशीष चौहान आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने यमुनोत्री विधायक, नपा. अध्यक्ष समेत 148 की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने यमुनोत्री के निर्दलीय विधायक संजय डोभाल व बड़कोट नगर पालिकाध्यक्ष के भाई व अन्य 148 समर्थकों के खिलाफ धरना प्रदर्शन के मामले में दर्ज मुकदमे को निरस्त करने व उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए सर्वोच्च न्यायलय का आदेश अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य में दिए दिशा-निर्देशों के आधार पर जांच में सहयोग करने को कहा है।

मामले के अनुसार पिछले दिनों पुलिसकर्मियों द्वारा एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल, नौगांव ब्लॉक प्रमुख पति अजवीन पंवार और कपिल रावत सहित उनके समर्थकों ने बड़कोट में नेशनल हाईवे पर चक्का जाम किया था।

इस विरोध प्रदर्शन से हाईवे घंटों तक बंद रहा, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए विधायक डोभाल, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल, अजवीन पंवार, कपिल देव रावत और 22 अन्य नामजद व्यक्तियों के साथ-साथ करीब 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ 6 सितंबर को मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि इन सभी पर सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने और हाईवे जाम करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इधर, विधायक व समर्थकों का कहना है कि पुलिस ने उनके एक समर्थक को रात साढ़े 11 बजे उसके घर से उठा लिया। प्रदेश की कानून व्यवस्था भी सत्तापक्ष के इशारो पर चल रही है।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन से दो पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा



**नैनीताल :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजत मित्तल व वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सोनिका खुल्बे ने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बार एसोसिएशन ने इस्तीफा स्वीकार करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी अनिल मेर को दी है। सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई। इसमें कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को प्राप्त सोनिका खुल्बे वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य (महिला) व रजत मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष के इस्तीफे को स्वीकार किया। रजत मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष के कार्यों की जिम्मेदारी अनिल मेर उपाध्यक्ष को दे दी गई है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हाईकोर्ट बार एसोसएशिन के आगामी चुनाव के लिए मतदाता सूची में सम्मलित होने के लिए पूर्ण मासिक शुल्क व चैम्बर किराया जमा करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 है। बैठक का संचालन महासचिव वीरेन्द्र सिंह रावत ने किया। बैठक में मधु नेगी सामंत उपाध्यक्ष, कुन्दन सिंह नेगी उपसचिव, मोहित कुमार कोषाध्यक्ष, सौरव पांडे, विश्व प्रकाश बहुगुणा, भुवनेश जोशी व आयुष गौर रहे।

# आईआईटी रुड़की में वैज्ञानिक सभा में जल विज्ञान नवाचारों पर होगा मंथन

मुख्य संवाददाता, देहरादून



आईआईटी रुड़की में अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघ की सभा में मौजूद वैज्ञानिक।

**अमृत विचार :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी) ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघ (आईएएचएस) की छह दिवसीय 12वीं वैज्ञानिक सभा शुरू हो गई है।

इसमें 49 देशों के 627 से अधिक प्रतिभागी और 682 वैज्ञानिकों ने सतत जल संसाधन प्रबंधन, जल विज्ञान संबंधी नवाचारों एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशीलता पर मंथन किया। सभा का शुभारंभ मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने किया और जल विज्ञान अनुसंधान और इसके सामाजिक अनुप्रयोगों को आगे बढ़ाने में उनके वैश्विक योगदान के लिए आईआईटी रुड़की एवं आईएएचएस की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है। निदेशक प्रो. केके पंत ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाचारों को प्रेरित करेगी। निदेशक प्रो. केके पंत, आईएएचएस अध्यक्ष प्रो. साल्वातोरे ग्रिमाल्डी, आईएनएसए उपाध्यक्ष एवं सीएसआईआर-एनईआईएसटी निदेशक डॉ. वी.एम. तिवारी, आईएएचएस एसए के अध्यक्ष प्रो. सुमित सेन तथा संयोजक प्रो. अंकित अग्रवाल शामिल थे।

# नैनीताल में मौसम बिगड़ा, मूसलधार वर्षा

- वर्षा व ओलावृष्टि के साथ ठंड ने दे दी है नगर में दस्तक

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** नैनीताल में सोमवार को मूसलाधार बारिश हुई। साथ ही हल्के ओले बरसने से ठंड ने दस्तक दे दी है। मंगलवार को भी नगर में वर्षा की संभावना मौसम विज्ञान ने जता दी है।

नगर में सुबह का मौसम सुहावना बना हुआ था। हल्की धूप खिली हुई थी। मगर अपराह्न दो बजते ही वर्षा शुरू हो गई। इस बीच नगर समेत ऊंची चोटियों में हल्की ओलावृष्टि भी शुरू हो गई। ओलों की बरसात जल्द थम गई, लेकिन बारिश तेज बारिश शुरू हो गई। वर्षा का वेग अधिक होने के कारण नाले उफान पर आ गए और सड़के भी जलमग्न होने लगी। इसके बाद कभी हल्की तो कभी भारी बारिश का क्रम देर शाम तक जारी रहा। जिसका सामान्य जनजीवन पर बुरा असर पड़ा। शाम के समय बाजारों में सुनसानी छा गई। मौसम बदलते ही नगर में ठंड पड़नी शुरू हो गई। लोगों को गर्म ऊनी कपड़े पहनने को मजबूर होना पड़ा तो हीटर का सहारा भी लेना पड़ा। इधर मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को भी बारिश को भी मौसम बिगड़ा ही रहेगा। हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने रहेंगे। कुछ हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना भी रहेगी। बुधवार से मौसम में सुधार आएगा, हालांकि हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहा। वर्षा 30 मिली दर्ज की गई।

### ठंड का असर शुरू

**हल्द्वानी :** मौसम बदलने के साथ ही शहर में ठंड का असर शुरू हो गया है। शाम के समय लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज भी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने पहले ही अनुमान जताया था कि छह और सात अक्टूबर को राज्य के कई जिलों में बारिश हो सकती है। साथ ही ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी की संभावना है। बारिश के साथ ही ठंडी हवा भी चलने लगी। अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री रहा और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री रहा। पहाड़ों में भी बारिश से तापमान में गिरावट आ रही है। मुक्तेश्वर में पारा 20.3 डिग्री रहा जो विगत दिनों की अपेक्षा पांच डिग्री कम है।

# किशोरी की उपचार के दौरान मौत

- मां का आरोप, डॉक्टरों ने उपचार में दिखाई लापरवाही

संवाददाता, हल्द्वानी

खटीमा निवासी 10वीं की छात्रा एक किशोरी का उपचार के दौरान डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में सोमवार को निधन हो गया। किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों ने उसके उपचार में लापरवाही दिखाई है। हालांकि डॉक्टरों ने सफाई दी है कि मरीज की स्थिति काफी गंभीर थी।

खटीमा निवासी कमलेश देवी ने कहा कि उसकी बेटी को अपेंडिक्स की समस्या थी। उसका एसटीएच में चार माह से उपचार चल रहा था। इसके चलते उसका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद से ही उसकी बेटी को बैचेनी होने लगी। उसने डॉक्टरों को सूचित किया लेकिन उन्होंने मरीज को देखने में कोई रुचि नहीं दिखाई। बाद में किशोरी को आईसीयू में भर्ती कर दिया गया और किशोरी का निधन हो गया। कमलेश देवी ने कहा कि डॉक्टरों से बार-बार कहने पर भी वह उसके उपचार में लापरवाही दिखाते रहे। यहां तक की जब उसने रेफर करने के लिए कहा तब मना भी कर दिया। बाद में बदहवास होकर कमलेश इमरजेंसी वार्ड के बाहर बैठ गई और जोर-जोर रोने और चिल्लाने लगी। अस्पताल के सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि लड़की की स्थिति काफी गंभीर थी। उसकी पहले भी उसका ऑपरेशन करके उसे घर भेजा गया था। इस बार भी ऑपरेशन किया गया। मरीज काफी कमजोर थी। ऑपरेशन के बाद उसके परिजनों ने उसे पानी पिला दिया। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई।

### पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए परिजन

**हल्द्वानी :** अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज को ऑपरेट कर रहे डॉक्टरों ने आरोपों के बाद मृतका का पोस्टमार्टम कराने के लिए भी कहा था लेकिन इसके लिए परिजन नहीं माने। इधर अस्पताल के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि मामला संज्ञान में है लेकिन कोई लिखित शिकायत नहीं है। अगर शिकायत मिलेगी तो उस पर गौर किया जाएगा।




# नैनीताल में जमीन 50 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 40 फीसदी महंगी हुई

- नैनीताल में अब एक वर्ग मीटर भूमि की कीमत 1.64 लाख तक पहुंची

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में भूमि के सर्किल रेट बढ़ाए जाने के बाद नैनीताल में संपत्ति खरीदना महंगा हो गया है। शहर में जमीन के दाम औसतन 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं, जबकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 40 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

यह जानकारी सहायक निबंधक भीम सिंह बिष्ट ने दी है। उनके अनुसार माल रोड क्षेत्र में आवासीय या बहुमंजिला भवन खरीदने के लिए पहले एक वर्ग मीटर पर 1,12,000 का भुगतान करना होता था, अब यह दर बढ़कर 1,64,000 हो गई है।

वहीं, दुकानों, होटलों या अन्य व्यवसायिक संपत्तियों के लिए पहले 1,47,500 प्रति वर्ग मीटर देने पड़ते थे, जो अब बढ़कर 2,02,500 प्रति वर्ग मीटर हो गए हैं।

शहर का सबसे सस्ता क्षेत्र कृष्णापुर है, जहां आवासीय जमीन के लिए 35,000 और व्यवसायिक उपयोग के लिए 76,000 प्रति वर्ग मीटर देना होगा।

### भवाली-कैंचीधाम क्षेत्र के दामों में भी बढ़ोतरी हुई

सड़क से 50 मीटर के दायरे में भूमि खरीदने के लिए 15,000 प्रति वर्ग मीटर, 50 से 200 मीटर दूरी पर 11,000 प्रति वर्ग मीटर, बहुमंजिला भवन या फ्लैट के लिए 29,000 प्रति वर्ग मीटर, व्यावसायिक उपयोग हेतु 51,000 प्रति वर्ग मीटर देने होंगे जबकि निगलाट कैंची धाम क्षेत्र में एक वर्ग मीटर आवासीय भूमि खरीदने के लिए 6000 और व्यवसायिक कार्य के लिए 35हजार 100 रुपए खर्च करने होंगे। वहीं, मुक्तेश्वर, सतबूंगा और आस-पास के इलाकों में भी सर्किल रेट में 40% तक की वृद्धि हुई है। पहले सड़क से 50 मीटर के भीतर भूमि 9,000 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से मिलती थी, जो अब 13,000 प्रति वर्ग मीटर हो गई है। 50 से 200 मीटर की दूरी पर आवासीय भूमि 8,000 प्रति वर्ग मीटर, बहुमंजिला भवन 27,000 और व्यावसायिक संपत्तियाँ 45,800 प्रति वर्ग मीटर की दर से खरीदी जा सकेंगी।

# पुलिस चौकी के पीछे चोरी कट्टे में माल भर ले गया चोर

- हार्डवेयर शॉप से हजारों का कैश और माल चोरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रात-रात घूमकर रोमियो पकड़ रही पुलिस का ऑपरेशन चोर फेल कर रहे हैं। एक अकेले चोर ने दो दिन पहले पुलिस चौकी के ठीक पीछे वारदात को अंजाम दे डाला।

मंगलपड़ाव सब्जी मंडी स्थित हार्डवेयर शॉप में चोर रोशनदान से घुस गया और हजारों की नगदी व माल को कट्टे में भरकर फरार हो गया। पूरी वारदात वहीं लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। हिमालया फार्म मंगल पड़ाव निवासी अरुण भुटियानी की मंगलपड़ाव चौकी के ठीक पीछे सब्जी मंडी में हार्डवेयर की दुकान है। अरुण के मुताबिक, शुक्रवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सार्वजनिक बंदी की वजह से दुकान नहीं खुली। रविवार की सुबह तय समय पर वह दुकान पहुंचे तो शटर पर ताला मिला। अंदर पहुंचे और गल्ले पर नजर पड़ी तो होश फाख्ता हो गए। गल्ला खाली पड़ा था। दुकान में रखा काफी सामान भी गायब था। चौकी प्रभारी गौरव जोशी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। अरुण का कहना है कि चोर दुकान से 9 हजार रुपए की नगदी और लगभग 50 हजार कीमत के 9 चांदी के सिक्के ले गया है।

**चिंताजनक** बिगड़ने लगी नैनीताल की हवा, एरीज दीवाली पर रखेगा वायु प्रदूषण पर खास नजर

# पीएम 2.5 की मात्रा 68 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पहुंची

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** पिछले दिनों मौसम साफ रहा तो, नैनीताल की हवा बिगड़ गई। पौल्यूटेड मैटर (पीएम) 2.5 की मात्रा 68 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पहुंच गई। अब दीवाली आ रही है तो वायु प्रदूषण की गुणवत्ता फिर बिगड़ने की संभावना है जिसे लेकर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज की नजर वायु प्रदूषण पर विशेष नजर रहेगी।

एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार लगातार बारिश के चलते वायु प्रदूषण भी लगभग नियंत्रण रहा, जबकि मई जून में 100 माइक्रोग्राम घनमीटर पार कर जाने वाला पीएम 2.5 नियंत्रण में रहा। इस बार जंगलों में आग की भी उतनी घटनाएं नहीं हुई, जितना कि पिछले वर्षों में देखी गई थी। मई से बारिश शुरू हो गई थी, जो सितंबर तक निरंतर जारी रही।

इस बीच पीएम 2.5 की मात्रा कभी कभार ही सामान्य से ऊपर गई। मगर पिछले चार दिन मौसम सामान्य रहा तो इसकी मात्रा में उछाल आ गया। जिस कारण पीएम 2.5 की मात्रा 68 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पहुंच गई, जबकि नैनीताल व समीपवर्ती क्षेत्रों में सामान्यत अवस्था में इसकी मात्रा 20 से 30 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रहती है। नैनीताल में पीएम 2.5 की सामान्य मात्रा 25 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर मानी जाती है। मगर दीवाली पर्व आ रहा है और पटाखों के चलते हवा खराब होने की संभावना से कतई इंकार नहीं किया जा सकता है। पटाखों से निकलने वाला धुआं हवा वातावरण को बुरी तरह प्रदूषित कर जाता है। पिछले वर्ष 2024 में दीवाली के दौरान नैनीताल में पीएम 2.5 की मात्रा 128 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पहुंच गई थी, जबकि वर्ष 2023 में 168 पहुंच गई थी। स्वास्थ्य के लिहाज से यह मात्रा गंभीर मानी जाती है।

इस बार दीवाली से एक सप्ताह पहले व दीवाली के बाद 10 दिन तक एरीज वायु प्रदूषण पर विशेष निगरानी करेगा।

### वाहन, आग व निर्माण बढ़ाते हैं प्रदूषण

**नैनीताल, अमृत विचार :** वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि नैनीताल में वायु प्रदूषण बढ़ाने में सर्वाधिक कारण वाहनों से निकलने वाला कार्बन है। नगर में वाहनों का बड़ी संख्या में प्रवेश होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर भी वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा जंगलों में लगने वाली आग से प्रदूषण में इजाफा करता है। इनके अलावा भवन निर्माण समेत कई अन्य निर्माण भी वायु प्रदूषण को बढ़ाता है।

### भाजपा अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**रामनगर :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए जी जान से जुट जाने को कहा है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजीज खान, विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, प्रदेश मंत्री महमूद हसन बंजारा, पूर्व पालिका अध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, जिलाध्यक्ष सैयद अली नकवी, डॉ. तनवीर अख्तर, दानिश सिद्दीकी, जिकरान कुरैशी, शबाब कुरैशी, अनवर मलिक, सरफराज हुसैन, शरीफ अहमद, शकील अहमद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### कल खुलेगा एमबीपीजी कॉलेज, कब होगी पढ़ाई

**हल्द्वानी :** छात्रसंघ चुनाव के शोर के बाद एमबीपीजी कॉलेज कल (बुधवार) खुलेगा। कॉलेज में कल से शिक्षण कार्य चलेगा और सभी कक्षाओं में पढ़ाई होगी। कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में 27 सितंबर को छात्रसंघ चुनाव संपन्न हुए थे और इसी दिन देर रात परिणाम भी जारी हुए थे। जिसके बाद एमबीपीजी कॉलेज में चुनाव को लेकर किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया था। अब करीब 10 दिनों बाद कॉलेज खुलने से एक बार शांतिपूर्वक सभी कक्षाओं का संचालन होगा। एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि कॉलेज में छात्रसंघ का गठन हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिन पदाधिकारियों ने शपथ नहीं ली है, उनको शपथ दिलाई जाएगी।

### मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने जताया विरोध

**हल्द्वानी :** उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन देहरादून के आह्वान पर हल्द्वानी स्थित राज्य कर विभाग के मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों ने सोमवार को अपनी लंबित मांगों पर सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न होने के विरोध में काली पट्टी बांधकर कार्यस्थल पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की प्रमुख 10 सूत्रीय मांगों में कर्मचारी ढांचे का पुनर्गठन, राज्य कर अधिकारियों के लिए नई नियमावली का निर्माण, जीएसटी के अंतर्गत विभिन्न सूचनाओं का संकलन एवं विश्लेषण, यूटिलिटी तैयार करना, समय से पदोन्नति, परित्याग नियमावली से मुक्ति, और कार्मिकों के लिए आवास की व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं।एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश चंद्र जोशी ने बताया कि लंबे समय से इन मांगों को लेकर ज्ञापन और वार्ताएं की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा 11 को

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा 11 अक्टूबर को होगी। एससीईआरटी के अपर निदेशक पदमेंद्र सकलानी ने आदेश जारी कर बताया कि परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षा सामग्री जमा करने के लिए अलग-अलग तिथि व जगह निर्धारित की गई है। उन्होंने समस्त जिलों के मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों से ब्लॉक 11 अक्टूबर व 12 अक्टूबर और ब्लॉक से जनपद में 13 अक्टूबर और कुमाऊं मंडल में 14 अक्टूबर को परीक्षा सामग्री जमा की जाएगी।

# कफ सिरपों की बिक्री में 50 प्रतिशत गिरावट

## राजस्थान में मौतों के बाद लोगों ने कफ सिरपों का इस्तेमाल किया बंद, डॉक्टरों भी लिखने से कर रहे परहेज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**01** दिन में बिकते हैं 20 से 25 हजार कफ सिरप हल्द्वानी में

**100** से ज्यादा स्टॉकिस्ट हैं कफ सिरप समेत अन्य दवाओं का

**अमृत विचार :** राजस्थान, मध्य प्रदेश में कफ सिरप पीने से हुई मौतों के बाद अब एलोपैथिक कफ सिरप की बिक्री में तेजी से गिरावट दर्ज हुई है। दवा विक्रेताओं का दावा है कि बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई है।

शहर में कफ सिरप समेत अन्य दवाओं को बेचने वाले 100 से ज्यादा स्टॉकिस्ट हैं। अमूमन, अक्टूबर-नवंबर में मौसम परिवर्तन की वजह से खांसी के मरीज ज्यादा होते हैं। ऐसे में पिछले वर्षों के आंकड़ों को देखते हुए दवा विक्रेताओं ने पहले से ही कफ सिरप के स्टॉक का ऑर्डर दिया था, जो कि प्राप्त हो चुका है। शहर में एक स्टॉकिस्ट प्रतिदिन करीब चार से पांच पेटी कफ सिरप की खपत कर देता था जबकि एक पेटी में 50 कफ सिरप होते हैं। यानी आम दिनों में एक दिन में 20 से 25 हजार कफ सिरप बिक जाते हैं। यह आंकड़ा बिक्री का है, सरकारी अस्पतालों से फ्री में मिलने वाले कफ सिरपों की संख्या इससे इतर है। राजस्थान व मप्र में बच्चों की मौत के बाद यह बिक्री अचानक गिरकर दो से तीन पेटी पर पहुंच गई। साथ ही डिमांड लगातार घट रही है। एक थोक विक्रेता का कहना है कि पर्वतीय क्षेत्रों के लिए डिमांड एकदम कम हो गई है। दमुवाढूंगा स्थित मेडिकल स्टोर संचालक जगत सिंह पंवार ने बताया कि पूरी कोशिश यही है कि डॉक्टर के पर्चे पर ही लोगों को कफ सिरप दें। हालांकि देखने में आ रहा है कि मरीज स्वयं भी कफ सिरप पीने से बच रहे हैं।


प्रेस वार्ता करते एफडीए के अधिकारी। ● अमृत विचार

### दो साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं देना है कफ सिरप

**हल्द्वानी :** दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप देने पर पूरी तरह से पाबंदी होती है। डॉक्टरों का कहना है कि अभिभावक स्वयं से कोई भी कफ सिरप बाजार से खरीदकर बच्चों को न दें। इससे बच्चे की तबीयत सही होने के बजाए और बिगड़ सकती है। बच्चों के उपचार के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

> लगातार कफ सिरपों के सैंपल ले रहा है। इसके लिए मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण जारी है। साथ ही यदि कोई कंपनी अपने कफ सिरपों को वापस मंगाकर उसकी फिर से टेस्टिंग करा रही है तो इसमें रिटेलर और डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी का सहयोग करें।
> **-मीनाक्षी बिष्ट**, ड्रग कंट्रोलर नैनीताल

## राज्य में 63 दवाओं के नमूने जांच को भेजे गए

संवाददाता, हल्द्वानी

- **एफडीए संदिग्ध और प्रतिबंधित कफ सिरपों पर चला रहा अभियान**
- **सभी 13 जिलों में की जा रही है विशेष चेकिंग**

**अमृत विचार:** खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) पूरे राज्य में प्रतिबंधित और संदिग्ध कफ सिरप की बिक्री एवं वितरण के खिलाफ अभियान चला रहा है। टीमें सैंपल एकत्र कर उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं को भेज रहीं हैं।

देहरादून में अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजवर सिंह जग्गी ने पत्रकारवार्ता में कहा कि सरकार ने यह कदम एहतियातन और जनहित में उठाया है। सभी जनपदों में औषधि नियंत्रण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सीएफटीओ, मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों की औषधि दुकानों से कफ सिरप के नमूने एकत्र करें और परीक्षण हेतु अधिकृत प्रयोगशालाओं को भेजें। उन्होंने कहा कि निर्माण कंपनियों से भी कच्चे माल जैसे पॉलीइथिलीन ग्लाइकॉल, सॉर्बिटॉल और अन्य रासायनिक तत्वों के सैंपल लेकर गुणवत्ता जांच की जा रही है, ताकि उत्पादन स्तर पर भी किसी प्रकार की कमी या गड़बड़ी की संभावना समाप्त की जा सके।

कहा कि अब तक प्रदेशभर में 63 औषधियों के नमूने एकत्र किए जा चुके हैं, जिनकी जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होंने जनता से कहा कि बिना चिकित्सक की सलाह के बच्चों को कोई भी कफ सिरप या औषधि न दें।

# घर में खड़ी स्कूटी का बाजार में कटा चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस का यह कारनामा जिसने सुना हैरान रह गया। मामला एक स्कूटी के नो-पार्किंग चालान से जुड़ा है। यह स्कूटी घर में खड़ी थी और पुलिस ने घर में खड़ी इस स्कूटी को मंगलपड़ाव में नोपार्किंग में खड़ा दिखाकर चालान कर दिया। स्कूटी मालिक के मोबाइल पर चालान पहुंचा तो उनके होश फाख्ता हो गए। शोभा टम्टा ने बताया कि वह महिला चिकित्सालय में कार्यरत हैं और हाईडिल गेट काठगोदाम में रहती हैं। उन्होंने पुलिस से मामले की शिकायत की है। शोभा का कहना है कि बीती अक्तूबर को शाम 4:57 बजे उसकी स्कूटी के नंबर से नो पार्किंग का चालान हो गया। जब उनके मोबाइल पर चालान का पीडीएफ आया तो वह हैरत में पड़ गईं। उन्होंने बताया जिस वक्त चालान की तारीख और समय दर्शाया गया है, उनकी स्कूटी उस समय घर पर खड़ी थी। चालान में दर्ज है कि उक्त चालान मंगलपड़ाव में सदर बाजार स्थित दि कूर्मांचल बैंक के पास किया। नो-पार्किंग में चालान की राशि 500 रुपये है, जिसे जल्द जमा करने को कहा गया। गनीमत की बात सिर्फ इतनी है कि चालान में जिस स्कूटी को दिखाया गया है, वह उनकी नहीं है। उनके पास जूपिटर की स्कूटी है, जबकि चालान में लगी फोटो फसीनो स्कूटी की है। मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी का कहना है कि चालान दर्ज करते वक्त डिजिट ऊपर-नीचे हो गए। चूक को दुरुस्त किया है।

### जितने का चालान नहीं, उतना दौड़-भाग में खर्च कर दिया

**हल्द्वानी :** महिला को चालान मिला तो वह परेशान हो गई। उन्हें पता नहीं था कि चालान पुलिस ने किया है या फिर यातायात पुलिस ने। पुलिस की गलती को ठीक कराने के लिए वह सीओ कार्यालय पहुंची। यहां से उन्हें काठगोदाम यातायात कार्यालय भेज गया। काठगोदाम पहुंची तो फिर से हल्द्वानी पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा गया। बाद में पता लगा कि चालान मंगलपड़ाव पुलिस ने किया था। महिला का कहना है कि चालान तो 500 का था, लेकिन गलती दुरुस्त कराने में इससे ज्यादा उन्होंने दौड़-भाग में फूंक दिए।


अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान मौजूद नगर आयुक्त ऋचा।

### अवैध तरीके से खड़े वाहनों का 5 हजार का चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम की ओर से सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय से लेकर नरीमन चौराहे तक सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान में फुटपाथ पर रखे सामान, बोर्ड और अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों को हटाया गया और कई वाहनों पर 5 हजार रुपये का चालान भी काटा गया। नगर निगम की ओर से मुख्य बाजार क्षेत्रों और सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और सड़क या फुटपाथ पर सामान रखने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, नगर आयुक्त ऋचा सिंह और उप जिलाधिकारी राहुल शाह स्वयं मौके पर मौजूद रहे और नगर निगम की टीम के साथ मिलकर पूरे अभियान की निगरानी की। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने जनता से अपील की है कि वे सड़क और पैदल चलने के रास्तों को अवरुद्ध न करें, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 3 गिरफ्तार और 10 वाहन सीज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जाम और आमजन के लिए परेशानी का सबब बने नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के पुलिस ने ताबड़तोड़ चालान किए। नशे में वाहन चलाने और नियमों को ताक पर रखने वाले ऐसे 261 चालकों को पुलिस ने रडार पर लिया। 3 को गिरफ्तार कर लिया, जबकि 10 वाहनों को सीज कर थाने में खड़ा कर दिया।

चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव गौरव जोशी और उनकी पुलिस टीम ने सदर बाजार, मंगलपड़ाव आदि क्षेत्रों में अभियान चलाया। गलत तरीके से पार्क व नो पार्किंग में पार्क किए 38 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। जिले में कुल 261 लापरवाह वाहन चालकों से 82,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। पुलिस गिरफ्तार किए गए तीनों वाहनों चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भी भेज रही है।

# उड़ान में नहीं आए कोई बाधा, करें इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने गौलापार स्थित हेलीपैड एवं ट्रंचिंग ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने हेली सेवाएं निर्बाध ढंग से संचालित करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

आयुक्त रावत सोमवार को हेलीपैड पहुंचें और हेली सेवा से जुड़े अधिकारी-कर्मियों से बातचीत की। इस दौरान हेली सेवा से जुड़े लोगों ने बताया कि हेलीपैड के आसपास पक्षियों की आवाजाही अधिक है जिससे उड़ान में सुरक्षा संबंधी जोखिम उत्पन्न हो सकता है। यह भी बताया कि आसपास की बिजली की लाइनों पर पेड़ों की शाखाएं ढकी हुई हैं जिससे तारों की विजिबिलिटी कम होने के कारण फ्लाइंग हैजर्ड की स्थिति बन सकती है। इस पर आयुक्त ने बिजली विभाग के एसई को निर्देश दिए कि 24 घंटे में बिजली लाइनों के समीप पेड़ों की कटाई-छंटाई की जाए। हेलीपैड परिसर में अग्निशमन विभाग के कार्मिकों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। वहीं, हेलीपैड के समीप पक्षियों की गतिविधि बढ़ने का प्रमुख कारण नगर निगम का ट्रंचिंग ग्राउंड तथा खुले में फेंका जा रहा कूड़ा है। इसके बाद आयुक्त ने हल्द्वानी रेलवे लाइन और राजपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इन क्षेत्रों में भी कुछ लोग गौलानदी में कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ डाल रहे हैं जिससे पक्षियों का आवागमन बढ़ रहा है जो कि हेलीपैड संचालन में बाधा उत्पन्न कर रहा है। आयुक्त ने नगर निगम को निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जाए ताकि खुले में व गौला नदी में कूड़ा नहीं फेंक जाए। सार्वजनिक घोषणा से लोगों को जागरूक किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए। इन क्षेत्रों में नगर निगम की ओर से नियमित सफाई अभियान चलाया जाए। यहां से आयुक्त का काफिला ट्रंचिंग ग्राउंड पहुंचा। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के लिगेसी वेस्ट के निस्तारण को लगभग 6 करोड़ रुपये का टेंडर किया है जिसकी अवधि 6 माह निर्धारित है। इस दौरान पाया कि अनुबंध के अनुसार दो मशीनें लगनी थीं किंतु वर्तमान में केवल एक ही मशीन चालू है। इस पर आयुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर दूसरी मशीन तत्काल लगवाने और मशीन संचालन की सूचना देने के निर्देश दिये। यह भी कहा कि निर्धारित समय में लिगेसी वेस्ट का पूर्ण निस्तारण, नियमित सेग्रीगेशन भी हो। उन्होंने ट्रंचिंग ग्राउंड परिसर में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए ताकि सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखी जा सके।


गौलापार हेलीपैड का निरीक्षण करते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

# एसटीएच को मिला 43 करोड़ का 'आयुष्मान'

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आयुष्मान योजना साल 2018 में लागू हो गई थी। इस योजना के लागू होने के बाद से अभी तक डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल को करीब 43.87 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है।

तिकोनिया निवासी हेमंत गौनिया ने राजकीय मेडिकल कॉलेज से आयुष्मान योजना से होने वाली आय व उसको खर्च करने का विवरण मांगा। आरटीआई से मिली सूचना के अनुसार अस्पताल में आयुष्मान योजना से मरीजों का निशुल्क उपचार किया। पिछले करीब सात सालों में अस्पताल को इस योजना से करीब 43.87 करोड़ रुपये मिला है। इस आय को अस्पताल के खर्चे में भी इस्तेमाल किया जाता है। बीते वित्तीय वर्ष साल 2023-24 में आयुष्मान योजना से हुई आय में से करीब 2.40 करोड़ वेतन मद में खर्च किया। इसमें डॉक्टरों के वेतन में 80 लाख, टेकनिशियन, लैब टेकनिशियन, फार्मासी, स्वीपर, वार्ड बॉय के वेतन में 16-16 लाख रुपये खर्च किए हैं। आयुष्मान योजना से मरीज को सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, खून की जांच आदि की सुविधा तब ही मिलती है जब मरीज अस्पताल में भर्ती होता है। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि आयुष्मान योजना सरकार की बेहतर योजना है। इससे मरीजों को निशुल्क उपचार मिलता है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**रामनगर, अमृत विचार:** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

मोहल्ला खताड़ी निवासी फरीद कुरैशी (26) पुत्र अय्यूब कुरैशी अपनी बहन ग्राम आलेपुर टांडा जिला रामपुर से मिलने गया था। रविवार की शाम वह फरीदनगर निवासी राशिद के साथ बाइक पर सवार होकर लौट रहा था। दाढ़ियाल रोड में उसकी बाइक खड़े वाहन से जा टकराई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए काशीपुर निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां फरीद की मौत हो गई। जबकि राशिद का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा पर रूट डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में मंगलवार, 7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा दोपहर 2 बजे लक्ष्मी शिशु मंदिर बरेली रोड से निकलेगी। शहरवासियों को व्यवधान से बचाने के लिए पुलिस रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है।

यह डायवर्जन शोभा यात्रा के समाप्ति तक लागू रहेगा। कई सड़कों पर शोभायात्रा के दौरान आवागमन पर पूर्ण पाबंदी होगी। पर्वतीय क्षेत्र और टीपी नगर/मंडी क्षेत्र से आने-जाने वाले सभी मालवाहक और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन शोभायात्रा के दौरान केवल बाईपास मार्ग का प्रयोग करेंगे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अनावश्यक जाम से बचने के लिए डायवर्जन का पालन करें।




### शोभायात्रा का रूट

**हल्द्वानी :** लक्ष्मी शिशु मंदिर बरेली रोड से प्रारंभ होकर सिंधी चौराहा, रोडवेज, नैनीताल बैंक तिराहा, प्रेम टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग, राजपुरा, आर्मी गेट, तिकोनिया चौराहा, कैनाल रोड, कुल्यालपुरा चौराहा, नैनीताल रोड मुख्य मार्ग से होते हुए भगवान वाल्मीकि पार्क, तिकोनिया तक पहुंचेगी।

### छोटे वाहनों का डायवर्जन

- पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले और बरेली, रामपुर रोड की ओर जाने वाले नारीमन तिराहा से गौलापार रोड होकर जाएंगे।
- शोभायात्रा नैनीताल बैंक तिराहा-प्रेम टॉकीज के बीच रहने पर कॉलटैक्स, हाइडिल, पंचक्की, लालडांठ, महारानी होटल तिराहा, सरस्वती रेस्टोरेंट व अर्बन बैंक तिराहे से वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।
- शोभायात्रा राजपुरा-तिकोनिया के बीच रहने पर रेलवे क्रॉसिंग से राजपुरा और तिकोनिया से राजपुरा की ओर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा।
- कैनाल रोड-कुल्यालपुरा चौराहा के बीच यात्रा रहने पर तिकोनिया से कुल्यालपुरा की ओर जाने वाले वाहनों को नैनीताल रोड की ओर भेजा जाएगा।
- डिग्री कॉलेज तिराहा से कुल्यालपुरा जाने वाले वाहन सीधे नैनीताल रोड भेजे जाएंगे।

### बसों का संचालन

- रामपुर रोड, बरेली रोड, कालाढूंगी रोड से आने वाली बसें सीधे रोडवेज पहुंचेंगी। जरूरत पड़ने पर उन्हें तीनपानी से गौलापार बाईपास, नारीमन तिराहा, काठगोदाम होते हुए तिकोनिया भेजा जाएगा।
- पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली रोडवेज और केमू बसें नारीमन तिराहा से तिकोनिया होते हुए रोडवेज जाएंगी।
- रोडवेज से बरेली रोड और रामपुर रोड को जाने वाली बसें पूर्वी गेट से वर्कशॉप लाइन होकर नैनीताल रोड से गौलापार भेजी जाएंगी।
- रोडवेज से कालाढूंगी रोड की ओर जाने वाली बसें हाइडिल, पंचक्की, ऊंचापुल चौराहा होकर निकलेंगी।
- पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाली बसें पूर्वी गेट से नैनीताल रोड भेजी जाएंगी।

### कच्ची शराब के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**रामनगर, अमृत विचार:** सुंदरखाल गांव के लोगों ने कच्ची शराब के विरोध में प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों ने गर्जिया पुलिस चौकी पहुंच कर कच्ची शराब को बंद कराने की मांग की है। सोमवार को सुंदरखाल के दर्जनों गांव के लोग गर्जिया पुलिस चौकी पहुंचे। आरोप लगाया कि गांव में कच्ची शराब की बिक्री हो रही है। शाम होते ही बाहरी लोग गांव में पहुंच कर खुलेआम शराब परोस रहे हैं। महिलाएं पहले भी शराब की बिक्री का विरोध कर चुकी है। चौकी इंचार्ज गगनदीप सिंह को पत्र सौंप कर कच्ची शराब को बंद कराने और बेच रहे लोगों पर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर रेवती राम, पूरन चंद्र, इंद्ररूप, सोनी, इंदर राम, दयाल राम, भीम राम, योगेंद्र कुमार, उत्तम राम, प्रेम राम मौजूद रहे।

**मंथन**

**हिमालय के बदलते स्वरूप पर कुमाऊं विवि में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, इटली, अमेरिका, नेपाल और भारत के वैज्ञानिकों ने लिया भाग**

# हिमालय क्षेत्र में भूकंप और बादल फटने की घटना में तेजी से वृद्धि

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मध्य हिमालय क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही भूकंप और बादल फटने की घटनाओं को लेकर कुमाऊं विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग एवं जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, बेंगलुरु के संयुक्त तत्वावधान में हिमालय की भू-गतिकीय उत्क्रांतिः क्रस्टल संरचना, जलवायु, संसाधन एवं आपदा विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारम्भ हुआ। सम्मेलन में इटली, अमेरिका, नेपाल और भारत से आए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं विद्वानों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य हिमालय की जटिल भू-गतिकीय संरचना, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर गहन वैज्ञानिक विमर्श को प्रोत्साहित करना है।

भूविज्ञान विभाग के प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि यह सम्मेलन हिमालयी भूगर्भीय विकास और पर्यावरणीय परिवर्तनों को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. हर्ष के. गुप्ता, भूवैज्ञानिक एवं भूकंप विशेषज्ञ ने हिमालयी क्षेत्र में भूकंपों की प्रवृत्तियों एवं संभावित खतरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें भूकंपों के साथ जीना सीखना होगा। डॉ. वीके. गहलौत ने कहा कि हिमालय का पारिस्थितिक तंत्र जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और इस दिशा में निरंतर अनुसंधान आवश्यक है। इटली से आए प्रो. रोडोल्फो कारोसी ने कहा कि हिमालय का अध्ययन वैश्विक स्तर पर पृथ्वी की संरचनात्मक प्रक्रियाओं को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भारत और इटली के वैज्ञानिकों के बीच शोध सहयोग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस दौरान कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह सम्मेलन वैज्ञानिक सहयोग, नवाचार और संवाद का सशक्त मंच बनेगा, जो हिमालयी पर्यावरण एवं आपदा न्यूनीकरण के क्षेत्र में ठोस दिशा प्रदान करेगा।

कार्यक्रम सह-संयोजक प्रो. राजीव उपाध्याय ने विभाग की शोध उपलब्धियों का उल्लेख किया, जबकि डॉ. रीतेश साह ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस दौरान अधिष्ठाता प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एनवी. चेलापति राव, प्रो. एके जैन, प्रो. जीएम. भट्ट, डॉ. रॉबिन्सन, प्रो. कविराज पौड्याल, प्रो. डीसी. श्रीवास्तव, प्रो. मनीष, प्रो. अनीता पांडे, डॉ. रीना, डॉ. अशोक, अभिषेक मेहरा, संतोष जोशी, कपिल सहित अनेक वरिष्ठ प्राध्यापक एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे। समारोह का संचालन यूजीसी-एमएमटीटीसी की निदेशक प्रो. दिव्या यू. जोशी ने प्रभावशाली एवं गरिमापूर्ण शैली में किया।



कुमाऊं विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति समेत मुख्य अतिथि ● अमृत विचार

# पुलिस के सामने माफी मांगी, फिर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक शादी समारोह उस वक्त रणक्षेत्र में बदल गया जब दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के पहुंचने पर पहली बार तो माफीनामा हो गया, लेकिन उसी रात आरोपियों ने एक बार हमला कर दिया।

आरोप है कि चन्दू बृजवासी, कमल पलड़िया और गौरव पलड़िया ने शादी में शामिल होने आए ग्राम बानना निवासी पिता-पुत्र लक्ष्मी दत्त और संजय पलड़िया पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के दखल पर आरोपियों ने माफी मांग ली। दोनों पक्षों के शांत हो जाने पर पुलिस वापस लौट गई। आरोप है कि उसी रात करीब 2:30 बजे हमलावरों ने दोबारा हमला बोल दिया। इस बार उनके साथ 4-5 अज्ञात लोग भी शामिल थे। हमलावरों ने पिता-पुत्र पर हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया और उनसे रुपए भी छीन लिए। घायलों ने दोबारा डायल 112 पर फोन किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने घायल पिता-पुत्र को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल पहुंचाया। यह हमला जान से मारने की नीयत से किया गया था। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### बल्दियाखान में 10 से ज्यादा बंदर पकड़े

**नैनीताल :** बल्दियाखान क्षेत्र में वन विभाग ने लोगों की शिकायत पर बंदर पकड़े हैं। बंदरों को पकड़कर रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। बता दें कि बल्दियाखान क्षेत्र में बीते लंबे समय से बंदरों ने लोगों को परेशान किया है। बंदर घरों व दुकान से सामान निकालने के साथ लोगों पर झपट रहे हैं। जिससे परेशान होकर लोगों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की। लोगों की मांग के बाद वन विभाग ने बल्दियाखान क्षेत्र में तीन पिंजरे लगाए गए। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल ने बताया कि तीन पिंजरों में 10 बंदर पकड़े गए हैं।

### पेड़ गिरने से कालाढूंगी हल्द्वानी सड़क बाधित

**कालाढूंगी :** सोमवार को देर शाम को हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश से कालाढूंगी-हल्द्वानी मोटर मार्ग में हनुमान मंदिर के पास पेड़ गिरने से आधा घंटा यातायात बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कतर से कटकर पेड़ को हटाया। उप निरीक्षक पंकज जोशी ने बताया कि पेड़ काटकर यातायात सुचारू कर दिया गया है। पुलिस टीम में किशन नाथ व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### पटवाडांगर इंटर कॉलेज में चोरी की दूसरी कोशिश

**नैनीताल :** नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर इंटर कॉलेज में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाने की कोशिश की है। बीते पांच महीनों में यह कॉलेज में चोरी की यह दूसरी घटना है। स्कूल में दूसरी बार चोरी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैली है। बीते जून में भी इंटर कालेज के कार्यालय से लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा ने बताया कि इंटर कॉलेज के कार्यालय के दरवाजे के ऊपर जाली तोड़कर चोरी की कोशिश की गई है।

### पर्यटक को नशे में कार चलाना पड़ा भारी

**नैनीताल :** शाहजहांपुर से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटक को शराब पीकर गलत दिशा में कार चलाना महंगा पड़ गया। यातायात पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए कार सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार यूपी शाहजहांपुर निवासी युवा पर्यटक शराब पीकर कार से मल्लीताल को निकल गया। इस दौरान मल्लीताल पुराना घोड़ा स्टैंड के समीप उसने अपनी कार गलत दिशा से वन वे में डाल दी। टीएसआई कमल किशोर ने बताया कि यूपी शाहजहांपुर निवासी अनिकेत तिवारी के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए वाहन सीज कर दिया है।

# ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने जीते 22 पदक

## फ्यूचर अकादमी के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, स्वर्ण विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** 21 जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में फ्यूचर ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 पदक जीते हैं। सात स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

स्वर्ण पदक जीतने वालों में आरव सिंह सिजवाली, कीर्तिका भैसौड़ा, हिमांशी भैसौड़ा, काव्या सनवाल, याचना सनवाल, नायरा सोहेल अंसारी, पूर्वी अटवाल हैं। वहीं रजत पदक में नैतिक रमोला, सुमेद जोशी, मानवी पाण्डेय, माही आर्या, निष्ठा रौतेला, कांस्य पदक जीतने वालों में वैदिक पोखरियाल, अक्षत जैन, प्रतीक जडौत, लक्ष्य पाण्डेय, राघव भट्ट, जीत सोनाल, लक्ष्य पाण्डेय (प्रिंशी), रियांश कम्बोज, खुशी जडौत व कात्यानी भट्ट शामिल हैं। नैनीताल ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्र विजय बिष्ट, उपाध्यक्ष हरीश नयाल, सचिव सुनील सिंह, आयोजक सचिव सुभम डसीला, निर्णायक कमेटी मेम्बर ज्योति दुर्गापाल, कोच भरत सिंह सिजवाली ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।



ताइक्वांडो प्रतियोगिता में फ्यूचर ताइक्वांडो अकादमी के पदक विजेता खिलाड़ी।



कालाढूंगी में कबड्डी प्रतियोगिता के ट्रायल में अपना दमखम दिखाती बालिकाएं।

# कबड्डी के लिए नैनीताल की टीम का चयन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ नैनीताल टीम का चयन हो गया है। रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित ट्रायल कबड्डी में खिलाड़ियों ने पसीना बहा कर चयनकर्ताओं को अपना दमखम दिखाया। जिसमें बालक व बालिका वर्ग में खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिला कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव मनमोहन सिंह बसेड़ा ने बताया कि 11 व 12 अक्टूबर को काशीपुर ऊधमसिंह नगर में होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता को नैनीताल टीम का चयन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में बलवंत मेहरा, ऋतिक भट्ट, नीरज सिंह गढ़िया, अंकित दानू, नक्श दानू, करण सिंह बिष्ट, गौरव जोशी, पवन सिंह राणा, नितिन सिंह, हर्षवर्धन सिंह राठौड़, सूरज सिंह राणा, मोहित, ध्रुव भट्ट का चयन हुआ है वहीं बालिका वर्ग में प्रगति जोशी, आकांक्षा थुवाल, चेतना थुवाल, रंजना, रिया, शशि बिष्ट, प्रगति राठौर, दिया, भावना साही, प्रियंका बिष्ट, खुशी, कल्पना, रिया व निहारिका का चयन हुआ है। इस दौरान उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के उपसचिव परमवीर सिंह को खो-खो कोच राजेंद्र सिंह नेगी, राजेश बिष्ट, रजत कुमटिया, सूरज सैनी आदि मौजूद रहे।

### निहारिका का जिले की कबड्डी टीम में हुआ चयन



**कालाढूंगी :** सब जूनियर राज्य स्तरीय कबड्डी में भगवती शाह खो-खो क्लब की खिलाड़ी निहारिका आर्य चकलुवा का चयन हुआ है। 11 व 12 अक्टूबर को स्टेट कबड्डी काशीपुर के कुंडेश्वरी में आयोजित प्रतियोगिता में निहारिका नैनीताल जिले की टीम के लिए प्रतिभाग करेगी। निहारिका के चयन पर भगवती शाह खो-खो क्लब के अध्यक्ष तारा चन्द, जिला कबड्डी संघ के महासचिव मनमोहन बसेड़ा, देवीपुरा स्कूल की खेल प्रशिक्षिका कृष्णा बिष्ट, कोच राजेश बिष्ट, रजत कुमटिया, लता बिष्ट व आनन्द राम ने शुभकामनाएं दी।

# पार्क के सौंदर्यीकरण व झील की दीवार के लिए धन स्वीकृत

संवाददाता, भीमताल

> दीनदयाल पार्क और दीवार के लिए जिला योजना के तहत धन की स्वीकृति मिली है। निविदा आदि की कार्यवाही के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।
> –**मनमोहन सिंह बिष्ट**, एई, सिचाई विभाग

**अमृत विचारः** भीमताल के दीनदयाल पार्क के सौंदर्यीकरण और थाने के समीप झील किनारे गिरी दीवारों के पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जिला योजना मद के तहत दोनों प्रस्तावों पर शासन से धन स्वीकृति मिल गई है। गौरतलब है कि दीनदयाल पार्क वर्षों से बदहाल स्थिति में था।

इस संबंध में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी के प्रयासों से सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार कर जिला योजना मद में भेजा था, जिसमें से पहली किस्त के रूप में 2.5 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इसके अलावा, झील किनारे थाने के पास गिरी और जर्जर दीवारों के निर्माण के लिए 12 लाख रुपये का प्रस्ताव पास हुआ, जिसमें 6 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही दोनों कार्यों को शुरू कर दिया जाएगा। इस पहल से न केवल पार्क की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि झील किनारे की दीवारों का निर्माण भी क्षेत्र की सुरक्षा और सौंदर्य को नया आयाम देगा।



भीमताल का दीनदयाल पार्क। ● अमृत विचार



राउमावि बड़ौन में शराब रूपी रावण के पुतले का दहन करते बच्चे। ● अमृत विचार

### शराब रूपी रावण के पुतले का किया दहन

**भीमताल, अमृत विचार :** ओखलकांडा ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन के छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत शराब रूपी रावण के पुतले का दहन कर पहाड़ वासियों को नशे से बचने का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने योग है युक्ति नशे से मुक्ति का नारा लगा लोगों को जागरूक किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने विद्यार्थियों से हर तरह के नशे से बचने को कहा, उन्होंने कहा कि नशा एक व्यक्ति करता है उसका नुकसान परिवार के साथ साथ समाज को भी उठान पड़ता है। इस अवसर पर उमा जोशी, मिथिलेश, प्रियंका सिंह, रघुवर सिंह चुलगांई पुष्कर सिंह मेहता, मोहित, महिपाल, दीपक, सुनील, योगेश व सौरभ आदि थे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छाए रामनगर के खिलाड़ी

**रामनगरः** जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रामनगर ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में रुद्राक्ष, विराट, डिम्पल, कला, विपिन, अजय, हेमा (पूम्से), आराध्या (पूम्से), नंदनी (क्योरगी), नंदनी (पूम्से) ने स्वर्ण पदक जीते वहीं उज्जवल, प्राक्षी, ह्रतिक, कार्तिक, श्रेयश, जानवी, सलोनी, लक्षिका नेगी, जागृति कठायत, देवांशी मेहरा रजत पदक पर कब्जा किया। हिमांशु, आरव कठायत ने कांस्य पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेताओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। सचिव नितेश शर्मा, कोच समीर कुमार, टीम कोच मोहित कुमार (पुरुष) आदि रहे।



ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी पदकों के साथ। ● अमृत विचार

# 'गढ़ भोज दिवस' का आयोजन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय, भीमताल परिसर में गढ़ भोज दिवस बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तराखंड की पारंपरिक पाक-परंपरा को प्रोत्साहित करना, संरक्षित रखना और विद्यार्थियों में अपने स्थानीय भोजन एवं संस्कृति के प्रति सम्मान और गर्व की भावना जागृत करना था।

कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सहायक प्राध्यापक बबीता बिष्ट ने उत्तराखंड के पारंपरिक खाद्य पदार्थों का सांस्कृतिक एवं पोषण मूल्य विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि पहाड़ी खानपान केवल स्वाद तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें औषधीय गुण भी निहित हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय खाद्य सामग्री शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ प्राकृतिक उपचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विवि के निदेशक सेनि. कर्नल अनिल नय्यर ने बताया कि पारंपरिक भोजन हमारी संस्कृति, पहचान और स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे फास्ट फूड के बजाय घर के बने पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दें और अपने स्थानीय व्यंजनों को साझा कर उनके संरक्षण में योगदान दें। मुख्य आकर्षण कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों के पारंपरिक भोजन के स्टॉल रहे, जिनमें स्वयं तैयार किए गए विभिन्न पहाड़ी व्यंजनों की प्रदर्शनी की गई। इस दौरान पहाड़ी थाली में भट के डुबके, मास की दाल के बड़े, खीर और पहाड़ी रायता जैसे पारंपरिक व्यंजन परोसे गए।



गढ़ भोज दिवस के मौके पर लगाए गए स्टाल का निरीक्षण करते परिसर निदेशक।




# बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रतियोगिता व विशेषज्ञ वार्ता हुई आयोजित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** वन्य प्राणी सप्ताह के तहत नैनीताल प्राणी उद्यान में बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रतियोगिता एवं एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन प्राणी उद्यान के निदेशक एवं प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार ने किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने मानव-वन्यजीव, सह-अस्तित्व विषय पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रजनी रावत ने किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक्सपर्ट टॉक सत्र में जिग्नाशु डोलिया एवं ज्योति नगरकोटी ने किंग कोबरा संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, जबकि चन्दन सिंह नयाल ने जल संरक्षण एवं वनों में जल प्रबंधन के तकनीकी उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर 150 विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान का निशुल्क भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान स्वाति, उप निदेशक, प्राणी उद्यान, आनंद लाल वन क्षेत्राधिकारी, नितिन पंत, योगेश तिवारी, प्रदीप टम्टा, जगदीश कोरंगा, नितिन मुकेश, अरविंद कुमार, विक्रम मेहरा, भरत मासीवाल, आनंद आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मॉडल प्रदर्शित करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### गैबुआ की सड़कों के निर्माण की मांग

**कालाढूंगीः** बैलपड़ाव के गैबुआ क्षेत्र के आंतरिक मार्गों की बरसात में दुर्गति हो गयी है। सोमवार को भाजपा नेता विपिन कांडपाल व मयंक अधिकारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डंब्बू से मुलाकात कर उन्हें सड़कों की दशा सुधारने को लेकर ज्ञापन दिया।

विपिन कांडपाल ने बताया कि गैबुआ क्षेत्र में सड़कों का बुरा हाल है। सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है। हरीश काण्डपाल के घर के पास 40 मीटर व मोहन चन्द्र फुलारा के घर के पास 70 मीटर सीसी रोड़, पंकज बेलवाल, नवीन बेलवाल, योगेश आर्या, लीलाधर आर्या, शान्ती आर्या आदि के घर तक 110 मीटर सीसी मार्ग समेत अन्य ग्रामीणों के घरों के पास सीसी रोड बनाने की मांग की है। उन्होंने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की मांग की है। राज्यमंत्री अनिल कपूर डब्बू ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।



कालाढूंगी में खेत में पानी भरने के बाद डूबी धान की कटी फसल। ● अमृत विचार

### तेज हवा के साथ हुई बारिश से धान की फसल बर्बाद

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** सोमवार शाम को तेज हवा के साथ हुई बारीश से खेतों में कटी किसानों की धान की फसल बर्बाद हो गई है। बारिश से किसानों की धान, उड़द, सोयाबीन, भट्ट व सब्जियों की फसलें भी प्रभावित हुई है। कालाढूंगी, बैलपड़ाव, कोटाबाग व चकलुवा क्षेत्र खेती के लिए जाना जाता है। मगर इस बार हो रही बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। इस समय क्षेत्र में उडद, धान की फसलों की कटाई भी चल रही है। किसानों की कटी फसल खेतों में पानी भरने से तैरने लगी है। किसानों को धान की खडी फसल जमीन में बिछ गई तो गन्ने, सोयाबीन, भट्ट, टमाटर, गोभी व अन्य सब्जियों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। किसान धमेन्द्र जलाल, विरेन्द्र कुमार, भीम कुमटिया, जीवन जलाल, इन्द्र अटवाल, महेन्द्र बिष्ट, आनंद सिंह, प्रताप सिंह, टीका राम, रामू अटवाल, पंकज नेगी, हरीश चंद्र व अजय मेहता ने बताया कि इस बार बारिश से फसल बर्बाद हो गयी है।

**आयोजन** | स्वर्गीय चमन लाल बजाज की स्मृति में लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा नगर पालिका इंटर कॉलेज एसडीएल में कार्यक्रम

# लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने 50 छात्राओं को बांटी ड्रेस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** स्वर्गीय चमन लाल बजाज की स्मृति में लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा कुंदन लाल शाह ट्रस्ट नगर पालिका इंटर कॉलेज एसडीएल में 50 छात्रों को ड्रेस वितरण की गई। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या, नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल एवं अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने छात्राओं को ड्रेस वितरित की।

इस मौके पर विधायक सरिता आर्य ने कहा कि समाज सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कार्यक्रम के प्रायोजक आशीष बजाज की प्रसन्नता करते हुए कहा कि आशीष बजाज ने अपने पिता की स्मृति में जो समाज सेवा का बीड़ा उठाया है। उससे कहीं न कहीं नगर के लोगों को फायदा मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल ने कहा कि लेक सिटी क्लब क्लब उत्तराखंड का सबसे बड़ा क्लब बनने जा रहा है। जिस प्रकार से यह क्लब साल भर नगर में कार्यक्रम करते रहता है उससे बच्चों को अभी प्रतिभा दिखाने का मंच में मौका मिलता है।

एडीएम विवेक राय ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम आपस में सद्भाव बढ़ाते हैं। हमारी संस्कृति हमारी परंपरा एवं हमारे उत्साह को उत्सव में बदलते हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक आशीष बजाज ने कहा उनके द्वारा अपने पिता स्वर्गीय चमन लाल बजाज की स्मृति में हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व स्कूल की छात्राओं द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व समाज में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए विमला अधिकारी, रीना मेहरा, कलावती ओसवाल, तारा राणा, चंद्रा पंत को सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष आभा शाह, कार्यक्रम संयोजक संयोजक प्रेमा अधिकारी, कविता त्रिपाठी, हेमा भट्ट, रानी शाह, अमिता शाह, रमा भट्ट, दीपिका बिनवाल, डॉक्टर पल्लवी, विनीता पांडे, गीता शाह, मधुमिता, ज्योति दोदियाल, नीरू शाह, प्रगति जैन, रेखा पंत, रमा तिवारी, सरस्वती शिराला आदि उपस्थित रहीं। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।



लेक सिटी वेलफेयर क्लब के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

### कल लगेगा दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर

**रामनगरः** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण एवं उनके लिए प्रमाण पत्र तथा दिव्यंका के अनुरूप उपकरण दिए जाने के लिए आगामी 8 अक्टूबर को बीआरसी पीरुमदारा में एक विशाल शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

ब्लॉक परियोजना अधिकारी हवलदार प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र सर्जन, मनोचिकित्सक, सहित अन्य रोगों के विषय विशेषज्ञ बेस चिकित्सालय हल्द्वानी, संयुक्त चिकित्सालय रामनगर सहित अन्य संस्थाओं से प्रतिभाग करेंगे। बच्चों के लिए आने-जाने का किराया एवं भोजन जलपान की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने अपील की की अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांग बच्चों को इस शिविर में प्रतिभाग करवाएं।

## सिटी ब्रीफ

### वन्य जीवों के सरंक्षण के लिए किया जागरूक

**कालाढूंगी।** कॉर्बेट ग्राम विकास समिति द्वारा वन्य जीवों सरंक्षण के लिए स्कूलों व गांव में पहुंच कर अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत वन्य प्राणी सरंक्षण सप्ताह के छठे दिन सोमवार को कॉर्बेट ग्राम विकास समिति राजकीय विद्यालय चकलुवा, राप्रावि छोटी हल्द्वानी व सरस्वती शिशु मंदिर व गांव में पहुंच कर ग्रामीणों को वन्य जीवों के सरंक्षण के लिए प्रेरित किया। समिति के कार्यालय में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। छात्रों ने मिट्टी, कागज व रंगों से वन्य जीवों के आकर्षक मॉडल बनाकर पर्यावरण, वन्य जीवों पर भाषण देकर संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों को समिति ने जिम कॉर्बेट म्यूजियम भ्रमण कराया और उनकी जीवनी के बारे विस्तार से बताया। कार्यक्रम छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजकुमार पांडे, गुंजन तिवारी, मोहन पांडे, इंदर सिंह बिष्ट, गणेश सिंह मेहरा, वनकर्मचारी, नेचर गाइड दीपक शर्मा, राकेश बेलवाल मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार

**कोटाबाग :** ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुरेन्द्र बोहरा की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की बैठक में सर्वसम्मति से प्रधान संगठन कार्यकारणी के पदाधिकारियों का चयन हुआ। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष सुरेन्द्र बोहरा ने महामंत्री प्रभा पांडे व महेश कांडपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कार्की, उपाध्यक्ष लोकेश, हीरा सिंह, कुलवीर सिंह, विपिन चंद्र भट्ट, ममता रौतेला, प्रेमा बजवाल, सचिव विक्रम कुमार, उपसचिव विनोद जोशी, लक्ष्मी आर्या, हरीश चंद्र बधानी, राजरानी, पुष्पा मनराल, अनिता रानी, रश्मि चौहान, संगठन सचिव ममता वर्मा, पंकज जलाल, संरक्षक प्रेमा देवी, महिपाल सिंह, प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष गंगा बिष्ट, उप कोषाध्यक्ष आशा मेहरा, ममता चौहान, दीपा आर्या व मीडिया सलाहाकार के पद पर चन्द्र प्रकाश सनवाल को चुना गया।

### बंदर का कुंवर पर हमला सीएम पोर्टल में की शिकायत

**हल्द्वानी :** नगर निगम क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ते जा रहा है। बंदर घरों में धमक जा रहे हैं। घर की चीजों को नुकसान पहुंचाने के साथ साथ अब यह लोगों पर भी हमला करने लगे हैं। सोमवार को राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर पर अचानक बंदर ने हमला कर दिया, वह जब सीढ़ी से अपने घर की तरफ जा रहे थे ऊपर से बंदर ने सीधे हमला कर दिया। उन्होंने इसे लेकर सीएम पोर्टल में शिकायत की है। कुछ दिन पहले बंदर यही पर एक बच्ची को काट लिया था।

### युवा सामाजिक व सांस्कृतिक समिति दमुवाढूंगा बंदोबस्ती शीशमहल काठगोदाम की रामलीला में उमड़ रही दर्शकों की भीड़

# रामलीला में लंका दहन के मंचन ने दर्शकों को किया भावविभोर

- **रामलीला में रावण व हनुमान के पात्रों ने किया दमदार अभिनय**
- **सांसद अजय भट्ट व पूर्व मेयर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला रहे मौजूद**

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** युवा सामाजिक व सांस्कृतिक समिति दमुवांढूगा बंदोबस्ती शीशमहल काठगोदाम की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव में रविवार को आयोजित लीला ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रविवार की रामलीला में अशोक वाटिका दर्शन और लंका दहन की घटनाओं का जीवंत मंचन किया गया, जिसमें कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया।



शीशमहल में आयोजित रामलीला में रावण और हनुमान के बीच संवाद का दृश्य।

रविवार को मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट व पूर्व महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला रहे। मंच पर पहुंचने पर समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। रामलीला के मंचन में हनुमान जी की भूमिका निभा रहे गोपाल दत्त तिवारी ने अपने दमदार अभिनय और भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जब लंका दहन का दृश्य प्रस्तुत किया गया, तो उपस्थित सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे। समिति ने बताया कि आगामी दिनों में भी विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

अतिथियों का स्वागत करने वालों में समिति के अध्यक्ष मनोज तिवारी, मुख्य व्यवस्थापक गिरीश चंद्र तिवारी, संरक्षक हरिश्चंद्र पांडे, महामंत्री एनडी तिवारी, उपाध्यक्ष दिनेश फुलारा, सचिव विक्रम डंगवाल, महिला उपाध्यक्ष पुष्पा संभल, मोहन सिंह अधिकारी, उमेश जोशी, नित्यानंद बृजवासी, नारायण दत्त सनवाल, कैलाश बल्यूटिया, विनोद भट्ट, दीपचंद तिवारी, देवेश तिवारी और गणेश वर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### हवन-यज्ञ के साथ संपन्न हुई 15 दिनी रामलीला

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्राचीन रामलीला संचालन समिति की ओर से पिछले 15 दिनों से चल रही रामलीला का सोमवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर समापन हो गया। इस अवसर पर राम भवन में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके बाद भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के मीडिया प्रभारी भवानी शंकर नीरज ने बताया कि रामलीला का समापन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के दिन हवन-यज्ञ के साथ किया गया। सोमवार सुबह राम भवन में पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री ने मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में भगवान के स्वरूप में लीला का मंचन करने वाले कलाकारों कुणाल पांडे, मेहुल, स्पर्श, रुद्र व अमित जोशी ने विशेष रूप से आहुतियां दीं। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में पंडित रीतेश जोशी, विवेक शर्मा, राजेन्द्र बिष्ट, हितेंद्र शर्मा, एवं सुशील का विशेष सहयोग रहा। संचालन समिति की ओर से विनीत अग्रवाल, प्रदीप जनोंटी, अतुल अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, मंजू वार्ष्णेय, बसंत अग्रवाल, पंकज कपूर, हरि मोहन अग्रवाल, योगेश शर्मा, तरंग अग्रवाल व रुपिंदर नागर आदि उपस्थित रहे।

### शिव-पार्वती विवाह कथा का किया वर्णन

**हल्द्वानी :** क्रियाशाला सेवा समिति की ओर से आयोजित शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर व्यास पूज्य भुवन चंद्र त्रिपाठी ने भगवान शिव की पूजा विधि का वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि किस प्रकार तारकासुर राक्षस का जन्म हुआ, जिसने पृथ्वी पर अत्याचार किया। जिस पर ब्रह्मा ने यह उपाय बताया कि उसका वध केवल भगवान शिव के पुत्र के माध्यम से ही संभव है। इस प्रसंग के माध्यम से शिव-पार्वती विवाह, कार्तिकेय का जन्म और अंततः तारकासुर के वध की कथा को विस्तार से सुनाया। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु पांडाल में उपस्थित रहे। इस दौरान अध्यक्ष एनबी गुणवंत, सचिव बिशन सिंह नैनवाल और मुख्य यजमान के रूप में गोपाल दत्त जोशी समेत समिति के समस्त पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रवचन सुनाते व्यास।

# कर्ज में डूबा नगर निगम : 10 करोड़ की देनदारी, विकास कार्यों की रफ्तार थमी

### तीन साल पुराने छोटे-मोटे बिलों के भुगतान भी लंबित, नए कार्य करने से कतरा रहे ठेकेदार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नगर निगम इन दिनों गहराते आर्थिक संकट से जूझ रहा है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि दो से तीन साल पुराने विकास कार्यों के भुगतान तक के लिए निगम के पास बजट नहीं बचा है। दो-तीन लाख या उससे कम लागत वाले छोटे-मोटे कार्यों का भुगतान तक लटका हुआ है।

वर्तमान में नगर निगम पर लगभग 10 करोड़ रुपये की देनदारी है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 का 6 करोड़ रुपये से अधिक, जबकि 2021-22 और 2022-23 के करीब 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भुगतान अब तक लंबित है। निगम के पास इस समय मात्र 1 करोड़ रुपये का बजट शेष है, जो इस गंभीर वित्तीय संकट की ओर इशारा करता है।

बजट की कमी से न केवल पुराने कार्यों के भुगतान अटके हैं, बल्कि नए विकास कार्यों को भी पंख नहीं लग पा रहे हैं। निगम क्षेत्र की बदहाल सड़कों के गड्ढे भरने, पुलिया निर्माण, जाल लगाने जैसे छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी नगर निगम लाचार नजर आ रहा है। सालों से नगर निगम में काम कर रहे ठेकेदारों में इसे लेकर भारी असंतोष है। उनका कहना है कि दो से तीन साल पुराने बिलों का भुगतान अब तक नहीं हुआ है, जिससे वे नए कार्यों को करने से कतराने लगे हैं। आए दिन ठेकेदार निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं और भुगतान की मांग कर रहे हैं। पूर्व में ठेकेदारों ने नगर आयुक्त ऋचा सिंह से मुलाकात कर भुगतान की मांग उठाई थी, जिस पर उन्हें आश्वासन दिया गया। वित्तीय संकट से जूझता नगर निगम फिलहाल व्यवस्था को किसी तरह संभालने की कोशिश कर रहा है, लेकिन जब तक पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं होता, विकास कार्यों की रफ्तार थमी रहेगी और जनहित प्रभावित होता रहेगा। मेयर गजराज बिष्ट ने बताया कि धीरे-धीरे सभी पुराने भुगतान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन से बजट मिलने पर सभी लंबित पुराने बिलों का भुगतान किया जाएगा और विकास कार्यों को भी रफ्तार मिलेगी।




#### फाइलों में गड़बड़ियों के चलते अटका भुगतान

नगर निगम के पिछले कार्यकाल में कई कार्य बिना स्वीकृति के कराए गए, जिसमें कई कार्यों की फाइलों में दस्तावेज पूरे नहीं होने से उनमें गड़बड़ियां हैं। इस वजह से भी कई बिलों के भुगतान में दिक्कतें आ रही हैं। केवल मौखिक आदेश पर ठेकेदारों ने कई कार्य किए, जिनके भुगतान के लिए अब वे चक्कर काट रहे हैं।

#### 2.5 लाख के भुगतान के लिए काटे कई चक्कर

नगर निगम में पंजीकृत एक ठेकेदार जिसे करीब तीन साल पूर्व किए गए कार्य के 2.5 लाख के बिल का भुगतान होना था। ठेकेदार ने बिल के भुगतान के लिए नगर निगम कार्यालय के कई चक्कर काटे, लेकिन इसके बावजूद बजट के अभाव में उसका भुगतान नहीं हो पाया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहा था और इलाज के लिए पुराने बिल का भुगतान करने का अनुरोध कर रहा था। चार दिन पूर्व उसका निधन हो गया।

### ले मशालें चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के

**हल्द्वानीः** भूमि के मालिकाना हक समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा बागजालावासियों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 50वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन को समर्थन देने के लिए जनकवि बल्ली सिंह चीमा और भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी भी पहुंचे।

धरना स्थल पर मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए जनकवि चीमा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों, मजदूरों और आम लोगों ने लंबे संघर्षों से जो भी सरकारी सुविधाएं हासिल की थी, केंद्र सरकार उन्हें एक-एक करके छीन रही है। जमीनों से लेकर रेलवे-स्टेशन तक, सब कुछ यह सरकार प्रिय पूंजीपतियों को लुटा रही है। इसके बाद उन्होंने ले मशालें चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के और तय करो किस ओर हो तुम, आदमी के पक्ष में हो या आदमखोर हो जैसे अपने प्रसिद्ध जनगीत गाकर धरना स्थल पर मौजूद लोगों को उत्साहित कर दिया। मुख्य वक्ता के तौर पर भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी वेदप्रकाश,आनंद सिंह नेगी, विमला देवी, गणेश राम, नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, संजय कुमार टम्टा, कैलाश पांडेय, हेमा देवी, चंदन सिंह, मीना भट्ट, अनीता अन्ना, गोपाल सिंह आदि रहे।

# जेजेएम के कार्य में गुणवत्ता समय का ध्यान रखें : कैड़ा



कार्यक्रम में मौजूद विधायक राम सिंह कैड़ा व स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- **ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा का किया स्वागत**

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को धारी ब्लॉक के पदमपुरी, मटियाल, अक्सोडा, धारी, कनरखा आदि गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बिजली, पानी , सड़क की समस्याएं विधायक के समाने रखीं।

विधायक कैड़ा ने जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे पेयजल लाइनों के निर्माण में गुणवत्ता के साथ ही समय का ध्यान रखने को कहा ताकि जनता को उसका लाभ मिल सके। लोनिवि व पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को फोन पर हुई वार्ता में क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों की मरम्मत को कहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खडे. व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं जनता के बीच पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने की पुष्टि कर रहे हैं तो जनप्रतिनिधियों को भी जनता के बीच रहने के निर्देश दिए हैं। इस दौरानकृष्ण चंद्र, कमल जोशी, प्रकाश चंद्र नानू, दीपा बिष्ट, सरोज आर्या आदि रहे।

# निकिता करवाचौथ क्वीन और पूजा पंत बनीं डांडिया क्वीन



सारथी सहयोग समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद करवा चौथ क्वीन व डांडिया क्वीन।

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** सारथी सहयोग समिति की ओर से लालडांठ स्थित एक बैंक्वट हॉल में डांडिया और करवा चौथ क्वीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें करवा चौथ क्वीन का ताज निकिता के सिर पर सजा। जबकि डांडिया क्वीन पूजा पंत रहीं।

कार्यक्रम में निर्मल जोशी और कविता बेलवाल ने मधुर गीतों के माध्यम से सभी उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान सभी महिलाएं गीतों पर जमकर झूमीं। मिति अध्यक्ष नीतू रौतेला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनुज रौतेला, मनोहर नेगी, नागेश दुबे, मोनिका शर्मा, डॉ. अंजलि सनवाल, भूमिका भंडारी, शांति जीना, तनुजा जोशी, सुमन साह, रेखा रावत, भावना आर्या, अल्का सिंह, मीनाक्षी, शिखा सिंह आदि मौजूद रहीं।

### नलकूप खराब होने से पानी का संकट

**हल्द्वानी :** कमलुवागांजा क्षेत्र की बोरा कॉलोनी में नलकूप खराब होने से सोमवार को पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद रही। इससे पहले दो माह पहले भी यह नलकूप खराब हुआ था। उस समय भी लोगों को चार से पांच दिनों तक पानी का संकट झेलना पड़ा था। अब फिर से नलकूप खराब हो गया है।

स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि नलकूप बार-बार खराब हो रहा है और विभाग के पास समस्या का समाधान नहीं है। विभागीय टैंकर से भी पानी नहीं पहुंचने पर निजी टैंकर मंगाना लोगों की मजबूरी बन गया। जलसंस्थान के अधिकारियों का कहना है कि नलकूप की मोटर खराब हो गई है। इस वजह से पानी की सप्लाई रुकी है। इसे ठीक किया जा रहा है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। हिम्मतपुरतल्ला में पिछले तीन दिनों से नलकूप खराब है।

# ग्रामीणों ने की पुल बनाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** फतेहपुर, नवाड़ सैलानी के ग्रामीणों ने भाखड़ा नदी पर पुल बनाने की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को ग्राम प्रधान ऋतु जोशी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण विधायक बंशीधर भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पर पहुंचें। उन्होंने विधायक को ज्ञापन सौंप कर कहा कि बारिश में भाखड़ा नदी का उफान नवाड़ सैलानी के ग्रामीणों का हल्द्वानी से संपर्क तोड़ देता है। नाले को पार करने में आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। पिछले वर्षों में पानी के तेज बहाव में कई जिंदगियां खत्म हो गई हैं। इस वर्ष जंगल से लकड़ी ला रही एक महिला बह गई थी, जिन्हें ग्रामीणों ने मुश्किल से बचाया था। विधायक ने कहा कि भाखड़ा नदी पर 50 मीटर स्पैन के पुल निर्माण का ढाई करोड़ की लागत का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग से तैयार करवा शासन को भेज दिया है। फतेहपुर-बसानी होते हुए नैनीताल जाने वाले इस वैकल्पिक मार्ग का महत्व शासन स्तर पर भी रखा गया है। बारिश में नदी का बहाव यातायात बाधित करता है। पुल बनने से न केवल हजारों ग्रामीणों को राहत मिलेगी बल्कि जिला प्रशासन को नैनीताल के लिए एक मजबूत वैकल्पिक रूट भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि पक्ष-विपक्ष, सहमति-असहमति राजनीति का हिस्सा हैं लेकिन क्षेत्र का विकास प्राथमिकता है। इस दौरान रमेश पांडे, मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, गौरी पोखरिया, रुचि गोस्वामी, जानकी जोशी, दलीप मेहरा, भुवन जोशी, दीक्षा पांडे, ज्योति पांडे, सीमा नगरकोटी, प्रकाश चंद्र जोशी, प्रताप राम, नंद राम, नारायण सिंह, कालू राम, संत राम रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद करवा चौथ क्वीन व डांडिया क्वीन। ● अमृत विचार

### पेयजल समिति के उपाध्यक्ष ने ली बैठक

**नैनीताल।** उत्तराखंड पेयजल अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष दिनेश आर्या ने नैनीताल क्लब में विधायक नैनीताल सरिता आर्या की उपस्थिति एवं विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पेयजल से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के साथ ही गांवों की पेयजल से संबंधित समस्याओं को सुना।

ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं पेयजल की समस्याओं को प्रमुखता से माननीय उपाध्यक्ष के सम्मुख रखा। इसके अतिरिक्त विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधानों द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे निर्माण कार्यों के अलावा आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की शीघ्र मरम्मत की मांग रखी।

### यूओयू ने दी विभिन्न कोर्सों की जानकारी

**हल्द्वानी :** जागृति सेवा समिति के तत्वावधान में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से खटीमा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन विवि के कुलपति नवीन चंद्र लोहनी ने किया।

इस मौके पर सहायक क्षेत्रीय निदेशक रेखा बिष्ट ने विवि की ओर से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। विवि के निदेशक गिरिजा पांडे ने बताया कि डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्सों के लिए उम्र की कोई बाध्यता नहीं है और अभ्यर्थी साल में दो बार फॉर्म भर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन जागृति सेवा समिति की प्रोजेक्ट मैनेजर निर्मला पांडे ने किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष लक्ष्मीकांत लोहनी, मास्टर ट्रेनर सनोवर समेत विभिन्न महिला समूहों की सदस्याएं मौजूद रहीं।

## खेल-खिलाड़ी

### बिठौरिया कप में युवा खिलाड़ियों ने दिखाया जोश, आठ टीमों ने किया अगले राउंड में प्रवेश

# बिठौरिया कप का आगाज, पहले दिन हुए 8 मुकाबले

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** बिठौरिया यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की ओर से आयोजित दसवां बिठौरिया कप स्वर्गीय जगदीश चंद्र बल्यूटिया मेमोरियल नैनीताल जिला इंटर स्कूल 11-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज सोमवार से हल्द्वानी स्टेडियम में शुरू हुआ।

पहले दिन कुल 8 मुकाबले खेले गए, जिनमें जिले के प्रमुख विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के पहले दिन खेल कुमाऊं उपनिर्देशक रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, मेजर प्रियांशु अग्रवाल, राजू मेहरा, शंकर आर्य और गोविंद दसोनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मैचों का संचालन किशोर पाल, त्रिभुवन नितवाल, आनंद देव, भोपाल सिंह, महेश बिष्ट, सूरज गोस्वामी और मोहित नौटियाल ने निर्णायक की भूमिका में किया। आयोजन को सफल बनाने में निखिल बिष्ट, अंकित भंडारी, रजत चौहान और भूपेश जैसे वालंटियर ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन अध्यक्ष चेतन बल्यूटिया और आयोजक वीरू कालाकोटी ने बताया कि आज के दिन डीएवी स्कूल, डॉन बॉस्को, डीपीएस, दशमेश पीरुमदारा, सरस्वती स्कूल, गुरुकुल स्कूल, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल और निर्मला कान्वेंट की टीमें आगे के मैच में प्रवेश कर चुकी हैं। टूर्नामेंट के पहले मैच में डीएवी स्कूल ने दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल को 3-0 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में डॉन बॉस्को स्कूल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सल इंटरनेशनल स्कूल को 7-0 से हराया। तीसरे मैच में डीपीएस हल्द्वानी ने एपीएस को 3-0 से मात दी और अगले चरण में जगह बनाई। चौथे मैच में दशमेश स्कूल पीरुमदारा ने नैनी वैली स्कूल को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराया। पांचवें मुकाबले में सरस्वती स्कूल ने सिंथिया स्कूल के खिलाफ एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज की। छठे मैच में व्हाइट हॉल स्कूल की अनुपस्थिति के कारण गुरुकुल स्कूल को वॉकओवर मिला। सातवां मैच महर्षि विद्या मंदिर और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बीच हुआ, जिसमें सैनिक स्कूल ने 5-0 से धमाकेदार जीत दर्ज की। इस मैच में अधर खत्री ने शानदार हैट्रिक लगाई और टीम को अगले दौर में पहुंचाया। आठवें व अंतिम मैच में निर्मला कान्वेंट स्कूल ने शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर जीत हासिल की।



परिचय प्राप्त करतीं खेल उपनिदेशक रशिका सिद्दीकी व जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत।

# पंखुड़ियां के ऑडिशन में 72 प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** सिंथिया स्कूल में पंखुड़ियां सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति के तहत पंखुड़ियां सीजन-15 के ऑडिशन में 72 प्रतिभागियों ने प्रदर्शनकिया। कार्यक्रम में मिस्टर, मिस एंड मिसेज उत्तराखंड, लिटिल चैंपियन, उत्तराखंड बेस्ट डांसर, इंडियाज बिगेस्ट डांसर, वॉयस ऑफ कुमाऊं, वॉयस ऑफ उत्तराखंड, सुपर मॉम और उत्तराखंड सुपर मॉडल जैसी कई श्रेणियों के लिए ऑडिशन हुए।

मुख्य अतिथि कनिष्ठ प्रमुख कमल सिंह भंडारी ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो बस उन्हें मंच देने की। निर्णायक मंडल में सुशील रोकर्स और संतोष बंसल रहे। संस्था अध्यक्ष रिंपी बिष्ट, सिंथिया के प्रधानाचार्य प्रवींद्र रौतेला, कौस्तुभ चंदोला, सुमित बिष्ट, पवन पाठक रहे।



ऑडिशन के दौरान प्रस्तुति देती कलाकार।

## सिटी ब्रीफ

### गोष्ठी में वनों के महत्व की जानकारी दी

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर पांच राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देशन में डॉली रेंज के वन कर्मियों और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया। इस गोष्ठी में वनों के महत्व उनकी उपयोगिता और वन्य जीव संघर्ष में होने वाले नुकसान के बारे में जानकारियां दी गईं।इस मौके पर डिप्टी रेंजर मदन सिंह बिष्ट, वन दरोगा ललित मोहन भट्ट, प्रकाश चंद भट्ट फॉरेस्ट गार्ड नवल किशोर पहाड़ियां, संदीप सिंह, गोविंद सिंह, रेहान अली, हरेंद्र कुमार, रोपड़ रक्षक कुंवर सिंह मेहर, जगत सिंह मेहता, दीपक बिष्ट, तरवीन पोखरिया, तारीक मोहम्मद, दीपक मेहता, विक्रम सिंह मेहता, कुंदन दानू, बहादुर मेहता आदि मौजूद रहे।

### आठ आरोपियों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू की तैयारी

**रुद्रपुर :** 24 सितंबर को डिग्री कॉलेज छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के दो गुटों में हुई गोलीबारी प्रकरण में अब फरार आठ अभियुक्तों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू लेने की तैयारी में जुट गई है। बताते चलें कि 24 सितंबर की दोपहर को नैनीताल–रामपुर हाईवे डिग्री कॉलेज के सामने छात्रसंघ चुनाव नामांकन के दौरान अध्यक्ष पद के दावेदार रहे नागेंद्र व रजत समर्थकों में विवाद के बाद गोलीबारी की घटना हुई थी। एसएसआई नवीन बुधानी की जुबानी फर्द के आधार पर पुलिस ने 15 अभियुक्तों को नामजद किया था और कुछ ही दिनों बाद गगन रतनपुरिया सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसमें जस्सी कचूरा, मनप्रीत उर्फ गोपी, चेतन मांगड़, अमृत चीमा, विक्रम, पार्षद जानी भाटिया, हेमंत उर्फ नोनू मिश्रा, आकाश यादव, आशीष यादव फरार हो गए थे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**
मेरी हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 21129072 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। **कशिश पुत्री जफर इस्लामनगर उमरखुर्द, खटीमा, उधम सिंह नगर**

**सूचना**
मेरी दसवीं की मार्कशीट अनुक्रमांक 22105174, माता का नाम बेबी तबस्सुम (वर्ष-2022) कहीं खो गई है। जो कि काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल पाई है।
**उवेश पुत्र श्री शाहनवाज, निवासी आजाद नगर, वार्ड नं. 4, लालकुआं, जिला नैनीताल।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे डी० एल० की अनुज्ञप्ति संख्या UK04-19960066578 में मेरा नाम VIRENDRA SINGH BORA मुनगली गार्डन, हल्द्वानी (नैनीताल) गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम BEERENDRA SINGH BORA S/o स्व. श्री पूरन सिंह बोरा, महर्षि विद्या मंदिर के पास, सद्भावना एनक्लेव, डहरिया, मुखानी मानपुर पश्चिम, हल्द्वानी (नैनीताल) है।

**सूचना**
मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी कलावती देवी की जन्मतिथि भूलवश 01/07/1965 गलत दर्ज हो गयी है। मैं पत्नी की सही जन्मतिथि 15/03/1964 दर्ज कराना चाहता हूं। **प्रवीन चन्द सर्विस नंबर 114002 L रैंक RFN पुत्र जय चन्द, भूड़ महोलिया, खटीमा, उधमसिंह नगर, उत्तराखंड**

**सूचना**
मैं अपने पुत्र हेमंत कुमार आगरी एवं पुत्रवधू श्रीमती पूजा आगरी को अशोभनीय व्यवहार व गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य में मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। अपने किये सभी कृत्यों एवं लेन-देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे परिवार के किसी सदस्य इनका कोई वास्ता नहीं होगा। **वीरपाल आगरी पुत्र श्री दीवान चंद्र आगरी, निवासी हरिपुर पूर्णानंद, तहसील हल्द्वानी, जिला-नैनीताल (उत्तराखण्ड)।**

# कारोबारी के घर से हुई 32 लाख की चोरी

## ढाई लाख नगद, सोना-चांदी उड़ाया, मुरादाबाद गया हुआ था परिवार, पुलिस ने किया मौका मुआयना

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि खेड़ा कॉलोनी स्थित एक घर का ताला तोड़कर लाखों की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और तहरीर के बाद चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-19 खेड़ा कॉलोनी निवासी इरशाद हुसैन अपने परिवार के साथ रहते हैं और ट्रैक्टर बिक्री का कारोबार करते हैं। 4 अक्टूबर को वह अपने भाई नावेद की शादी समारोह की तैयारी के लिए परिवार के साथ मुरादाबाद गए थे। सोमवार को पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही मकान स्वामी घर पहुंचे तो देखा कि चोर खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर ढाई लाख की नगदी, 25 तोले सोने के जेवरात और आधा किलो चांदी के जेवरात चोरी कर चुके थे।

साथ ही जाते-जाते घर का सामान भी तितर बितर कर दिया। सूचना मिलते ही रंपुरा चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद जांच शुरू कर दी है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। मकान स्वामी इरशाद हुसैन ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने का दावा किया है।



घर पर बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

### इत्मीनान से दिया चोरी को अंजाम

**रुद्रपुर :** घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद यह तो साफ है कि चोरों ने चोरी की वारदात को बेहद ही इत्मीनान से अंजाम दिया। कारण 4 अक्टूबर को परिवार मुरादाबाद गया और घर पर कोई भी नहीं था। वहीं जहां मकान बना हुआ है। वह मुख्य सड़क से सटा होने के साथ ही ज्यादा चहलकदमी वाली गली नहीं है। जिस प्रकार रसोई में रखा खाद्य पदार्थ भी खाया गया है। उससे यह साफ है कि चोरों ने इत्मीनान के साथ चोरी की होगी।

### दीवारों पर बने हैं हाथ के निशान

**रुद्रपुर :** कारोबारी के घर की दीवारों पर कई स्थानों पर हाथ का निशान बना हुआ है। उसी से अंदाजा लगाया है कि चोर किस रास्ते से अंदर घुसे होंगे। कारण मुख्य गेट का ताला तोड़ने के बाद चोर जीने से कूदे और फिर कमरे के रोशनदान की जाली काटी। उसी दौरान दीवारों पर कई स्थानों पर एक हाथ का मिट्टी नुमा निशान का छाप साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने फिंगर प्रिंट को भी सुरक्षित रख लिया है।

### प्रोफेशनल हो सकता है चोर गिरोह

**रुद्रपुर :** जिस प्रकार ट्रैक्टर विक्रय कारोबारी के घर चोरों ने धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वह वास्तव में एक पेशेवर चोर गिरोह ही कर सकता है। कारण पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा गया और फिर जीने के रास्ते दो मंजिला कमरे में घुस और फिर कमरे के रोशनदान की जाली काटकर अंदर प्रवेश किया और फिर खिड़की व दरवाजा खोलकर अपने साथियों को अंदर किया। पेशेवर चोरों ने लॉक भी इतनी सफाई से तोड़ा है कि देखने पर लॉक टूटा सा नहीं दिख रहा था।

### कुछ दिन पहले ही निकाले थे जेवरात

**रुद्रपुर :** मकान स्वामी इरशाद ने बताया कि 19 नवंबर को उसके भाई नावेद की शादी तय हुई है और मंगनी सहित कई वैवाहिक कार्यक्रम भी शुरू हो चुके हैं। यही कारण है कि सोने व चांदी के जेवरात को कुछ दिन पहले ही लॉकर से निकाल कर घर लाया गया था। ताकि परिवार की महिलाएं जेवरात का इस्तेमाल कर सके और नकदी भी भाई की शादी के लिए रखा था।

### काले बैग में भरा होगा चोरी का माल

**रुद्रपुर :** मकान स्वामी ने बताया कि घटनास्थल पर बिखरे कपड़े के अलावा बैड के अंदर एक काले रंग का नया बैग भी था जो कि गायब है। वहीं जेवरात के डिब्बे भी कमरे में नहीं मिले। आशंका है कि चोरी के दौरान चोरों ने सामान को काले बैग में रखा होगा और फिर रात के अंधेरे में फरार हो गए होंगे। बताया कि चोरों ने घर में लगे एलईडी को भी उखाड़ने का प्रयास किया।

> कारोबारी के घर चोरी की घटना की सूचना मिलते ही रंपुरा चौकी पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान पुलिस ने कई साक्ष्य भी जुटाने की कोशिश की है। फिलहाल चौकी प्रभारी द्वारा चोरी की तफ्तीश शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरों के अलावा मैनुअल भी जांच शुरू कर दी है। जल्द ही चोरी की घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। **–मनोज रतूड़ी**, कोतवाल, रुद्रपुर



पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व दर्जा राज्य मंत्री अरुण शुक्ला। ● अमृत विचार

# प्राचीन शिव मंदिर बचाने को होगा आंदोलनः शुक्ला

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- **एनएच ने तोड़ा लिखित समझौतानामा**

**अमृत विचारः** कांग्रेस नेता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री अरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि किच्छा हाईवे गांव भमरौला के मुख्य हाईवे किनारे कई दशकों पुराना शिव मंदिर है जो कि आस्था का केंद्र भी है। बताया कि वर्तमान में हाईवे का निर्माण कार्य हो रहा है और फ्लाईओवर बन रहा है।

सोमवार को प्रेस वार्ता में शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2016 में भी हाइवे का निर्माण प्रारंभ हुआ था और उनके द्वारा मंदिर को बचाने के लिए आंदोलन किया तो पुलिस ने जेल भेज दिया। 17 दिनों तक जेल के अंदर ही आमरण अनशन चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रुकवाया और जनता की जीत भी हुई। दो वर्ष पहले एनएचएआई के अधिकारियों के साथ वार्ता हुई और वार्ता के बाद एनएच के अधिकारियों ने लिखित समझौता नामा पर हस्ताक्षर किया था। आश्वासन दिया था कि शिव मंदिर से कोई भी छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। बावजूद वर्ष 2025 की सितंबर माह को धार्मिक स्थल के ध्वस्तीकरण का नोटिस भेजा गया। इससे साफ है कि हिंदुत्व का चोला ओढ़ने वाली भाजपा सरकार में अफसरशाही हावी है। यदि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होती है तो उग्र आंदोलन होगा।

# मार्ग की दुर्दशा पर कापड़ी का वीडियो हुआ वायरल

**संवाददाता, खटीमा**

- **कई बार नारियल तोड़ने के बाद ही मार्ग निर्माण शुरू नहीं**
- **दिन में दो बार पानी का छिड़काव कराए एनएच- कापड़ी**

**अमृत विचारः** पीलीभीत रोड पर प्रतिदिन चलने वाले करीब 50 हजार से अधिक लोग, दर्जनों विद्यालयों के नौनिहालों के स्वास्थ्य पर मार्ग पर उड़ने वाली धूल से कुप्रभाव पड़ने लगा है। क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी का इस मार्ग की अव्यवस्था को लेकर वायरल वीडियो सुर्खियों में है। जिसमें विधायक कापड़ी ने कहा है कि खटीमा–मझोला मार्ग के शुभारंभ के नाम कई बार नारियल तोड़ने के बाद भी मार्ग निर्माण शुरू नहीं हुआ है। विधायक कापड़ी ने एनएच के अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि मार्ग स्वीकृत है और बजट भी आ चुका है लेकिन अभी तक मार्ग निर्माण की एनएच द्वारा जहमत नहीं उठाई गई है। विधायक कापड़ी ने कहा कि इस मार्गों के जीर्णोद्धार के नाम दो बार पूर्व में हुए टेंडरों में लीपापोती हो चुकी है। वर्तमान में यदि टेंडर हो चुका है तो मार्ग के गड्ढे को समतल कर चलने लायक क्यों नहीं बनाया जा रहा है। विधायक कापड़ी ने वायरल वीडियो में एनएच के अधिकारियों ने जन सुविधा के लिए इस धूल धूसरित मार्ग में दिन में दो बार पानी का छिड़काव कर लोगों को प्रदूषित वायु से निजात दिलाने को कहा है। उन्होंने इस मार्ग पर आने जाने वाले नौनिहालों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कु प्रभाव से निजात दिलाने को स्कूल समय के दौरान दो बार मार्ग में पानी छिड़ककर प्रदूषण से बचाने को कहा है।

### गोष्ठी में पेंशनर्स की सुनीं समस्याएं

**रुद्रपुरः** पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं और समाधान को लेकर पुलिस लाइन में एक गोष्ठी हुई। जहां एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पेंशनर्स की समस्याओं को जाना और जल्द ही समाधान का आश्वासन भी दिया। इस दौरान बेहतर पुलिसिंग के सुझाव भी मांगे गए। इस दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि पुलिस व पेंशनर्स एक ही परिवार के सदस्य हैं। हर सुख-दुख में शामिल होना व समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। ताकि सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी एक मंच पर आए और पारिवारिक सदस्य की भांति आपसी सामंजस्य बना सके। एसएसपी ने सीओ संचार को आदेशित किया कि जिले में रहने वाले प्रत्येक पेंशनर्स एवं उनके आश्रितों का पूर्ण विवरण एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाए। ताकि राष्ट्रीय पर्वों या फिर कार्यक्रम में बुलाया जा सके।

# स्मैक की पुड़िया बनाते हुए महिला का वीडियो वायरल

**संवाददाता सितारगंज**

**अमृत विचार :** नशीले पदार्थ की पुड़िया बनाते हुए एक महिला का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त महिला स्मैक की तस्करी करने के मामले में पहले भी दो बार जेल जा चुकी है।

रविवार रात से महिला का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक महिला किसी सफेद पाउडर नुमा पदार्थ की पुड़िया बनाते हुए दिख रही है।

वहीं, लोगों का कहना है कि वीडियो में दिख रही महिला वार्ड नंबर छह, आईटीआई सितारगंज के पास रहती है। जो लंबे समय से नशीले पदार्थ का कारोबार कर रही है। बताया कि यह महिला आईटीआई के आसपास के इलाकों में स्मैक की सप्लाई करती है। इससे काफी छात्र नशे की जद में है। बताया जा रहा है की वीडियो वायरल होने के बाद से महिला घर से गायब है। उसके घर में ताला लगा हुआ है।

वहीं, सोमवार को पूर्व विधायक नारायण पाल ने उक्त महिला के घर के बाहर आसपास के लोगों के साथ सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि समाज में तेजी से फल फूल रहे नशे के कारोबार को समाप्त करने के लिए हम सबको इसके खिलाफ आगे आकर लड़ाई लड़नी होगी।

> वायरल वीडियो करीब साढे.तीन साल पुराना है। पुलिस ने महिला पर कार्रवाई की थी। वह चार बार जेल भी जा चुकी है। पुलिस ने महिला पर निगरानी बनाई हुई है। जनता से अपील है कि इस तरह की कोई भी सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उसकी पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। **– बीएस धौनी**, सीओ सितारगंज

### 2.28 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**खटीमा :** बाजार चौकी प्रभारी पंकज सिंह महर रविवार देर शाम गस्त के दौरान कंजाबाग रोड पर थे। उसी दौरान उन्हें एक संदिग्ध दिखाई दिया। जिसके पास आते ही उसे रुकने को कहा तो उसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन कुछ कदमों के बाद ही दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मो मुसीर निवासी खानका, खुशबू मैरिज हाल के पास वार्ड संख्या 11 इस्लामनगर बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से पानी सहित 2.65 ग्राम और 2.28 ग्राम स्मैक आरएमडी बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह एचता विही नानकमता निवासी सोनू नाम के व्यक्ति से स्मैक लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### आंगनबाड़ी में बांटी जा रहीं एक्सपायर सामग्री

**सितारगंजः** बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री बांटने का आरोप लगाते हुए भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने एसडीएम रविंद्र जुवांठा को ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सितारगंज के आंगनबाड़ी केंद्रों में एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। वहीं, लोगों के विरोध करने पर कार्यकत्री राशन बंद करने की धमकी देती है। उन्होंने कहा कि एक्सपायर्ड सामग्री वितरित कर बच्चों के पोषण के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम रविंद्र जुवांठा से मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, गांव वीरेंद्र नगर, गोठा निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र वीरेंद्र नगर से 30 सितंबर को बाल भोग, हलवा के दो पैकेट दिए गए। जो एक सप्ताह पहले ही एक्सपायर हो चुके थे।

# नानकसागर बांध के टूटने की आशंका

**संवाददाता, नानकमत्ता**

**अमृत विचार :** नानकसागर बांध की तलहटी से लगातार पानी का रिसाव होने से बांध टूटने की आंशका से क्षेत्र के नागरिक भयभीत हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी मिट्टी के कट्टे लगाकर रिसाव को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।बताते चलें कि नानकमत्ता का नानकसागर बांध उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के अधीन है।

पहाड़ और मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते बांध फुल ओवर भर गया है। बांध में बाऊली साहिब के पास तलहटी से लगातार पानी का रिसाव होने पर मिट्टी के कट्टे लगाकर पानी रोकने का प्रयास किया जा रहा है। नानकमत्ता साहिब में 20 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे दीपावली के मेले में कई प्रान्तों से लाखों श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में बांध से रिसाव होना क्षेत्र के नागरिकों के लिए चिंता का विषय बना है।



नानकमत्ता नानकसागर बांध में रिसाव से बना खतरा। ● अमृत विचार

### सितारगंज में किया गया पथ संचलन

**सितारगंज :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का माधव बस्ती शाखा में पूर्ण गणवेश में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शिवेन्द्र कश्यप प्रोफेसर पंत नगर विश्व विद्यालय, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी जिला सर संघ चालक व अनिल गर्ग नगर संघ चालक रहे। संचलन विद्या मंदिर से तिरंगा चौक से खटीमा बाई पास से नंदा विहार कालोनी, सुखदेव सिंह कालोनी से पुरानी मण्डी से बाजार से संघ स्थल पहुंचा। मातृ शक्ति ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# अखिल भारतीय किसान मेला 10 से

**संवाददाता, पंतनगर**

**अमृत विचारः** जीबी पंत विश्वविद्यालय में 10 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले 118वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किसानों के लिए विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। गांधी पार्क में लगाये जाने वाले इस चार-दिवसीय मेले में चारों दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

सोमवार को निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षणों में 10-11 अक्टूबर 2025 को फल-फूल, शाक-भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 11 अक्टूबर को 2 बजे शैक्षणिक डेयरी फार्म नगला पर संकर बछियों की नीलामी एवं मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी, प्रतियोगिता 3 बजे आयोजित की जाएगी। 10 से 12 अक्टूबर को कृषक वैज्ञानिक संवाद व कृषक गोष्ठी 3 बजे और सांस्कृतिक कार्यक्रम 7 से 8 बजे तक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर 10 बजे से पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के परिसर में पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

13 अक्टूबर को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गांधी हाल में अपराह्न 3 बजे से आयोजन किया जाएगा। इसमें मेले में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय प्रतिभागियों एवं मेले में लगे स्टालों को अपने प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि किसान मेले में 65 वर्ष से ज्यादा आयु के वृद्ध और 10 वर्ष से कम आयु के बालक व बालिका व ऐसे व्यक्ति जिसे कोई अन्य बीमारी हो सावधानीपूर्वक प्रतिभाग करें।

**कार्रवाई** | 8 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर खिलाई जाएगी गोली, अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# शत–प्रतिशत बच्चों को खिलाई जाए एल्बेंडाजोल की गोली

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने 8 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्था, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाए।

सोमवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एक भी बच्चा दवाई खाने से न छूटे। महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों के साथ ही पैरामेडिकल कॉलेजों में भी 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए दवाई खिलाई जाए। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमंतु बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 15 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस पर दवाई खिलाई जाए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवाई समय से उपलब्ध कराएं।

उन्होंने सभी विद्यालयों, मदरसों के शिक्षकों, आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकत्रियों को दवाई खिलाने के तरीके एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी पम्पलेट व वीडियो क्लिप के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

अपर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि 8 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति कराते हुए स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र। ● अमृत विचार

### जिले में 604459 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य

**रुद्रपुर :** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ .केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 1 से 19 वर्ष तक के 604459 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद में 2288 विद्यालयों एवं 2388 आंगनबाड़ी केंद्रों में एलबेंडाजोल की दवाई खिलायी जाएगी। एलबेंडाजोल की 400 एमजी की दवा 1 से 2 साल तक के बच्चों को आधी टेबलेट चम्मच में घोलकर और 3 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों, किशोर व किशोरियों को पूरी गोली चबा–चबा कर खिलाई जाएगी।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ .आरके सिन्हा, एसीएमओ डॉ .हरेंद्र मलिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल अग्रवाल, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नंदनी तोमर, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी एनएस धारीवाल, रामप्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश चौहान, डीपीओ मो .आमिर खां, हिमांशु मस्युनी, चांद मियां, जावेद अहमद, निधि शर्मा, विजय सिंह, सहित जनपद के एमओआईसी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुडे.थे।



किच्छा में महिला को व्हीलचेयर वितरित करते लोग। ● अमृत विचार

# गाबा के जन्मदिवस पर महिला को दी व्हीलचेयर

**संवाददाता, किच्छा**

**अमृत विचारः** श्री गुरु रामदास जी सेवा ट्रस्ट संस्था के माध्यम से नगर के वरिष्ठ समाजसेवी सतपाल गाबा के जन्म दिवस पर एक पात्र महिला को व्हीलचेयर भेंट की गई। नगर के आवास विकास निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सतपाल गाबा के जन्म दिवस पर उनके द्वारा श्री गुरु रामदास जी सेवा ट्रस्ट के माध्यम से नगर निवासी एक निर्धन पात्र महिला को उनके घर पहुंच कर व्हील चेयर भेंट की गई। संस्था अध्यक्ष हरविंदर सिंह चुग्घ ने बताया कि समाजसेवियों के सहयोग से अब तक 60 पात्र लोगों को व्हीलचेयर सौंपी जा चुकी है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष हरविंदर सिंह सहित कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, सतपाल गाबा, गुलशन सिंधी, कांग्रेस नगर महामंत्री नितिन शर्मा, संदीप अरोड़ा, अशोक मित्रा मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### 27 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान कच्ची शराब बेचने जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 27 लीटर कच्ची शराब बरामद की। बीती शाम कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। चेकिंग करते हुए जब वह कुंडेश्वरी चौराहा आईआईएम होते हुए सिडकुल गेट नंबर 2 पर पहुंचे, तो एक युवक आसमानी रंग का कट्टा पकड़े संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली, तो कट्टे के अंदर कुल 80 पाउच करीब 27 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कमल सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

### दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज में क्रेटा कार और 8 लाख रुपये न लाने पर गंभीर उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गिरीताल निवासी शैलजा ने तहरीर में बताया कि उसका विवाह 14 जनवरी 2024 को दिल्ली निवासी ऋषभ चौहान से हुआ था। शादी के कुछ ही दिनों बाद से ससुराल वाले क्रेटा कार और 8 लाख रुपए नकद की मांग करने लगे। आरोप लगाया है कि ससुराली कम दहेज लाने के लिए उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

### हाई टेंशन विद्युत लाइन टूटकर गिरी, हड़कंप

**किच्छा :** नगर के रुद्रपुर मार्ग पर अति व्यस्ततम आदित्य चौक के निकट से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन अचानक क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई। विद्युत लाइन टूटने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आसपास कई क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई। विद्युत लाइन टूटने के साथ ही शॉर्ट सर्किट होने से लाइन ने भी ट्रिप कर लिया। जिसके चलते बड़ा जान माल का नुकसान होने से बच गया। घटना की सूचना पर विद्युत विभाग के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और मौके का निरीक्षण करने के साथ ही फीडर को शटडाउन करने के बाद लाइन की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ देर के लिए महाराणा प्रताप चौक पर यातायात भी बाधित हो गया।

### गरीबों को बांटे कंबल

**जसपुर :** समदर्शी संस्था के सदस्यों ने महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। नगर की 9 महिलाओं को सम्मानित किया। इस दौरान 320 जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। सुभाष चैक स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित समारोह का शुभारंभ विधायक आदेश सिंह चौहान, भाजपा नेता खड़क सिंह चौहान, डॉ.एमपी सिंह एवं गौरव राजन अग्रवाल ने किया।

### सोमवार की शाम अचानक हुई तेज बारिश के बाद जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त, खेत में खड़ी है पकी फसल

# बारिश से किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में सोमवार की शाम हुई तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अचानक तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त - व्यस्त कर दिया। लगातार हुई मूसलाधार बारिश के चलते किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। जहां एक तरफ किसानों की धान की पकी हुई फसल खेत में तैयार खड़ी है, वहीं दूसरी तरफ मंडी में रखी किसानों की धान की फसल भारी बारिश के चलते बर्बाद हो गई।

विगत कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। सोमवार की दोपहर तक चटक धूप खिली हुई थी। दोपहर बाद शाम के समय अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ घने काले बादल आसमान पर छा गए। देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते आम जनमानस को गर्मी से राहत मिली है। अचानक तेज बारिश होने के चलते काम एवं रोजगार के सिलसिले में अपने घरों से बाहर निकले लोग खुद को भीगने से बचाने के लिए सुरक्षित जगह ढूंढते नजर आए। मूसलाधार बारिश होने के चलते गली मोहल्ले की नालियां लबालब पानी से भर गईं। नई अनाज मंडी में किसानों द्वारा बेचने के लिए लगाए गए धान के ढेर भीषण बारिश में पूरी तरह से भीग गए। किसानों की मानें तो उनके खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह से पक चुकी है।

### खटीमा में तेज हवाओं से बैनर, होर्डिंग उड़े

**खटीमा :** पूरे दिन छाए बादलों ने शाम होते होते अपना मिजाज बदला। और तेज हवाओं के साथ हुई हल्की वर्षा ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है और नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई है। बीते दिवस कोहरा छाने के बाद आज सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। शाम करीब छह बजे एकाएक आई तेज हवाओं से लोगों के बैनर, होर्डिंग और कई स्थानों पर तीन की चादरें भी उड़ने की खबरें हैं। वहीं हवा के साथ वर्षा से धन और गन्ने की फसल के गिरने और भरी नुकसान का अंदेशा लगाया जा रहा है। मौसम के इस मिजाज ने किसानों के चेहरों पर बल दिया है।

# दो युवकों पर डंडों और हथियारों से हमला

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** शांतिपुरी नंबर दो में शनिवार की रात्रि दो युवकों पर लाठी-डंडों और हथियारों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घटना के बाद पीड़ितों ने जिला अस्पताल रुद्रपुर में इलाज कराया और रविवार को थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पवन सिंह कोरंगा व जय कोरंगा निवासी शांतिपुरी नंबर दो मंदिर से लौट रहे थे। तभी शांतिपुरी नंबर एक और आसपास के क्षेत्रों के करीब आठ से दस युवकों ने मिलकर दोनों पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों में सौरभ कार्की, नरेन्द्र बिष्ट उर्फ अनवर, अरुण कार्की, कमल सामंत, सुन्दर मेहता, जग्गू कार्की, राजा कार्की, विशाल चौहान सहित अन्य युवक शामिल थे। हमलावरों ने लाठी-डंडों और हाथ में पहने कड़े सहित धारदार हथियारों से दोनों को पीटा। इसमें पवन सिंह के सिर और माथे पर गंभीर चोटें आईं, जबकि जय कोरंगा को सिर, पेट, हाथ और पैरों पर चोट लगी। घटना के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। इलाज करवाने के बाद दोनों पीड़ितों ने तहरीर थाने में दी है।

# बाजपुर के 20 गांवों के मुद्दे को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

### बोले-भाजपा सरकार में सबसे अधिक किसानों का हो रहा शोषण, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर सोमवार को किसान कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाजपुर के 20 गांवों की भूमि विवाद समेत कई मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। इसके बाद एसडीएम मनीष बिष्ट के माध्यम से नौ सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया।

सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि किसानों की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार को चेताया जा रहा है। इसमें तहसील बाजपुर के तहत 20 गांवों की भूमि विवाद का समाधान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द यह मांग नहीं मानी गयी तो बाजपुर से नहीं उठने वाले और आरपार की लड़ाई लड़ेंगे।

पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि वर्ष 2014 से सुनते आ रहे हैं कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ। आज सबसे अधिक शोषण और दुर्दशा खराब हुई है तो वह किसानों की हुई है। देश के अंदर तीन काले कानूनों को किसानों के संघर्ष के कारण ही वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि किसानों का यह उत्पीड़न किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान नेता व कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने कहा कि केंद्र सरकार ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी की जाएगी, लेकिन आज दिन प्रतिदिन बढ़ती महंगाई की वजह से किसानों की आए बढ़ने के बजाए आधी हो गयी है। उन्होंने गन्ने का समर्थन मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग उठाई। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप चीमा, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### ये रही मांग

- तहसील बाजपुर में 20 गांवों की भूमि का समाधान किया जाए।
- उचित संख्या में क्रय केंद्र खोले जाएं और 15 दिन के अंदर भुगतान किया जाए।
- नवंबर के पहले सप्ताह में सभी चीनी मिल चलाई जाए।
- गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल किया जाए।
- आपदा के कारण जिन किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है उन्हें मुआवजा दिया जाए।
- सिंचाई के लिए लगाए गये ट्यूबवेलों की बिल माफ किये जाएं।
- रजिस्ट्री बैनामे में लगाए गये प्रतिबंध को हटाया जाए।
- बेरोजगारों को रोजगार दिलाया जाए। ताकि वे नशा और चोरी से दूर रहें।
- किसानों के लिए समय पर खाद की व्यवस्था की जाए।

### किच्छा के क्रय केंद्र पर शुरू हुई धान खरीद

**किच्छा :** सहकारी क्रय विक्रय समिति के कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर एवं ग्राम देवरिया में लगाए गए धान खरीद क्रय केंद्र पर पोर्टल खुलने के साथ ही धान खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी नवल शर्मा के दिशा निर्देशन में तोल शुरू कराई गई। जानकारी के अनुसार सहकारी क्रय विक्रय समिति द्वारा निकटवर्ती ग्राम देवरिया एवं मंडी समिति परिसर में धान खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। सोमवार की शाम करीब 4 बजे पोर्टल खुलने के साथ ही धान खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

### पहले दिन एक हजार क्विंटल धान की हुई खरीद

**सितारगंज :** सितारगंज के सरकारी कांटों पर धान की तौल शुरू हो गई है। पहले दिन नई मंडी समिति पर स्थित तीन कांटों पर करीब एक हजार क्विंटल धान खरीदे गए। वहीं, एसडीएम रविंद्र जुवांठा और मंडी सचिव विनोद पलड़िया ने धान केंद्र का निरीक्षण किया। एसएमओ विनय चौधरी ने बताया कि सोमवार से सरकारी कांटों पर धान खरीद प्रारम्भ हो गई है। पहले दिन एक हजार क्विंटल धान खरीदे गए। उन्होंने बताया कि धान में अधिक नमी होने के कारण ग्रामीण इलाकों में स्थापित कांटों पर धान की खरीद नहीं हो सकी। इधर, किसान नेता डॉ. गणेश उपाध्याय और नवतेज पाल सिंह ने कहा कि सरकार कुंभकरणी नींद में सोई हुई है। किसानों की फसल की बिक्री के लिए अब तक पोर्टल नहीं खोला गया।



सितारगंज में धान केंद्र पर पहुंचे किसान नेता नवतेज पाल सिंह। ● अमृत विचार



गल्ला मंडी में धरने को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

# धान के समर्थन मूल्य से किसान आक्रोशित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** धान की फसल का समर्थन मूल्य सहित चार मुद्दों को लेकर तराई किसान संगठन लामबंद हो गया है। बड़ी संख्या में किसानों ने गल्ला मंडी में धरना प्रदर्शन किया और बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई। साथ ही कच्चे आढ़तियों, राइस मिलर और विभागीय अधिकारियों पर धान खरीद में खुली लूट का आरोप लगाया। आगाह किया कि यदि शासन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो किसान आंदोलन करेंगे।

सोमवार को तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क सहित बड़ी संख्या में किसान गल्ला मंडी में एकत्रित हुए और धरना देकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंडियों में धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य के मुकाबले 700 रुपये प्रति कुंतल कम दर पर हो रही है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। एक अक्टूबर से धान विक्रय प्रारंभ हो चुका है। छह दिन बाद भी कच्चा आढ़तियों ने काम शुरू नहीं किया है। उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन में पारदर्शी तरीके से कच्चा आढ़तियों की चेकिंग के साथ ही लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा मंडियों में 1600 रुपये बिक रही फसल की वीडियोग्राफी करने, घटतौली पर कार्रवाई करते हुए नगद भुगतान की व्यवस्था बनाने का मुद्दा भी उठाया। इस मौके पर ठाकुर जगदीश सिंह, जागीर सिंह, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, जसवीर सिंह उप्पल, इकबाल सिंह चीमा मौजूद रहे।

# युवती से छेड़छाड़, पुलिस को घेरा

- थाना ट्रांजिट कैंप में तहरीर के बाद भी छोड़ दिया आरोपी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में युवती से छेड़छाड़ के आरोपी को छोड़ने पर भड़के कांग्रेस नेताओं ने पुलिस का घेराव किया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर धरना- प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

रविवार की देर शाम को कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा और संजय जुनेजा कार्यकर्ताओं के साथ थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। जिसे देखकर वहां तैनात दरोगा ने समझाने का प्रयास किया। नेताओं का कहना था कि पिछले कुछ दिन पहले ट्रांजिट कैंप के एक युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ व हाथापाई की और उसके कपड़े भी फाड़ दिए थे। जब युवती ने तहरीर देकर कार्रवाई का मुद्दा उठाया तो पुलिस ने युवक को मामूली चालान कर छोड़ दिया, जबकि युवती भयभीत है और बार-बार कार्रवाई का मुद्दा उठा रही है।

आरोप लगाया कि पुलिस गंभीर प्रकरणों में भी लापरवाही कर रही है। उन्होंने आगाह किया यदि जल्द ही अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो थाने में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर परमिल राय, जगदीश कर्मकार, रणजीत सिंह राणा, चंद्र शेखर गांगुली आदि मौजूद रहे।



कांग्रेस नेताओं को समझाती ट्रांजिट कैंप पुलिस। ● अमृत विचार

### बिजली नहीं आने से लोग हुए परेशान

**काशीपुरः** मानपुर, कुंडेश्वरी उपकेंद्र के साथ एनडी नगर उपसंस्थान व उपकेन्द्र परिसर पर दीपावली से पूर्व लाइनों की मरम्मत के चलते विद्युत कटौती से लोग बेहाल रहे। देर शाम तक बिजली नहीं आने से लोगों को पानी के लिये तरसना पड़ा।

सोमवार को ऊर्जा निगम की टीमों ने दीपावली के पर्व को देखते हुए खराब विद्युत लाइनों को बदलने का काम शुरू किया। सुबह 9 बजे से शहर समेत विभिन्न स्थानों की बिजली काट दी गई। इससे गर्मी से बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि देर शाम मौसम के करवट लेने और बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन देर शाम तक बिजली नहीं आने से लोगों के घरों के इनवर्टर बंद हो गए।

# दूध के 5, पनीर के 4 व मक्खन के नमूने लिए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** दीपावली पर जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्ध कराने के लिए खाद्य विभाग की टीम ने जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने जनहित में 2 कुंतल दूषित पनीर को मौके पर खाद्य कारोबारियों की सहमति से नष्ट करवाया गया। साथ ही टीम ने मौके से कुल 10 दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के नमूने लिए। इसमें 5 नमूने दूध के, 4 नमूने पनीर के व 1 नमूना मक्खन का शामिल है। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा गया है।

सोमवार को सचिव स्वास्थ्य व आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ.आर राजेश कुमार के निर्देश पर उपायुक्त खाद्य संरक्षा कुमाऊं मंडल डॉ.राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान बताया कि सघन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सीमा व प्रवेश द्वार दोराहा बाजपुर में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पुलिस व प्रशासन के सहयोग से लगभग 3 दर्जन से अधिक खाद्य सामग्री ला रहे वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यूपी के मुरादाबाद व रामपुर जनपद के स्वार, टांडा, दड़ियाल आदि क्षेत्रों से लाये जा रहे दुग्ध व दुग्ध पदार्थ के वाहनों को रोककर उनका सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में विभिन्न वाहनों से लगभग 2 कुंतल पनीर, 5 किलो मक्खन एवं 20 कुंतल दूध लाते हुए पाया गया।

साथ ही पनीर का रखरखाव अनहाइजीनिक, असैनिटरी व अस्वास्थ्यकर दशाओं में व खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम की अनुसूची 4 के तहत दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के विपणन एवं ट्रांसपोर्टेशन आदि मानकों का उल्लंघन होते हुए पाया गया। इन अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में पनीर में फंगस आदि के कारण दूषित होना पाया गया। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों के स्वामी व विक्रेताओं को संदिग्ध खाद्य पदार्थों को विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए। इस विशेष प्रवर्तन अभियान दल में सहायक आयुक्त ऊधमसिंह नगर डॉ. प्रकाश फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पणा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या आदि शामिल रहे।



पनीर की जांच करते उपायुक्त खाद्य संरक्षा कुमाऊं मंडल डॉ.राजेंद्र सिंह कठायत।

# व्यापारियों ने लाइसेंस शुल्क निरस्त करने की मांग उठाई

- महापौर से मुलाकात कर डाकखाना मोड़ से किला बिजलीघर तक ट्रैफिक वन-वे करने की मांग की

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** दुकानदारों पर लगाया जा रहा लाइसेंस शुल्क निरस्त करने और ट्रैफिक वन वे किए जाने की मांग को लेकर देवभूमि व्यापार मंडल समिति द्वारा महापौर दीपक बाली को ज्ञापन सौंपा गया।

सोमवार को निगम कार्यालय में महापौर बाली को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम द्वारा दुकानदारों पर लगाया जा रहा लाइसेंस शुल्क निरस्त किया जाए, क्योंकि व्यापारी पहले से ही कई टैक्सों से पीड़ित हैं और ऑनलाइन बिजनेस से भी व्यापार पूरी तरह प्रभावित है। ऑनलाइन से सामान इतनी सस्ती दरों पर ग्राहकों के घर पहुंच रहा है कि वह दुकानों पर जाकर सामान लेना पसंद नहीं कर रहे हैं, जिससे व्यापार में घोर मंदी चल रही है। ऐसे में निगम द्वारा लगाए जा रहे टैक्स से व्यापारी की कमर टूट जाएगी और वे व्यापार बंद करने की स्थिति में आ जाएंगे।

वहीं, बड़े डाकखाना मोड़ से किला बिजली घर तक ट्रैफिक वन-वे किए, जाने की भी मांग करते हुए कहा गया कि बाजार में हर समय ई-रिक्शा व अन्य वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी रहने से व्यापारियों के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जाम की वजह से ग्राहक बाजार में आने से कतराने लगते हैं। ट्रैफिक वन-वे होने से काफी हद तक दिक्कत दूर होगी। इस दौरान देवभूमि व्यापार मंडल समिति के नगर अध्यक्ष सुनील टंडन, राकेश नरूला, गुरविंदर सिंह चंडोक, रितेश सिंघल, मनीष सचदेवा, मनोज कुमार, गौरव साहनी, चेतन अरोरा, चंद्रशेखर, मो. नसीम, पवन अरोरा, इकबाल, रजत मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में महापौर से मुलाकात करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### जंगल जोगीठेर के भूमिहीनों को आवंटित हो भूमि, ज्ञापन

**खटीमा :** जंगल जोगीठेर के ग्राम प्रधान सतपाल सिंह ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गांव के 150 भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटित करने की मांग की है। एसडीएम तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में ग्राम प्रधान सतपाल सिंह ने कहा है कि गांव में 150 परिवार पिछले 40 वर्षों से यहां रह रहे हैं। जिनके पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पहचान पत्र, जाती प्रमाणपत्र, बैंक खाता, गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन आदि हैं और उनके नाम परिवार रजिस्टर में भी दर्ज हैं। जबकि उनके पास कोई भूमि नहीं है। उन्होंने भूमिहीन 150 परिवारों को आवासीय सुविधा देने की मांग की है।

# पॉक्सो एक्ट के बारे में किया जागरूक

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के रावे प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने रुद्रपुर जनपद के दुर्गापुर 2 ग्रामीण क्षेत्र के एसडीएसएन इंटर कॉलेज में पॉक्सो एक्ट के बारे में 8वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल के बच्चों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जागरूक कर बालक और बालिकाओं के साथ होने वाले यौन शोषण के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान रावे प्रोग्राम के छात्रों ने विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया। जिसके तहत पॉक्सो से संबंधित एक भव्य नाटक और एक गीत गाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालक और बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट, गुड-टच बेड-टच और बाल सहायता संपर्क नंबर, महिला नंबर, पुलिस संपर्क नंबर आदि की महत्ता से जागरूक कर इनके इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डॉ.अल्का गोयल और सहायक प्राध्यापिका डॉ.पूजा टम्टा के निर्देशन में किया गया।

**सिटी ब्रीफ**

### नाले में फंसे बछड़े को बजरंग दल ने बचाया

**बाजपुर :** बरहैनी नई सड़क चौराहे के निकट एक नाले में तीन दिन से फंसे घायल बछड़े को बजरंग दल की टीम ने रविवार को बचाया। सूचना मिलते ही राजकुमार कश्यप, दिनेश सैनी, कुंवर कश्यप, शैलेंद्र सैनी, राम रतन कश्यप व चोखेलाल सहित टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद बछड़े को बाहर निकाला। पशुपालन विभाग के डा.विशन राम आर्य ने घायल बछड़े का इलाज किया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

### मां मुरादे पूरी कर दे भजन पर झूमे श्रद्धालु

**रुद्रपुर :** वार्ड नंबर 29 सुभाष कॉलोनी में मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने दीप जलाकर किया। इस दौरान मां दुर्गा जागरण मंडली गदरपुर से पहुंचे भक्तों ने मां का भजन सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। इस दौरान भजन गायकों ने मां मुरादें पूरी करदे हलवा बाटूंगी, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, जैसी सुंदर-सुंदर भेंट सुनाई। जिसका श्रद्धालुओं ने पूरी रात आनंद लिया। मुख्य अतिथि चुघ ने कहा कि मां के जागरण से भक्तों में शक्ति का संचार होता है और मां सभी भक्तों के दुखों का निवारण करती है। इस दौरान दानपुर के ग्राम प्रधान मनदीप वर्मा, अध्यक्ष कमलपाल, अमन पाल, अजय पाल, प्रदीप पाल, जोगा सिंह, बबलू पाल, जितेंद्र, हरेंद्र, मदन, महिपाल, विमल, अरविंद मिश्रा, वेद प्रकाश, राहुल, राजदीप पाल, विकास, महेंद्र, प्रमोद प्रजापति, प्रिंस शर्मा, रमेश ठाकुर, गौरव, सहदेव, नकुल, सचिन, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

### डॉ. ध्रुव कुमार पांडे को शिक्षक रत्न सम्मान

**किच्छा :** बसंत गार्डन कॉलोनी निवासी एवं कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय (नौली) के प्रधानाध्यापक डॉ. ध्रुव कुमार पांडे को शिक्षक दिवस पर शिक्षक रत्न सम्मान से नवाजा गया। बेसिक एजुकेशन मूवमेंट इंडिया एवं फ्यूचर विश्वविद्यालय (फरीदपुर-बरेली) के तत्वावधान में आयोजित शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा डॉ. पांडे को यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के तमाम क्षेत्रों से आए करीब 150 शिक्षकों ने शिरकत की। अपने उत्कृष्ट एवं उत्तम कार्यों के लिए डॉ पांडे अब तक 25 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग कर शोध पत्र, 25 बुक चैप्टर, 20 रिसर्च पेपर लिखकर प्रस्तुत कर चुके हैं तथा उन्होंने आधा दर्जन किताबें भी लिखी हैं।

# कुटरी में आदर्श रामलीला के मंचन का हुआ श्रीगणेश

## पहले दिन रावण, कुंभकरण, विभीषण की शिव आराधना और रामजन्म का हुआ मंचन, गणेश वंदना से किया गया शुभारंभ

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** आदर्श रामलीला कमेटी कुटरी-नदन्ना-पचौरिया के तत्वावधान में कुटरी में आयोजित रामलीला का जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य द्वारा गणेश पूजा के बाद फीता काटकर किया। कमेटी अध्यक्ष बसंत बल्लभ जोशी सपत्नी के सानिध्य में गणेश पूजा की गई।

35 वर्षों से आयोजित रामलीला मंचन के शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मौर्य ने इस वर्ष की लीला शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। पहले दिन रावण, कुंभकरण, विभीषण का शिव की तपस्या कर वर मांगना, नारद मोह, रामजन्म का मंचन किया गया। संचालन व्यवस्थापक एवं संचालक गोपाल सिंह मेहता ने किया। इस दौरान पर नरेंद्र बिष्ट, राम सिंह जेठी, पंकज मेहता, पूरन जोशी, लालमणि जोशी, गोपाल बिष्ट, कपिंद्र कन्याल, रिहान चंद, राहुल जोशी, भरत सिंह खड़का, रोहन चंद, नीरज भट्ट, भूपेन्द्र राणा, भूपेंद्र राणा, जेके पंत, दीवान सिंह बिष्ट, हिमांशु जोशी, कृपाल चन्द, देव बहादुर चन्द, हरिश्चंद्र जोशी, राजू कुंवर, डायरेक्टर प्रकाश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

**जिला पंचायत निधि से रामलीला मैदान का होगा सौंदर्यीकरण :** रामलीला के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य के समक्ष कुटरी की ग्राम प्रधान दीपा बिष्ट, नदन्ना की माया जोशी, नरेन्द्र बिष्ट ने गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज परिसर स्थित लीला मंचन स्थल मैदान को निर्माण कराने की बात कही। जिस पर जिपं अध्यक्ष मौर्य ने जिला पंचायत निधि से फर्श और टाइल लगवाने की घोषणा की।



खटीमा के कुटरी में रामलीला मंचन का शुभारंभ करते जिला पंचायत अध्यक्ष मौर्य।

### बरहैनी में रामलीला मंचन का शुभारंभ

**बाजपुर :** बरहैनी में श्रीरामलीला का शुभारंभ रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं बाजपुर किन्नर समाज की मुखिया मीना बुआ ने रिबन काटकर व दीप प्रज्ज्वलित करके रामलीला का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्रीरामलीला कमेटी अध्यक्ष गुलशन कुमार (गुल्लू), उपाध्यक्ष बबलू पाल, सचिव प्रवीण देउपा, कोषाध्यक्ष डा.मोहन चंद्र पांडे, उप सचिव लक्ष्मीकांत सैनी, प्रचार मंत्री जगदीश सिंह, प्रबंधक कोमल सिंह सैनी, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, सुभाष कांडपाल, राजेंद्र सिंह सैनी, मनोज कांडपाल, आदिल आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के कूल्हा में लक्ष्मण की मूर्छा होने पर विलाप करते प्रभु श्रीराम।



बरहैनी में श्रीरामलीला का शुभारंभ करतीं किन्नर समाज की मुखिया मीना बुआ।

### लक्ष्मण मूर्छा पर विलाप करते प्रभु श्री राम को देख दर्शक भावुक

**दिनेशपुर :** आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी कूल्हा के तत्वावधान में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा पर्वतीय शैली में लीला मंचन में लक्ष्मण- मेघनाथ युद्ध, लक्ष्मण मूर्छा पर विलाप करते प्रभु श्री राम व संजीवनी बूटी के लिए सुमेरू पर्वत लेकर पहुंचे हनुमान का सजीव मंचन किया। लोक गायक जितेन तुमक्याल ने धन मेरो पहाड़ा रंगीलो पहाड़ा..., व घुघुती न बासा आमे की डाई मां....., आदि उत्तराखंडी लोकगीतों के साथ दर्शकों को नाचने को मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, पूर्व प्रधान दयान सिंह राणा व समाजसेवी राजेंद्र सिंह मेहरा व शेर सिंह नयाल ने अपने विचार रखे। आयोजकों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष धीरज सिंह कार्की, संचालन मोहन सिंह कोरंगा व महेश बुधोरी ने किया। इस मौके पर महासचिव कैलाश पाठक, कोषाध्यक्ष अमित सिंह, देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### दीपावली और करवा चौथ पर लगी भव्य प्रदर्शनी

**सितारगंज :** महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट के विराट हाल में देसी दीवा और संगिनी द्वारा आयोजित भव्य दीपावली एवं करवा चौथ को लेकर प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल एवं वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश सिंघल एवं केएमसी हॉस्पिटल की एमडी डॉक्टर उपासना अरोरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल सुशोभित किए गए। आयोजक सीमा सिंघल एवं नेहा सिंघल ने बताया कि प्रदर्शनी में पारंपरिक भारतीय परिधानों की श्रृंखला में महिलाओं के श्रृंगार की सभी वस्तुएं, आभूषण, सुंदर अम्ब्रीडियंग साड़ी, स्पेशल क्वालिटी के सूट, जर्मन सिल्वर, बच्चों के स्टडी से संबंधित वस्तुएं, दीपावली एवं करवा चौथ के मद्देनजर विशेष वस्तुओं के स्टाल खूबसूरत तरीके से सजाए गए हैं। आयोजक सीमा सिंघल ने प्रदर्शनी में पहुंचे सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी में शकुंतला देवी, इंदु शैली, शिखा जिंदल, कृतिका गर्ग, अपूर्वा गर्ग आदि मौजूद रहे।

# फुटबॉल में टनकपुर की टीम ने पीलीभीत को दी शिकस्त

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष बोस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे लीग मैच में टनकपुर ने पीलीभीत को 2-1 से शिकस्त दी। टनकपुर के विवेक को प्लेयर ऑफ दी मैच की ट्रॉफी दी गई।

रुदपुर में आयोजित नेताजी सुभाष बोस ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे लीग मैच के आरंभ से ही टनकपुर और पीलीभीत ने एक दूसरे के खिलाफ आक्रामक रूख बनाए रखा। पहले हाफ के 11 वें मिनट में टनकपुर के विवेक ने गोल कर अपने टीम को बढ़त दिला दी। इसके तीन मिनट बाद टनकपुर के भुप्पी ने गोल कर टीम को दो गोल की बढ़त दिलाई। 18 वें मिनट में पीलीभीत के अभिनव ने टीम की ओर से एकमात्र गोल किया।दूसरे हाफ में बरसात के बीच हुए मैच में टनकपुर एवं पीलीभीत के खिलाड़ी एक दूसरे के खिलाफ गोल करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इससे पहले ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख विधान सरकार, प्रधान संघ अध्यक्ष रेशम सिंह, प्रधान राजा हालदार, महेंद्र सिंह, आनंद सरकार, प्रभाकर राय, प्रकाश राय ने मैच का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया।

मैच में सुमित विश्वास रैफरी, रोहित और राहुल सहायक रैफरी, पंकज राय, जयंत मंडल, सव्यसाची हालदार और सुनील सरकार कमेंट्रेटर, सुजीत और दीपेन स्कोरर रहे।



मैच के दौरान संघर्ष करते टनकपुर व पीलीभीत के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### मां गायत्री की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई

**काशीपुर:** शरद पूर्णिमा के दिन शांतिकुंज हरिद्वार के बाजपुर रोड पर रामपुर काशीपुर स्थित गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली ने पुंसवन संस्कार, दीक्षा संस्कार एवं विद्यारंभ संस्कार आदि कई संस्कार विधिवत रूप से संपन्न कराए। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़ कर सहभागिता की। महापौर दीपक बाली और गायत्री परिवार ने आपसी सहयोग से समाज को नैतिक विकास के मार्ग पर उन्मुख करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शक्ति पीठ के संयोजक दिनेश शर्मा, अध्यक्ष हरेंद्र खाती, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, भीम सिंह, अमरनाथ मिश्रा, अरुण कुमार शर्मा, अशोक छाबड़ा, वेद प्रकाश कश्यप, अजीत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय महापौर परिषद के कोषाध्यक्ष बने दीपक बाली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय महापौर परिषद की सत्र 2025 की नई कार्यकारिणी में काशीपुर के महापौर दीपक बाली को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई कार्यकारिणी का गठन दिल्ली स्थित परिषद कार्यालय में केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में किया गया। परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें देशभर के विभिन्न प्रांतों और राजनीतिक दलों से जुड़े महापौरों को शामिल किया गया है। कार्यालय सचिव मनोज गुप्ता ने बताया कि इस बार की टीम में काशीपुर के महापौर दीपक बाली को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महापौर दीपक बाली के चयन को उत्तराखंड की सक्रिय नगर राजनीति के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि इस कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से अलीगढ़ के पूर्व महापौर आशुतोष वार्ष्णेय को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन), गोरखपुर के महापौर मंगलेश श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सूरत के महापौर दक्षेश मवाणी को महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं, उपाध्यक्षों में असम (गुवाहाटी) की मार्गन सरीना, इंदौर के पुष्यमित्र भार्गव, कालीकट की डॉ. बीना फिलिप और हुबली-धारवाड़ की ज्योति पाटिल शामिल हैं। देशभर के 45 महापौरों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है, जिनमें दिल्ली, देहरादून, जयपुर, अहमदाबाद, कोलकाता, रायपुर, चेन्नई, अगरतला, अमृतसर, पंचकुला, रुड़की, सहारनपुर, कानपुर, वारंगल, रतलाम, गोवा और गंगटोक जैसे शहरों के महापौर शामिल हैं। परिषद के कार्यालय सचिव ने बताया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह दीपावली के बाद आयोजित किया जाएगा। काशीपुर के महापौर दीपक बाली के इस राष्ट्रीय चयन से जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने खुशी जाहिर की है।



महापौर दीपक बाली।



सितारगंज में लगे शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

### शिविर में 104 लोगों ने किया रक्तदान

**सितारगंज :** रक्तदान समिति के तत्वावधान में रविवार को श्री रामलीला प्रांगण में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 884 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ 104 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में हल्द्वानी, रुद्रपुर और सितारगंज के विभिन्न निजी अस्पतालों के डॉक्टरों ने मरीजों को परामर्श दिया। शिविर के बाद शाम को चैरिटी शो का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच का संचालन अमित रस्तोगी व आशीष पाण्डेय ने किया। इस मौके पर शिव कुमार मित्तल, राजीव गुप्ता, पंकज गहतोड़ी, पवन अग्रवाल, रोहित बिष्ट, संदीप बाबा, दीपेंद्र सिंघल, शिवम साहू, गोपाल सिंह बिष्ट, नरेश कंसल, सुरेश अग्रवाल, सुरेश जैन, सत्येंद्र दिवाकर, प्रिंस गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पालिकाध्यक्ष ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**खटीमा:** मेलाघाट रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में पूर्वांचल सेवा समिति की बैठक अजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें छठ पूजा की तैयारी और कार्य योजना तैयार की गई। संजय रेलवे पार्क स्थित छठ तालाब की स्वच्छता, अतिथियों के आमंत्रण, भव्य भंडारा आदि पर विस्तृत चर्चा कर दायित्व सौंपे गए। बाद में उन्होंने पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को ज्ञापन सौंपकर संजय रेलवे पार्क स्थित सरोवर के पानी को बदलवाने, साफ सफाई करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि सरोवर में महिलाएं सरोवर के पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देती हैं। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को भी वहीं छठ पूजा का आयोजन होगा। इस अवसर पर सुनील रैदानी, सुरेंद्र सिंह, विश्वनाथ यादव, बृजेश प्रजापति, दीपक सिंह मौजूद रहे।

# कुरीतियों को दूर करने पर जोर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी में आयोजित सैनी महासभा की बैठक में वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया।

सोमवार को महाराजा सूर सैनी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद आरंभ हुई बैठक में उत्तराखंड सरकार से ओबीसी वर्ग के लिए आने वाली योजनाओं का धरातल पर प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया गया। साथ ही उत्तराखंड में 27 प्रतिशत आरक्षण और ओबीसी समाज के समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि 9 नवंबर 2000 को जो भी व्यक्ति उत्तराखंड में था उसे स्थाई माना जाए। सैनी महासभा के संरक्षक टीका सिंह सैनी ने सभी सैनी बंधुओं से एकजुट होकर अपने समाज को आगे ले जाकर कार्य करने का आग्रह किया। इस दौरान सैनी सभा ऊधमसिंह नगर का त्रिवार्षिक चुनाव किया गया। जिला अध्यक्ष पद पर पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह सैनी, उपाध्यक्ष पद पर विजयपाल सैनी, अशोक कुमार सैनी, दर्शन सिंह सैनी और भूपेंद्र सैनी, महामंत्री पद पर पूर्व महामंत्री कुंदन सिंह सैनी, मंत्री पद पर तेज प्रकाश सैनी, संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी, मनीष सैनी, रामकिशोर सैनी, कानूनी सलाहकार एडवोकेट अर्पित गरोड़िया, आय-व्यय निरीक्षक अर्पित सैनी, महिलाओं में कुसुम सैनी एवं सुषमा सैनी को संगठन मंत्री बनाया गया। एडवोकेट राजेंद्र सैनी को प्रेस प्रवक्ता का पद दिया गया। बैठक में कमल सैनी, तेज प्रकाश सैनी, देवेश सैनी, घनश्याम सैनी, खूब सिंह सैनी, चंद्रपाल सैनी, पवन सैनी एडवोकेट, अजय कमल सैनी, विजय सैनी मौजूद रहे।



काशीपुर में चुनाव के बाद विजयी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सत्संग उत्सव कमेटी के सूरज बने अध्यक्ष

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के 139 वा जन्म उत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सूरज देवनाथ अध्यक्ष व रवि मजूमदार सचिव मनोनीत किए गए।

श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के 139 वें जन्म उत्सव के दृष्टिगत, नगर के सत्संग मंदिर में क्षेत्र के तमाम गुरु भाइयों की अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले उत्सव के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सूरज देवनाथ अध्यक्ष, रवि मजूमदार सचिव, अनूप सरकार उपाध्यक्ष, सुब्रत दास उपसचिव, नंद दुलाल एवं तपन मंडल कोषाध्यक्ष, उत्तम दास संयोजक, सुजीत मजूमदार ऑडिटर मनोनीत किए गए। संरक्षक के रूप में दिलीप सरकार, हाराधन साना, हाराधन शाह, रविंद्र विश्वास, पंचानन मंडल, संजय हालदार, समर देवनाथ, अरुण मंडल, हरिदास, महेंद्र, प्रेम निताई दास, कंकन, अनुप, बंकेश सरदार होंगे। वहीं ठाकुरदास, मिथुन मंडल, आशुतोष, तापस, राजू दास, संजीत मिस्त्री, मनोज सुतार एवं श्रीनाथ विश्वास कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए।



अध्यक्ष सूरज देवनाथ।

# प्रशिक्षार्थियों से निष्ठा से कार्य करने का आह्वान

संवाददाता, दिनेशपुर

- दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व अंक पत्र प्रदान किए
- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 200 प्रशिक्षणार्थी हुए शामिल

**अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने कहा कि प्रशिक्षण कर पासआउट हुए प्रशिक्षार्थी देश का भविष्य है। उन्होंने प्रशिक्षार्थी से अपने ट्रेड के आधार पर ईमानदारी, मेहनत व निष्ठा से कार्य कर देश को अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे एवं पासआउट हुए सभी प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस दौरान पासआउट हुए प्रशिक्षार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व अंकपत्र मुख्य अतिथि व अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए।

सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य नूतन सक्सेना ने अतिथियों को बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात विभिन्न व्यवसायिक के प्रशिक्षार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्थान की प्रधानाचार्य नूतन सक्सेना ने संस्थान की उपलब्धियों व वर्तमान में व्यवसायिक के बारे में अतिथियों व प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अनुदेशक कैलाश चंद्र चंदोला ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जगपाल सिंह रावत, प्रशासनिक अधिकारी विजय आर्या, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र सिंह, कार्यदेशक राजू राम, अनुदेशक जगत सिंह, अनुदेशक कुशाल सिंह, अनुदेशक बिशनगिरी गोस्वामी, अनुदेशक नवीन जोशी, हरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर आईटीआई में आयोजित दीक्षांत समारोह में उपस्थित अतिथि।

### बकायेदारों पर कार्रवाई शुरू

**बाजपुर:** तहसील प्रशासन ने बकायेदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। राजस्व विभाग ने बकाया वसूली को लेकर अभियान तेज करते हुए आबकारी देय के टाप बकायेदारों की भूमि कुर्क करना आरंभ कर दिया है। सोमवार को आबकारी देय के बकायेदार चरनप्रीत सिंह की ग्राम मुड़िया कलां क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि को कुर्क कर उस पर नोटिस बोर्ड लगाया गया। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि चरनप्रीत सिंह पर आबकारी देय की दो करोड़ 53 लाख 87 हजार 458 रुपये की धनराशि बकाया है और वह तहसील की टाप-10 सूची में क्षेत्र के दूसरे नंबर के सबसे बड़े बकायेदार हैं।

# ओपन रोलर स्केटिंग स्पर्धा में बाजपुर के खिलाड़ी छा गए

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** देहरादून के दून वर्ल्ड स्कूल रिंक में आयोजित 27वीं ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में बाजपुर राजहंस स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण, 4 रजत व 5 कांस्य पदक हासिल किए।

अंडर-14 इनलाइन स्केट 500 मीटर रेस में दक्ष ने स्वर्ण, अंडर-14 एडजस्टेबल 200 मीटर रेस में अहमद रज़ा ने स्वर्ण पदक जीता। 4×400 मीटर रिले में अभिमन्यु राजहंस, मनवीर सिंह, कुशल और रूपलीन ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-12 वर्ग में हरमन कौर ने रजत, जबकि 4×100 मीटर रिले में जसराज, अनवी, आरती की टीम ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-10 में अचिन्त्य, अनन्या, रुद्र, ओम विश्वकर्मा व दिव्यांश ने कांस्य पदक जीते। सीनियर वर्ग में आदित्य गोयल ने 600 मीटर रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राज्यभर से करीब 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेताओं को गुलरत्न राठौर, पंकज भारद्वाज, चित्रांजली नेगी, शिवम भारद्वाज, वशिष्ठ कुमार ने पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए।



ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बाजपुर के खिलाड़ी।

**ब्रीफ न्यूज**

### भगत सिंह कोश्यारी ने किया भारत माता की प्रतिमा का अनावरण

**लोहाघाट :** पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी सोमवार को लोहाघाट पहुंचे। उन्होंने नगर के ऋषेश्वर पार्क में स्थापित भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया। कहा कि भारत माता की प्रतिमा लोगों के मन में देश प्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करेगी। इससे पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर लोहाघाट में उनका भव्य स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों ने कुमाऊंनी परिधान में सजकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मन मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में श्याम नारायण पांडेय, गोविंद सामन्त, गोविंद वर्मा, निर्मल मेहरा, रूप सिंह बोरा, सतीश पांडेय, राजेन्द्र चन्द, कृष्णानंद चौबे, मनीष, तनुज, मुकेश कलखुडिया, मनीष जुकरिया, सुभाष बगौली, मयंक पुनेठा, महेन्द्र ढेक, हिमांशु बिष्ट, चन्द्रशेखर जोशी आदि थे।

### मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**बनबसा :** मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया से आए विज्ञान शिक्षक एंड्रयू ने किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल चार्ट एवं चित्रकला द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान विद्यालय डायरेक्टर क्लिफटन शिफवे, प्रबंधक गिरीश चंद्र जोशी, प्रधानाचार्या फिलीस जार्ज आदि मौजूद रहे।

### छात्र महासंघ को नौ अक्टूबर को होंगे मतदान

**अल्मोड़ा :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के छात्र महासंघ चुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया है। छात्र महासंघ आठ अक्टूबर को नामांकन, नाम वापसी और जांच होगी। जबकि नौ अक्टूबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जबकि उसी दिन देर शाम परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। एसएसजे विवि की ओर से छात्र महासंघ चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। एसएसजे के चुनाव अधिकारी प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम जारी हो गया है। कार्यक्रम के तहत आगामी आठ अक्टूबर को 11 बजे से डेढ़ बजे तक नामांकन की प्रक्रिया कराई जाएगी। वहीं, उसी दिन ढ़ाई बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। नौ अक्टूबर को 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक विवि के अधीन परिसरों और महाविद्यालय से निर्वाचित विवि प्रतिनिधि अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके बाद मतगणना के साथ ही देर शाम तक विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

# चम्पावत में मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण, कफ सिरप के नमूने लिये

## 5 कफ सिरप के नमूने जांच के लिए भेजे, एक्सपायर दवाओं को अलग रखने दिए निर्देश

संवाददाता, चम्पावत


चम्पावत मेडिकल स्टोर में जांच करती औषधि नियंत्रण विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत, भवदीप रावते के मार्गदर्शन में औषधि नियंत्रण विभाग और विधिक सेवा प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से 'सुरक्षित दवा, सुरक्षित जीवन' अभियान के अंतर्गत चम्पावत क्षेत्र के मेडिकल प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण की कार्रवाई की।

यह महत्वपूर्ण कदम हाल ही में राजस्थान और मध्य प्रदेश में खांसी की दवा (कफ सिरप) के सेवन से बच्चों की दुखद मृत्यु की घटनाओं को देखते हुए उठाया गया, ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान, फर्म स्वामियों को औषधियों के उचित भंडारण, एक्सपायर दवाओं को अलग रखने और उनके सही निस्तारण के संबंध में कड़े निर्देश दिए गए। सचिव ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य से बड़ा कोई विषय नहीं हो सकता। उन्होंने सभी मेडिकल प्रतिष्ठानों को प्रतिबंधित औषधियों की बिक्री न करने और बिना डॉक्टर की सलाह के कफ सिरप का विक्रय न करने के लिए पाबंद किया। साथ ही औषधि निरीक्षक चम्पावत हर्षिता ने मेडिकल स्टोर स्वामियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के खांसी या जुकाम की कोई भी दवा न दी जाए, और दो वर्ष से कम आयु के बच्चों में तो इन दवाओं का सामान्य उपयोग बिल्कुल भी अनुशंसित नहीं है। इसके अतिरिक्त, जिले से कुल 5 कफ सिरप के नमूने लेकर उन्हें तत्काल जांच के लिए विश्लेषणशाला को भेजे गए हैं। लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के नियमानुसार आगे की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सचिव से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में, जनपद में मेडिकल प्रतिष्ठानों के सत्यापन की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। संयुक्त निरीक्षण में औषधि नियंत्रण औषधि निरीक्षक चम्पावत हर्षिता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### आमबाग में दिव्यांगता परीक्षण शिविर 8 को

**टनकपुर :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने जानकारी दी कि एलिस्को कानपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए सहायता उपकरण परीक्षण एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण का परीक्षण उपलब्ध कराना और मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। यह शिविर दो स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। पहला शिविर 8 अक्टूबर 2025 को टनकपुर के सी.आर.सी. आमबाग (रा.उ.मा.वि. आमबाग) में और दूसरा 9 अक्टूबर 2025 को बी.आर.सी. लोहाघाट में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। डॉ. चौहान ने बताया कि इस शिविर में केवल सहायता उपकरण और प्रमाण पत्र नहीं बल्कि टीकाकरण और एनसीडी (गैर-संचारी रोग) स्क्रीनिंग की सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी। विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक बच्चों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल सके। यह आयोजन दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

# बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर पूर्व सैनिकों में रोष


अल्मोड़ा में सोमवार को पूर्व सैनिक लीग की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा
- ईसीएचएस से संबंधित समस्याओं को भी उठाया

**अमृत विचार :** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की सोमवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने नगर समेत तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की। वहीं, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर नाराजगी जताई।

नगर के कचहरी बाजार स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनी हुई है। लोगों को उपचार को महानगरों की दौड़ लगानी पड़ी रही है। जिससे उनको आर्थिक नुकसान के साथ तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने अल्मोड़ा से हल्द्वानी को हेली सेवा शुरू होने पर शासन प्रशासन का आभार जताया। वहीं, बैठक में अन्य पूर्व सैनिकों ने ईसीएचएस से संबंधित समस्याओं का उठाया। जिस पर जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। यहां बैठक में दिनेश चंद्र तिवारी, मनमोहन वर्मा, पूरन सिंह ऐरी, पूरन चंद्र लोहनी, आनंद सिंह बोरा, आरएस साही, एमएस अल्मियां, बीबी भट्ट आदि मौजूद रहे।

# मेधावी छात्राएं हुई सम्मानित

संवाददाता, बैरती (अल्मोड़ा)


नव प्रभात हाईस्कूल बसभीड़ा में सम्मान समारोह में मौजूद मेधावी बच्चे व शिक्षक।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के घुंघोली के मूल निवासी डॉ. देवेंद्र तिवारी पुत्र स्वर्गीय मोहन चंद तिवारी की तरफ से नव प्रभात हाईस्कूल बसभीड़ा की मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है।

विद्युत मंत्रालय केंद्र सरकार नई दिल्ली में उप महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत तिवारी ने अपने अपने स्वर्गीय माता-पिता की पुण्य स्मृति में मेधावी छात्र सम्मान योजना आरंभ की है। जिसके तहत इनके द्वारा हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को क्रमशः पांच हजार एक, तीन हजार एक और दो हजार एक रुपए की धनराशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

यह पुरस्कार प्रथम स्थान पर रही गुंजन कंडारी पुत्री गणेश चंद्र सिंह कंडारी 95.4% अंक प्राप्त कर प्रदेश में 19वां स्थान प्राप्त को दिया गया। दूसरे स्थान पर दृष्टि तिवारी पुत्री मनोज कुमार तिवारी जिन्होंने 94.6% स्थान प्राप्त कर प्रदेश में 22वां स्थान प्राप्त किया तथा तीसरे स्थान पर काव्या चौधरी पुत्री संतोष कुमार चौधरी ने 89% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरे स्थान को दिया गया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य कमल किशोर पांडेय द्वारा इन मेधावी बच्चों को पुरस्कार की धनराशि एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। समस्त विद्यालय परिवार, अभिभावकों व क्षेत्र वासियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ डॉ. देवेंद्र तिवारी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने दिल्ली में रहते हुए भी अपने क्षेत्र के विद्यालय के बच्चों का मनोबल बढ़ाने एवं अभिप्रेरित करने का महान कार्य किया है।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप

**अल्मोड़ा :** एक युवक पर धारधार हथियार से हमले का आरोप प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित युवक ने चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा कोतवाली में न्यू इंद्रा कॉलोनी निवासी पीड़ित दीप चंद्र कांडपाल ने तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते दशहरा महोत्सव के दौरान देर रात आरोपी विशाल, हिमांशु टम्टा, निक्कू और सूरज से किसी बात के उसके साथ विवाद कर दिया। विरोध करने पर चारों आरोपियों ने उसे घेर धारधार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों से जान को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

# कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज देवलीखेत विजेता

संवाददाता, रानीखेत


कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम के साथ खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंटर कॉलेज खिरखेत के कीड़ा मैदान में ब्लॉक स्तरीय बालक एवं बालिका वर्ग 14-17-19 की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 17 वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज देवलीखेत विजेता रही।

आयोजित ब्लॉक स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता मे विकासखंड ताड़ीखेत के समस्त विद्यालयों ने प्रतिभा किया। खेल प्रभारी मनमोहन सिंह देव ने बताया कि विजेता टीम आगामी 6 व 7 अक्टूबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने सभी प्रतिभागियों को कीड़ा संपन्न व सफल सचालन के लिए बधाई दी।

### बाराकोट ने हल्द्वानी को हराकर जीती वालीबाल ट्राफी

**लोहाघाट :** विकास खंड बाराकोट के पोखरीखाल में आयोजित राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में यूथ क्लब बाराकोट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हल्द्वानी को हराकर ट्राफी अपने नाम की। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश अधिकारी ने किया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में हल्द्वानी ने नैनीताल को हराया। फाइनल मुकाबला बाराकोट और हल्द्वानी के बीच बेहद रोमांचक रहा। पहले सेट में हल्द्वानी ने बाराकोट को 26-24 से हराया, लेकिन इसके बाद बाराकोट ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार तीन सेट 25-19, 25-23 और 25-22 से मैच जीतकर खिताब पर कब्जा किया।

# पेंशन भुगतान की मांग को लेकर गरजे अशासकीय अध्यापक

- सीईओ कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन
- सीईओ के आश्वासन के बाद अनशन किया समाप्त

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में सोमवार को प्रदर्शन करते अशासकीय शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतिम आहरित वेतन के आधार पर पेंशन का भुगतान करने समेत तमाम मांगों को लेकर अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को नाराज शिक्षकों ने सीईओ कार्यालय में अनशन में बैठ जमकर प्रदर्शन किया। जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई।

सीईओ कार्यालय परिसर में अनशन पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि महानिदेशालय से आदेशों के बाद भी सीईओ की ओर से जिले के सेवानिवृत्त शिक्षकों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है।

वहीं, कई शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जबकि अन्य जिलों में ऐसा समस्या नहीं है। हालांकि इधर, सीईओ के आश्वासन के बाद शिक्षकों ने अपना आंदोलन और अनशन समाप्त कर दिया। यहां संघ के जिलाध्यक्ष हीरा सिंह मेहरा, ललित मोहन जोशी, पूरन सिंह अल्मियां, अशोक कुमार पंत, महेंद्र सिंह चौहान, प्रकाश खोलिया, डॉ. महेंद्र सिंह महरा, डॉ. बाला दत्त शर्मा, भुवन चंद्र नैनवाल, ललित मोहन टम्टा, अशोक रावत, डीडी फुलोरिया, हेमा चम्याल, माया जोशी आदि मौजूद रहे।

### सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में उठीं कई समस्याएं

**टनकपुर :** ग्राम पंचायत बस्तिया में नोडल अधिकारी केके श्रीवास्तव की अध्यक्षता और ग्राम प्रधान सरोज देवी के संचालन में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कई समस्याएं उठाते हुए उनके निस्तारण की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल समस्या का निस्तारण करने, लोनिवि से आंतरिक इंटरलॉक टाइल लगाने, मेला स्थल में चार दिवारी व धर्मशाला निर्माण किए जाने, गांव में सोलर लाइट की व्यवस्था किए जाने समेत कई समस्या रखते हुए उनके निस्तारण की मांग की गई। कार्यक्रम में पुष्पा विश्वकर्मा, भुवन चंद्र पांडेय, लक्ष्मण सिंह, तनुजा देव, वीडियो रिंकी चौधरी, रश्मि सिंह, विद्युत विभाग के एसडीओ मयंक भट्ट, केशव चन्द, दिनेश आदि थे।

# धान क्रय केंद्रों को लेकर एसडीएम ने काश्तकारों की सुनीं समस्याएं

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर, तहसील सभागार में किसानों के साथ वार्ता करतीं एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा।

**अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र में स्थापित धान क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने एवं तौल प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार की सायं करीब चार बजे एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा ने तहसील सभागार में केंद्र प्रभारियों, राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में किसानों के साथ बैठक कर समस्याएं सुनी।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने किसानों की समस्याओं को रखते हुए कहा कि उनकी सबसे प्रमुख मांग यह है कि क्रय केंद्रों पर 26 एवं 31 प्रजाति का धान नहीं लेने की बात कही जा रही है, जबकि क्षेत्र में अधिकांश किसानों ने इसी बैरायटी की फसल उगाई है। उनका कहना था कि इस प्रजाति के धान को नहीं खरीदने के कोई आदेश नहीं हैं। इस मौके पर भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, प्रदेश सचिव बिजेंद्र सिंह डोगरा, जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह निज्जर, हरेंद्र हुड्डा, गगन सरना, अजीत प्रताप रंधावा, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, वरिष्ठ विपणन अधिकारी नलनी कांत, पूर्ति निरीक्षक विपिन पाठक, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, एडीओ सहकारिता संजय मियान, निधि सक्सेना, राजस्व उपनिरीक्षक नेहा, आलोक रौतेला आदि मौजूद रहे।


### आकर्षक झांकी के साथ कुमाऊं एकता महोत्सव का शुभारंभ

**चम्पावत :** नेपाल सीमा से लगे रौशाल में तीन दिवसीय कुमाऊं एकता महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। सोमवार को महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में रौशाल बाजार से महोत्सव स्थल तक शोभायात्रा निकाली। यात्रा के आगे छोलिया नर्तक अपने करतब दिखाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने कुमाऊनी व गढ़वाली सांस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। महोत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश भट्ट की अध्यक्षता व संजय पांडेय के संचालन में जिला पंचायत सदस्य पुष्कर राम ने महोत्सव का उद्घाटन किया। कोषाध्यक्ष बसंत भट्ट, सचिव मोहन भट्ट, महेंद्र सिंह बोहरा, हरीश कुमार, नैनराम, महेंद्र सिंह, चंद्रकांत तिवारी, त्रिलोक सिंह व प्रकाश आदि थे।

**रामलीला** — टनकपुर के कोट अमोड़ी में कलाकारों ने दर्शकों का मन मोहा

# संदेशा हे पवनसुत तू सिया प्यारी से कह देना.....

संवाददाता, टनकपुर


लोहाघाट में राम-लक्ष्मण संवाद का दृश्य। ● अमृत विचार



बसभीड़ा में रामलीला की तालीम लेते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खंड चंपावत के कोट अमोड़ी में रामलीला का आयोजन जारी है। नवें दिवस की लीला में सीता की खोज से लेकर लंका दहन तक की लीला का मंचन किया गया। देर रात तक चली लीला का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।

सीता की खोज में राम, लक्ष्मण सहित वानर सेना चारों दिशाओं में सीता की खोज में जुट जाती है। हनुमान सात समुद्र पार लंका पहुंच जाते हैं। इससे पहले राम हनुमान से कहते हैं-संदेशा हे पवनसुत तू सिया प्यारी से कह देना, विरह में जिसके व्याकुल हूं दशा मेरी सुना देना..., जिसके बाद पवनसुत हनुमान लंका पहुंचकर पूरी अशोक वाटिका को तहस नहस कर देते हैं इस दौरान अक्षय कुमार और हनुमान के बीच में युद्ध होता है। हनुमान अक्षय कुमार को वध कर देते हैं। जिसके बाद मेघनाथ नागपास से हनुमान को पकड़ कर राजा रावण के सम्मुख ले जाते हैं। राम के पात्र का अभिनय मनीष भट्ट, लक्ष्मण का आयुष भट्ट, सीता अंकित का भट्ट, रावण का ईश्वरी दत्त भट्ट एवं हनुमान के पात्र का रूपदेव भट्ट ने शानदार अभिनय किया। लीला का संचालन बलदेव भट्ट ने किया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष बालकृष्ण भट्ट, कोषाध्यका गोविंद बल्लभ, तालीम मास्टर हेतराम भट्ट, बाजा वादक श्याम सुंदर, हरीश चंद्र, बलदेव भट्ट, ललित आदि मौजूद रहे।

### बसभीड़ा में अभिनय के गुर सीख रहे हैं कलाकार

**बैरती (अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के बसभीड़ा में इन दिनों रामलीला का पूर्वाभ्यास चल रहा है। देर रात तक कलाकार रामलीला की तालीम ले रहे हैं। रामलीला मंच के डायरेक्टर चंद्रलाल वर्मा व सह डायरेक्टर किरन कुमार पांडेय के कुशल निर्देशन में कलाकार अभिनय के गुर सीख रहे हैं। कमेटी के अध्यक्ष नारायण दत्त तिवारी ने बताया कि रामलीला मंचन का शुभारंभ दीपावली के बाद 27 अक्टूबर से होने जा रहा है। इसके लिए आवश्यक तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। कमेटी के मीडिया प्रभारी हेमंत वर्मा ने बताया कि पात्रों का चयन भी लगभग पूरा हो गया है।

### सीता लाओ अरे जनक तुम, धनुष के टुकड़े करूंगा मैं...

**लोहाघाट :** नगर से लगे फोर्ती गांव में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। दूर-दूर से आए राजाओं ने धनुष तोड़ने का प्रयास किया। विश्वामित्र एवं राम-लक्ष्मण तथा अन्य राजा-महाराजाओं का यथाक्रम सभा में प्रवेश होता है। जनक मंत्री से कहते है- हे मंत्री देश-देशान्तर से आए हुए नरेशों को सभा में बुलाओ। एक-एक करके सब नरेश सभा में आते हैं और उनका परिचय कराया जाता है। रावण और बाणासुर भी प्रवेश करते हैं। राजा जनक कहते हैं- लंका नरेश मैंने अपनी पुत्री के ब्याह हेतु स्वयंवर रखा है। इसी कारण राजा-महाराजा यहां पधारे हैं। रावण कहता है- सीता लाओ अरे जनक तुम, धनुष के टुकड़े करूंगा मैं..., वह घमंड में आकर कहता है- यह कोई साधारण धनुष नहीं, जो कोई भी तोड़ सके आज सिया का विवाह मेरे साथ होगा।


जसपुर में नशे को लेकर जानकारी देतीं जज जहां आरा अंसारी। ● अमृत विचार

### नशा रोकने के उपायों को लेकर किया गया मंथन

**जसपुर :** सिविल जज ने विद्यार्थियों के साथ नशा रोकने के उपायों पर मंथन किया। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए। नशे पर पूरी तरह रोक लगाने को धरातल पर कार्य करने को जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर जेनेसिस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यशाला में सिविल जज जहां आरा अंसारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी एवं सघन जागरूकता अभियान से नशे को रोका जा सकता है। इसे रोकना सिर्फ सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने जज का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. बीएस गौतम, मो.अजहरुद्दीन, राजवीर सिंह, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, सोनू कुमार, आदेश कुमार, संगीता रानी, मनीष आदि मौजूद थे।



कोई भी मार्ग छोड़ा जा सकता है, बदला जा सकता है। पथ-भ्रष्ट होना कुछ नहीं होता, अगर लक्ष्य-भ्रष्ट न हुए।

-अज्ञेय, साहित्यकार

# जिम्मेदारियों का स्खलन

दार्जिलिंग की आपदा दर्दनाक और दुखद है, लेकिन यह पहली बार नहीं है। यह त्रासदी अब लगभग नियमित सी हो चली है। दस साल पहले दार्जिलिंग जिले के दार्जिलिंग, कालिमपोंग और कुर्सियांग उपखंडों में भूस्खलन की करीब 25 घटनाएं हुई थीं, जिनसे सैकड़ों घर तबाह हुए थे। बीते वर्ष अक्टूबर के पहले सप्ताह में भी भयंकर भूस्खलन ने तबाही मचाई थी। प्रधानमंत्री ने स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रश्न यह है कि आखिर यह सिलसिला कब तक जारी रहेगा? दार्जिलिंग के लोगों को इससे निजात दिलाने की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? तकनीक, विज्ञान और विकास के इस दौर में यह बहाना अब स्वीकार्य नहीं कि 'कुदरत के कहर को कौन रोक सकता है।'

सच है कि दार्जिलिंग हिमालय की संवेदनशील पर्वतीय श्रृंखला में स्थित है, जहां भूगर्भीय अस्थिरता पहले से ही मौजूद है- यह सबको पता है, लेकिन बिना भूगर्भीय परीक्षण के ढलानों पर होटल, घर और सड़कों का निर्माण, मिट्टी को मजबूत करने वाले वनों की अंधाधुंध कटाई, भारी बारिश के दौरान जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होना और पर्यटन से कमाई की होड़ में पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ने की मानवीय लापरवाही- इन सबने मिलकर इस खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। इन तथ्यों से भी कोई अनजान नहीं है, पर समाधान की जिम्मेदारी कोई नहीं लेना चाहता। किसी सामूहिक प्रयास के बजाय कोई स्थानीय राजनीति को जिम्मेदार ठहराता है, कोई ममता बनर्जी को, कुछ विपक्ष को दोष देते हैं, तो कुछ गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन यानी जीटीए की अकर्मण्यता को। वहीं जीटीए दोहरे नियंत्रण का हवाला देती है। साफ है कि राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी और संस्थागत टकराव ने दार्जिलिंग को एक 'स्थायी आपदा क्षेत्र' बना दिया है।

अब समय है दोषारोपण छोड़कर ठोस कदम उठाने का। आवश्यक है कि राज्य में एक एकीकृत आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बने, जो स्वतंत्र और विशेषज्ञ-आधारित निकाय हो तथा जीटीए और राज्य सरकार के बीच समन्वय स्थापित करे। हर निर्माण से पहले भूगर्भीय सर्वेक्षण और वैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य हों तथा ढलानों पर निर्माण पूरी तरह वर्जित किया जाए। स्थानीय समुदायों की भागीदारी से वनीकरण और पर्यावरण-संरक्षण अभियानों को पूरे क्षेत्र में जोर-शोर से शुरू किया जाए। बरसात के पानी को नियंत्रित करने के लिए आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित हो और स्थायी जल निकासी प्रणाली में सुधार किया जाए। स्कूलों, पंचायतों और पर्यटन केंद्रों में आपदा शिक्षा और प्रशिक्षण देकर स्थानीय जागरूकता बढ़ाई जाए। पर्यटन नीति में पर्यावरणीय संतुलन को भी प्रमुखता दी जानी चाहिए और नियमों का कड़ाई से पालन हो। दार्जिलिंग की प्राकृतिक सुंदरता पर अब आपदा का ग्रहण लग चुका है। यह केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक और राजनीतिक विफलता का प्रतीक भी है। जब तक राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीवन और प्रकृति की रक्षा की ओर नहीं मुड़ती, तब तक इस सुंदर पर्वतीय क्षेत्र की त्रासदियां यूं ही दोहराई जाती रहेंगी।

## प्रसंगवश

# उल्टा नाम जपत जग जाना वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना

उल्टा नाम जपत जग जाना, वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना। वाल्मीकि जी राम नाम का उच्चारण नहीं कर पाते थे। तब नारद जी ने विचार करके उनसे मरा-मरा जपने के लिए कहा और मरा रटते ही यही राम हो गया। निरंतर जाप करते हुए वाल्मीकि जी ऋषि वाल्मीकि बन गए। विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में सिरमौर रामायण, जिसे आदि रामायण भी कहा जाता है और जिसमें भगवान श्रीराम के पवित्र एवं जनकल्याणकारी चरित्र का वर्णन है, के रचयिता महर्षि वाल्मीकि संसार के आदि कवि हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक ऐसा महान महाकाव्य है, जो हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श और पावन जीवन के निकट लाता है। उनकी सत्यनिष्ठा, पितृ भक्ति और भ्रातृ प्रेम, कर्तव्यपालन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है। वाल्मीकि के जीवन चरित को लेकर समाज व साहित्य में कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं।



अरविंद जयतिलक
लेखक

वाल्मीकि ने रामायण में श्लोक संख्या 7/93/16, 7/96/18 और 7/111/11 में स्वयं को प्रचेता का पुत्र कहा है। मनु स्मृति में प्रचेता को वशिष्ठ, नारद व पुलस्त्स्य का भाई बताया गया है। प्रचेता का एक नाम वरुण भी है और वरुण ब्रह्मा जी के पुत्र थे। यह भी माना जाता है कि वाल्मीकि वरुण अथवा प्रचेता के 10 वें पुत्र थे और उनके दो नाम-अग्निशर्मा और रत्नाकर थे। समाज में एक क्विदंती यह भी है कि बाल्यावस्था में रत्नाकर यानी वाल्मीकि को एक निःसंतान भीलनी ने चुराकर उनका पालन-पोषण किया। भीलनी का समुदाय असभ्य और बर्बर था। वन्य जीवों का शिकार और दस्युकर्म उनके जीवन यापन का मुख्य साधन था। चूंकि रत्नाकर यानी वाल्मीकि इन्हीं असभ्य भीलों की संगति में रहते थे, लिहाजा वे भी दस्यु कर्म करने लगे।

एक बार जंगल में उनकी मुलाकात नारद मुनि से हुई। उन्होंने रत्नाकर को सत्य का ज्ञान कराया। रत्नाकर ने नारद जी से अपने किए गए पापों से उद्धार का मार्ग पूछा। नारद जी ने उन्हें तमसा नदी के तट पर राम-राम का जाप करने का परामर्श दिया। रत्नाकर दस्यु कर्म का परित्याग कर कठोर साधना में जुट गए। कहा जाता है कि वे राम-राम का जप करना भूल मरा-मरा का जप करने लगे। कई वर्षों तक कठोर तपस्या के उपरांत उनके पूरे शरीर पर चीटियों ने बांबी बना ली, जिसके कारण उनका नाम वाल्मीकि पड़ा। वाल्मीकि के बारे में कहा जाता है कि एक बार वे क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े को प्रेमालाप करते हुए निहार रहे थे, तभी उसी समय एक बहेलिए ने पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया और मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके इस विलाप से महर्षि वाल्मीकि करुणामय हो गए और उनके मुख से स्वतः ही श्लोक फुट पड़ा- 'मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकम् अवधीः काममोहितम।' इसका अर्थ यह हुआ कि 'अरे बहेलिए तूने मैथुनरत क्रौंच पक्षी को मारा है, जा तुझे कभी भी प्रतिष्ठा की प्राप्ति नहीं होगी।

वाल्मीकि ने रामायण में अनेक घटनाओं के घटने के समय सूर्य, चंद्र एवं अन्य नक्षत्र की स्थितियों का भी उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट जानकारी मिलती है कि वाल्मीकि ज्यातिष व खगोल विद्या के भी विद्वान थे। उन्होंने महाकाव्य में अद्वितीय शैली में प्रकृति का चित्रण, संवाद-संयोजन और विषय का प्रतिपादन किया है। वाल्मीकि रामायण में दर्शन, राजनीति, नैतिकता, शासन कुशलता व मनोविज्ञान का भी विशद् वर्णन है। तात्पर्य यह है कि महर्षि वाल्मीकि विविध विषयों के ज्ञाता थे। शास्त्रों में वर्णित है कि अपने वनवास के मध्य में भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में गए थे।

# मौत का सिरप व जवाबदेही से भागता तंत्र!





प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

मध्य प्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कफ सिरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए एक अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी, किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बयान दे दिया कि सिरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। सिरप की उत्पादन इकाई तमिलनाडु में है।

मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी।

बच्चों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ. प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके, उन्हें फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सिरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है।

यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था, तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा, क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भंडार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है, बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं।

इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सिरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सिरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी की 30 जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था।

कंपनी की मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि कंपनी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं, जबकि भारत की यह दवा कंपनी अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। कंपनी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश और दुनिया में बेचती है।

ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं, क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाए हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए, तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि लोग दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होता है।

इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए मंहगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केंद्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी, लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं।

विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं, लेकिन मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है।

> यूपीए सरकार ने नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था, लेकिन धरातल पर उसका असर दिखा नहीं।

## आमने सामने



हमारे प्रदेश अध्यक्ष चुनाव आयोग की बैठक में शामिल थे। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने साफ कहा कि औरतों के चेहरे का मिलान कराकर ही वोटिंग कराई जाए। अगर बुर्का चलता है, तो फिर घूंघट पर भी रोक नहीं लगनी चाहिए। दोनों पर समान नियम लागू हों।

-कृष्ण नंदन पासवान
गन्ना उद्योग मंत्री, बिहार

चुनावी प्रक्रिया पहले से ही पारदर्शी है। बीजेपी सिर्फ चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रही है। यह विवाद वोट बैंक की सियासत का हिस्सा है, इस बयान का मकसद वोटों का ध्रुवीकरण करना है।

-मृत्युंजय तिवारी
आरजेडी प्रवक्ता, बिहार



# दिशाहीन कृषि और खेती से विमुख होते युवा



अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

उत्तम खेती मध्यम बान, अधम चाकरी, भीख निदान की किवदंती उनके लिए गुजरे जमाने की बात हो गई है। ग्रामीण युवा मानते हैं कि अब कृषि कार्य न तो सर्वोत्तम रह गया है न ही नौकरी करना निकृष्ट कार्य। खेती-किसानी नहीं वरन नौकरी-सेवा आज के ग्रामीण युवाओं की पहली पसंद बन चुका है। देश की कुल आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 29 प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2036 तक आंकड़ा घटकर करीब 23 प्रतिशत तक रह जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को यदि जल्द ही मानव संपदा में तब्दील नहीं किया गया, तो परिणाम नकारात्मक ही मिलेंगे। उच्च जीवन स्तर की तलाश में आज के युवा गांवों की डीह लांघकर शहरों में चकाचौंध भरा जीवन गुजारने को उन्मुख हैं।

हमारे आर्थिक ढांचे की कभी रीढ़ रही कृषि अब दिशाहीन हो चली है। कृषि लागत दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। संबंधित संसाधन तो बढ़े हैं, किंतु बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर लगभग तोड़ ही दी है। उच्च उपज देने वाले बीज, फर्टिलाइजर व कीटनाशक दवाओं की अनवरत वृद्धि से मझोले व सीमांत किसान निराश हो गए हैं। अनियमित मौसम पर निर्भरता, घटती कृषि उत्पादकता, बढ़ती लागत, अनिश्चित बाजार मूल्य, साहूकारों का कर्ज व भूमि क्षरण जैसी समस्याएं कोढ़ में खाज का काम कर रही है। रासायनिक खेती के बढ़ने से, जहां मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हुई है, वहीं जलवायु परिवर्तन के कारण सूखा व बाढ़ जैसी समस्याओं ने अन्नदाताओं की कमर ही तोड़ दी है। ये कुछ बड़े कारण हैं, गांवों से युवाओं के मोहभंग का। खेती-किसानी को पटरी पर लाने व युवाओं को गांवों में ही रोजगार देकर पलायन रोकने के लिए सरकार की सारी योजनाएं व सारे जतन फाइलों में हैं, कागजों में सरपट दौड़ रहे हैं। सरकारी मशीनरी उदासीनता से उबर नहीं पा रही, बेहतर करने की इच्छा शक्ति दम तोड़ चुकी है। सरकार द्वारा घोषित व देय संदर्भित संसाधन उनके लिए वैसे ही हैं, जैसे नंगा नहाएगा क्या निचोड़ेगा क्या?

आधारभूत संरचनाओं की कमी, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव भारतीय गांवों के लिए अभी भी अभिशाप ही बना हुआ है। उक्त मूल कारणों से ही युवाओं का अपने गांवों से मोहभंग होता जा रहा है। गांवों का मूल आधार खेती-किसानी अब अपना स्वरूप बदल चुका है। आज का ग्रामीण युवा अपना भविष्य गांव में नहीं, वरन शहरों में तलाशने लगा है। एक अनुमान के अनुसार भारत में किसानों की संख्या करीब 15 करोड़ है। करीब 67 प्रतिशत किसानों की जोत का आकार एक हेक्टेयर से कम है, जबकि 18 प्रतिशत के पास एक से दो हेक्टेयर जमीन है। मात्र दो प्रतिशत किसानों के पास ही 10 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि है। कह सकते हैं, 0.7 प्रतिशत किसानों के पास कुल खेती की जमीन का 10.5 प्रतिशत हिस्सा है।

भारत की 45 प्रतिशत ग्रामीण आबादी भूमिहीन है, जिसमें से कुछ के पास नाममात्र की जमीन है। आधुनिक खेती से भारत में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि तो हुई है। वर्तमान में देश का अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन करीब 330 मिलियन टन है। कृषि व संबद्ध क्षेत्रों का योगदान भी करीब 18.3 प्रतिशत है। देश की कुल आबादी के करीब 69 प्रतिशत जन आज भी गांवों में ही निवास करते हैं। आज भारत की 60 प्रतिशत खेती बटाई या ठेके पर हो रही है समय के साथ ग्रामीण परिवारों में भी वृद्धि दर बढ़ती जा रही है। आज से 50 वर्ष पूर्व जिस परिवार के पास 20 बीघे खेत था, वह परिवार बढ़ने के बाद कई भागों में विभक्त हो गई है। कृषि जोतों का आकार धीरे-धीरे इस कदर घटता जा रहा कि आगामी दिनों में सीमांत किसान कहीं भूमिहीनों की श्रेणी में न आ जाए?

भविष्य को देखते हुए ही ग्रामीण युवा आज पलायन को मजबूर होता दिख रहा है। एक आंकड़े के अनुसार 1990 से 2001 के मध्य गांवों से शहरों में पलायन की वार्षिक वृद्धि दर 2.4 फीसदी थी, जो वर्ष 2001 व 2011 के बीच बढ़कर 4.5 प्रतिशत हो गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की वर्तमान रिपोर्ट के अनुसार रोजगार के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य में 87.5 फीसदी लोग पलायन करते हैं। खेतिहर मजदूर युवाओं के लिए तो गांवों में जीवन यापन दुरूह हो गया है। शहरों में जाकर गुजर-बसर करना उनकी मजबूरी बन चुकी है। यक्ष प्रश्न यह कि आखिर ग्रामीण युवाओं के पलायन को रोका कैसे जाए? खेती-किसानी के अलावा कृषि उद्यमिता से कैसे जोड़ा जाए?

कृषि विशेषज्ञों व समाजशास्त्रियों का मानना है कि विभिन्न फसलों की खेती, खाद्य प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन, जैव-उर्वरक, जैविक उत्पाद, कृषि उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर और कई अन्य इनपुट्स का उत्पादन जैसे आयाम पलायन रोकने का बड़ा माध्यम बन सकते हैं। खेती-किसानी को व्यापारिक बनाकर, उच्च प्रौद्योगिकी से जोड़कर युवा पीढ़ी को खेत-खलिहान की ओर मोड़ा जा सकता है। कौशल विकास के माध्यम से दक्ष बनाकर भी युवाओं का पलायन रोका जा सकता है। सीमांत व भूमिहीन किसानों के लड़के/लड़कियां मिट्टी तैयार करने, जुताई, बुवाई, रोपण, निराई, कटाई आदि कार्य करना नहीं चाहते। अब वे गांवों से निकलकर कस्बों व शहरों में जाकर धन कमाने की अभिलाषा रख रहे हैं।

> उत्तम खेती मध्यम बान, अधम चाकरी, भीख निदान की किवदंती ग्रामीण युवाओं के लिए गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब न खेती सर्वोत्तम रह गई है और न ही नौकरी करना निकृष्ट कार्य।

## सोशल फोरम

# मिथः भूलन बेल दिमाग का सब कुछ भुला दे!





पुष्प लता
ब्लॉगर

कहते है यदि एक बार भूलन बेल पर आपने पैर रख दिया या उसके करीब से गुजर गए, तो कुछ समय के लिए आप सब कुछ भूल जाएंगे। पौराणिक ग्रंथों में भी इसका वर्णन मिलता है, क्योंकि वन प्रवास के दौरान पांडव कई दिनों तक घने वन की भूल-भुलैया में फंसकर रह गए। वैसे कई लोग अकाव जैसे चौड़े पत्ते वाली बेल को भूलन बेल कहते हैं। मानते हैं कि ये इतना असरकारक है कि देखने वाला खुद ही भूल जाता है कि कौन सी भूलन बेल है।

इसे क्लाइंबिंग फर्न भी कहते है। फर्न की तरह दिखने वाला यह बेल नुमा पौधा छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र खासकर पातालकोट में पाया जाता है। चूंकि इसका सबसे ज्यादा प्रयोग तंत्र मंत्र और टोटके में किया जाता है, इसलिए स्थानीय आदिवासी लोग इसका नाम लेने से भी कतराते हैं।

पहले जब घने जंगल हुआ करते थे, तब कोई जंगल में कंदमूल लेने या शिकार करने जाता और कई दिनों तक नहीं लौटता, तो कबीले वाले अक्सर कहते- उसे भूलन लग गई। कई दिन बाद जब वह बदहवास सा लौटता तो मान लिया जाता कि बात सच है।

प्राचीन काल में इसका अर्क शत्रु राज्य के विरोध में उपयोग किया जाता था। कहते हैं, कभी कोई गुप्तचर, भेदी राज्य के भेद जान जाए, तो भूलन बेल का अर्क पिलाकर उसे सब कुछ भुला दिया जाता। इससे जुड़ी और भी कई किवदंतियां और कथाएं प्रचलित हैं। वैसे ये मस्तिष्क ज्वर, टायफाइड, पीलिया, कृमि नाशक और कई असाध्य रोगों के उपचार में उपयोग होता है।

इससे जुड़ी भ्रांतियां या प्रचलित लोक मान्यता इतनी प्रबल है कि आदिवासी क्षेत्र में यदि आप जाओ और किसी को कह दो- चलो वन में भूलन बेल खोजने चलते हैं तो वह भाग जाएगा।

## सामयिकी

# बच्चों के खिलाफ अपराधों में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि

आज इंसान अपने घर तक में सुरक्षित नहीं है। हाल में ही ऐसी कई खबरें सामने आई हैं, जहां घरवालों ने ही व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। शादी होने के कुछ समय उपरांत ही पत्नी द्वारा पति को मार दिया गया। कहीं किसी बहू को मारा गया, तो कहीं किसी के बेटे ने अपने पिता को ही जान से मार दिया। फिर हम कैसे कह सकते कि इंसान अपने घर पर सुरक्षित है? हालांकि सभी घर-परिवार ऐसे नहीं हैं, बहुतेरे घरों की आपसी प्रेम और सौहार्द की मिसालें दी जाती हैं, लेकिन अपराध के बढ़ते दायरे का अंदाजा अखबार की खबरों से होता है। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं, पुरुष, लड़के-लड़कियां सभी किसी न किसी अपराध के शिकार हैं। इस डिजिटल युग में डिजिटल अपराध भी अपने चरम पर है। कब कौन और कहां पर ठगी का शिकार बन जाए, कहा नहीं जा सकता। जरा सी बात कब हिंसात्मक रूप धारण करके अपराध का चोला पहन ले, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।



शिवालिक अवस्थी
लेखक

हाल ही में एनसीआरबी यानी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने विभिन्न अपराधों से जुड़ी 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में लगभग हर क्षेत्र से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। वर्ष 2023 की बात करें तो कुल 62,41,569 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा कुल 58,24,946 का था। यानी इस वर्ष 2023 में वर्ष 2022 की तुलना में कुल 7.2 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। मर्डर यानी हत्या के मामलों में इनमें थोड़ी गिरावट जरूर आई है। 2022 में जहां 28,522 मामले सामने आए थे, वहीं 2023 में यह आंकड़ा 27,721 तक सिमट कर रह गया है। यानी 2.8 प्रतिशत की गिरावट सामने आई है। दूसरी ओर अपहरण के मामलों में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि सामने आई है। वर्ष 2022 में अपहरण के जो आंकड़े 1,07,588 थे, वर्ष 2023 में वही बढ़कर 1,13,564 तक पहुंच गए हैं।

महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में भी 0.7 प्रतिशत की वृद्धि सामने आई है। वर्ष 2022 में, जहां कुल मामले 4,45,256 थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर 4,48,211 पहुंच गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा मामले (29.8 प्रतिशत) घरेलू हिंसा के तहत दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2023 में प्रति लाख महिला जनसंख्या पर दर्ज अपराध 66.2 हैं। बच्चों के विरुद्ध अपराधों में भी 9.2 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। 2022 में जो आंकड़ा 1,62,449 था, 2023 में बढ़कर 1,77,335 तक पहुंच गया है। इसमें सबसे ज्यादा मामले (45 प्रतिशत) बच्चों के अपहरण के ही हैं। वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

अब बात करते हैं साइबर अपराध की। डिजिटल युग में डिजिटल अपराध भी बढ़ने लगे हैं। साइबर क्राइम के तहत 31.2 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखने को मिली है। 2022 में जो मामले 65,893 थे, वहीं 2023 में बढ़कर 86,420 तक पहुंच गए हैं। इसमें 68.9 प्रतिशत मामले फ्रॉड अथवा ठगी से जुड़े हैं। इस वर्ष मानव तस्करी के मामलों में भी 3 प्रतिशत गिरावट देखने को मिली है। हर छोटे-बड़े अपराध को रोकने के लिए हम सभी का एकजुट होना अनिवार्य है और इसकी शुरुआत अपने घर से ही करनी होगी। जब हम सभी अपने बच्चों और युवाओं को सही सीख देंगे तो वह कल एक अच्छे नागरिक बनेंगे। अब समय आ चुका है, जहां अपराध के विरुद्ध आवाज उठाई जाए और समाज को बेहतर दिशा की ओर ले जाया जाए। स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण ही हम सभी का नवीन संकल्प होना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

**2500** वर्ष पुराना है कुमाऊं मंडल में मंदिरों का यह समूह

**250** मंदिर हैं यहां, जिनमें एक ही स्थान पर छोटे-बड़े 224 मंदिर

**6200** फीट की ऊंचाई पर स्थित समुद्रतल से यह धाम

### यह भी जानें

- सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम (हल्द्वानी) है। यहां से सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम की दूरी करीब 120-125 किलोमीटर है।
- सबसे नजदीकी हवाई अड्डा पंतनगर एयरपोर्ट है। यहां से सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम की दूरी करीब 150 किमी है।
- अल्मोड़ा जिला मुख्यालय से जागेश्वर धाम की दूरी करीब 35 किलोमीटर है।
- मौसम के लिहाज से बरसात का क्रम थमने के बाद सितंबर से नवंबर तक यहां मौसम सुहावना रहता है।



# पावन जागेश्वर धाम
## यहां मिलती है महादेव की अलौकिक कृपा

सदियों से शिवभक्ति को समर्पित भगवान महादेव की अलौकिक कृपा पाने के लिए पौराणिक जागेश्वर धाम का आध्यात्मिक जगत में अपना विशिष्ट महत्व है। समुद्रतल से करीब 6200 फीट की ऊंचाई पर कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह पावन धाम आस्था का विशिष्ट केंद्र है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता करीब 2500 वर्ष पुराना 250 मंदिरों का समूह है, जिनमें एक ही स्थान पर छोटे-बड़े 224 मंदिर हैं। धार्मिक लिहाज से महत्वपूर्ण अल्मोड़ा जिले में कई पौराणिक और ऐतिहासिक मंदिर हैं। इसमें जागेश्वर धाम विश्व के प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल है। जागेश्वर धाम के पुजारी हरिमोहन भट्ट पुराणों के हवाले से बताते हैं कि यहां भगवान शिव और सप्त ऋषियों ने तपस्या की थी। इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग को लेकर मान्यता है कि आदि शंकराचार्य ने इसकी प्राण प्रतिष्ठा की थी। जागेश्वर मंदिरों के समूह व ज्योतिर्लिंगों आदि के लिए जागेश्वर धाम का नाम इतिहास में दर्ज है। शिव पुराण, लिंग पुराण और स्कंद पुराण आदि पौराणिक कथाओं में भी मंदिर का उल्लेख होता है। मंदिर में शिलालेख, नक्काशी और मूर्तियों का अनुपम खजाना है। पवित्र जाटगंगा नदी की घाटी में स्थित मंदिर में वास्तुकला और इतिहास के लिहाज से भी कई पौराणिक स्थान है। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग होने से इसका महत्व और बढ़ जाता है।

*प्रस्तुति- कमलेश कनवाल*



### श्रद्धालुओं की मनोकामना होती है पूरी

जागेश्वर धाम में मुख्य तौर पर शिव, विष्णु, शक्ति और सूर्य देव की पूजा होती है। दंडेश्वर मंदिर, चंडी मंदिर, जागेश्वर मंदिर, कुबेर मंदिर, मृत्युंजय मंदिर, नंदा देवी या नौ दुर्गा, नवग्रह मंदिर और सूर्य मंदिर यहां के प्रमुख मंदिर हैं। पुष्टि माता और भैरव देव की भी पूजा होती है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



### शुद्ध मन और पवित्र हृदय से ही आएं यहां

पुजारी भट्ट कहते हैं कि जागेश्वर धाम आकर भगवान शिव की कृपा पाना चाहते हैं तो मन के भाव शुद्ध और हृदय पवित्र होना चाहिए। शिव तो बड़े दयालु हैं, लेकिन आप किसी का अनिष्ट करने की कामना लेकर यहां आते हैं तो वह कभी पूरी नहीं होगी। यहां केवल अपने और अपने प्रियजनों की मंगलकामनाएं ही पूरी होती हैं।




हरिमोहन भट्ट
पुजारी जागेश्वर धाम

---

बोध कथा

## सकारात्मक सोच



एक राजा था, जिसके एक पैर और एक आंख थी। उस राज्य में सभी लोग खुशहाल थे, क्योंकि राजा बहुत बुद्धिमान और प्रतापी था। एक बार राजा को विचार आया कि क्यों खुद की एक तस्वीर बनवाई जाए। फिर क्या था, देश-विदेश से चित्रकारों को बुलवाया गया और एक से एक बड़े चित्रकार राजा के दरबार में आए। राजा ने उन सभी से हाथ जोड़कर आग्रह किया कि वो उसकी एक बहुत सुंदर तस्वीर बनाएं, जो राजमहल में लगाई जाएगी। सारे चित्रकार सोचने लगे कि राजा तो पहले से ही विकलांग हैं, फिर उसकी तस्वीर को बहुत सुंदर कैसे बनाया जा सकता है? ये तो संभव ही नहीं है और अगर तस्वीर सुंदर नहीं बनी तो राजा गुस्सा होकर दंड देगा। यही सोचकर सारे चित्रकारों ने राजा की तस्वीर बनाने से मनाकर दिया।

तभी पीछे से एक चित्रकार ने अपना हाथ खड़ा किया और बोला कि मैं आपकी बहुत सुंदर तस्वीर बनाऊंगा जो आपको जरूर पसंद आएगी। फिर चित्रकार जल्दी से राजा की आज्ञा लेकर तस्वीर बनाने में जुट गया। काफी देर बाद उसने एक तस्वीर तैयार की जिसे देखकर राजा बहुत प्रसन्न हुआ और सारे चित्रकारों ने अपने दांतों तले उंगली दबा ली। उस चित्रकार ने एक ऐसी तस्वीर बनाई, जिसमें राजा एक टांग को मोड़कर जमीन पे बैठा है और एक आंख बंद करके अपने शिकार पे निशाना लगा रहा है। राजा ये देखकर बहुत प्रसन्न हुआ कि उस चित्रकार ने राजा की कमजोरियों को छिपाकर कितनी चतुराई से एक सुंदर तस्वीर बनाई है। राजा ने उसे खूब इनाम एवं धन दौलत दी।

*-सुरेन्द्र अग्निहोत्री*

# भारतीय संस्कृति में दांपत्य जीवन का पावन विधान

भारतीय संस्कृति में विवाह को संस्कार माना गया है। यह दो आत्माओं का विशुद्ध मिलन है। इसमें पति-पत्नी के शरीर दो रहते हुए भी मन एकाकार हो जाता है। जिस प्रकार हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन अपना अस्तित्व खोकर जलरूप बन जाते हैं, उसी प्रकार पति-पत्नी अपना अस्तित्व खोकर दंपती कहलाते हैं। भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी का संबंध काया एवं छाया की भांति है। जिस परिवार में पति-पत्नी के विचार मिलते हों, वह परिवार स्वर्ग होता है। वहां प्रेम की सरिता बहती है। पति-पत्नी के बीच स्नेह-सम्मान, विचार-विनिमय, सहानुभूति सुखी दांपत्य के आधार हैं। यदि दोनों के बीच छिपाव-दुराव, प्रपंच एवं अहंकार उत्पन्न हो जाए तो वह परिवार नरक-तुल्य हो जाता है। पति व पत्नी एक दूसरे के प्रतियोगी नहीं, बल्कि सहयोगी एवं पूरक होते हैं। भारतीय संस्कृति में गठबंधन के बाद पति के लिए पत्नी को छोड़कर विश्व की सारी स्त्रियां मां व बहन बन जाती हैं। उसी प्रकार पत्नी के लिए सारे पुरुष भाई और पिता तुल्य बन जाते हैं।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक



आधुनिक युग में पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव भारतीय संस्कृति पर पड़ा है। परिणाम यह हुआ कि पति व पत्नी की इच्छाएं अलग-अलग हो गईं। जब भी पति एवं पत्नी के विचार में मतभिन्नता होगी तो पारिवारिक जीवन की नींव कमजोर जो जाएगी। आजकल लोग भौतिक सुख-सुविधाओं को अधिक प्रमुखता देते हैं और ये सुविधाएं मृगतृष्णा की भांति कभी पूरी नहीं होती। पति-पत्नी का पवित्र संबंध भौतिक सुखों पर आधारित हो गया है। रसना और वासना संबंधी सुख प्राप्त करना मानो युगधर्म बन गया है, जिसके कारण परिवार रूपी प्रेम की गंगा सूखी जा रही है। पति-पत्नी का संबंध पवित्रता, श्रद्धा, विश्वास, सहयोग एवं सम्मान पर आधारित होता है, लेकिन वर्तमान में श्रद्धा, विश्वास एवं सम्मान के बदले स्वार्थ तथा अहंकार की भावना काम करने लगी है, जिसके कारण पारिवारिक जीवन विखंडित होने लगे हैं। आज प्रायः अधिकांश पुरुषों व नारियों के चरित्र दूषित हो गए हैं। आज पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण करते हुए लोग स्वच्छंद आचरण को प्रमुखता दे रहे हैं, जबकि भारतीय संस्कृति पति-पत्नी के संबंध को जन्म-जन्म का संबंध मानती है।

प्राचीन काल में वर-वधु का चुनाव गुण, कर्म एवं स्वभाव के आधार पर होता था, लेकिन आज फैशन, पैसा एवं वेश-विन्यास विवाह का असली मापदंड बन गया है। आज आजादी से रहने की इच्छा और आपसी सामंजस्य के अभाव में विवाह जैसे पवित्र संबंध को हिला दिया है। युवा वर्ग इस संस्कार को बंधन करार दे रहा है। ऐसे में अहम की जबरदस्त टकराहट विवाह के मायने ही बदलकर रख देती है। पश्चिमी सभ्यता अपनाने के कारण ही विवाह के बाद भी संबंध बन रहे हैं। बदलता दृष्टिकोण परंपराओं को कितना धक्का पहुंचाएगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना तय है कि युवाओं का दृष्टिकोण पारस्परिक संबंध को लंबे समय तक जोड़े रखने में असफल हो रहा है। भारतीय संस्कृति में पति को परमेश्वर व पत्नी को घर की लक्ष्मी माना जाता है। इस परंपरा को स्थायी बनाने के लिए भारत में तीज एवं करवाचौथ जैसे कई व्रत-उपवासों की परंपरा कायम है।

अध्यात्म

## अनंत यात्रा

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है।

यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि व अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है। विशेष बात यह है कि भौतिक शरीर भी यात्रा के साथ आरंभ होकर यात्रा की समाप्ति पर स्वयं समाप्त हो जाता है। परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि व अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब व क्यों प्रारंभ हुई तथा कब व क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्रा को जारी रखता है अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।



शिशिर शुक्ला
प्रोफेसर

प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्रोत से प्राप्त होता है। संभवतः यह भी अभी तक एक रहस्य है। वस्तुतः यही बल ऊर्जा का अनंत स्रोत है अर्थात अनंत ऊर्जा जिसे परमात्मा कहकर संबोधित किया गया है। परमात्मा का आत्मा से अटूट संबंध है। आत्मा की अनंतयात्रा परमात्मारुपी बल के द्वारा ही नियंत्रित होती है, परंतु इस अनंत ऊर्जापुंज की उत्पत्ति का रहस्य सर्वथा अज्ञात है।

सप्ताह के प्रमुख व्रत

## 10 अक्टूबर- करवा चौथ, 13 अक्टूबर- अहोई अष्टमी

### करवा चौथ

उत्तर भारत में प्रचलित पूर्णिमांत कैलेण्डर के अनुसार करवा चौथ पर्व, कार्तिक माह की संकष्टी चतुर्थी पर मनाया जाता है। धर्म-सिन्धु, निर्णय-सिन्धु तथा व्रतराज जैसे धर्म ग्रंथों में करवा चौथ को करक चतुर्थी के रूप में उल्लेखित किया गया है। करक अथवा करवा मिट्टी से निर्मित एक पात्र होता है, जिसका उपयोग करवा चौथ पूजन, अर्घ्य तथा पारवारिक कुशलता हेतु दान के रूप में किया जाता है। धर्म ग्रंथों में मात्र स्त्रियों को ही इस व्रत के पालन का अधिकार दिया गया है, क्योंकि करक चतुर्थी पर किए जाने वाले इस करवा चौथ व्रत के परिणाम स्त्रियों को ही फलीभूत होते हैं। करवा चौथ व्रत का पालन पति की दीर्घायु एवं सकुशलता के साथ ही पुत्रों, पौत्रों, संपत्ति तथा परिवार की अनंत समृद्धि हेतु भी किया जाता है।

**करक चतुर्थी पर की जाने वाली विशेष पूजा मुख्यत:** देवी पार्वती को समर्पित है। अखण्ड सौभग्यवती होने के कारण सर्वप्रथम देवी पार्वती की पूजा की जाती है, तत्पश्चात् भगवान शिव, भगवान कार्तिकेय एवं भगवान गणेश की पूजा की जाती है। करवा चौथ के अवसर पर स्त्रियां देवी गौरा तथा देवी चौथ माता का पूजन भी करती हैं, जिन्हें स्वयं देवी पार्वती का रूप माना जाता है।

### देवी-देवता

देवी पार्वती करवा चौथ व्रत की मुख्य आराध्य हैं। देवी पार्वती के अतिरिक्त उनके कुटुम्ब के अन्य सदस्यों को भी पूजा जाता है, जिनमें उनके पति भगवान शिव तथा उनके पुत्र भगवान कार्तिकेय एवं भगवान गणेश सम्मिलित हैं।

### देवी पार्वती

चौथ माता (देवी चौथ), करवा चौतह

तिथि एवं समय

पूर्णिमांत कैलेण्डर के अनुसार - कार्तिक माह (आठवां चन्द्र माह) की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि (चतुर्थ दिवस)

अमांत हिन्दु कैलेण्डर के अनुसार - आश्विन माह (सातवां चन्द्र माह) के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि (चतुर्थ दिवस)

### अहोई अष्टमी

अहोई अष्टमी के दिन मातायें अपने पुत्रों की कुशलता के लिए उषाकाल, अर्थात भोर से लेकर गोधूलि बेला, अर्थात सायंकाल तक उपवास करती हैं। सायंकाल के समय आकाश में तारों का दर्शन करने के पश्चात व्रत संपूर्ण किया जाता है। कुछ महिलाएं चन्द्रमा के दर्शन करने के पश्चात व्रत पूर्ण करती हैं, किन्तु इसका अनुसरण करना कठिन होता है, क्योंकि अहोई अष्टमी की रात्रि में चन्द्रोदय विलंब से होता है। अहोई अष्टमी व्रत का दिन करवा चौथ के चार दिन पश्चात तथा दीवाली पूजा से आठ दिन पूर्व पड़ता है। करवा चौथ के समान ही अहोई अष्टमी भी उत्तर भारत में अधिक लोकप्रिय है। अहोई अष्टमी का दिन अहोई आठें के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह व्रत अष्टमी तिथि के समय किया जाता है, जो माह का आठवां दिन होता है। करवा चौथ के समान अहोई अष्टमी का दिन भी कठोर उपवास का दिन होता है तथा अनेक स्त्रियां पूरे दिन जल तक ग्रहण नहीं करती हैं। आकाश में तारों का दर्शन करने के पश्चात ही उपवास का पारण किया जाता है।

अष्टमी प्रारम्भ- 13 अक्टूबर को 12:24 दोपहर से 14 अक्टूबर को 11:09 बजे समाप्त।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,790.12 | 25,077.65 |
| बढ़त | 582.95 | 183.40 |
| प्रतिशत में | 0.72 | 0.74 |

सोना 1,23,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,57,400 प्रति किलो

अमृत विचार

हल्द्वानी, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 2535, राज श्री 1820, फॉर्चुन कि. 2220, रविन्द्रा 2485, फॉर्चुन 13 किग्रा 1955, जय जवान 1975, सचिन 2020, सूरज 1975, अवसर 1890, उजाला 1910, गृहणी 13 किग्रा 1890, क्लासिक (किग्रा) 2115, मोर 2170, चक्र टिन 2300, ब्लू 2120, आशीर्वाद मस्टर्ड 2395, स्वास्तिक 2490

**किराना (प्रतिकु.):** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.):** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन:** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 10700, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8600, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी:** डालमियां 4480, पीलीभीत 4400, सितारगंज 4360, धामपुर 4480

## हल्द्वानी मंडी

**चावल:** शरबती- 5400, मसूरी- 2100, बासमती- 9000, परमल- 3100

**दाल दलहन:** काला चना- 7000, साबुत चना दाल- 7200, मूंग साबुत- 8900, राजमा- 12000-14200, दाल उड़द- 9000, साबुत मसूर दाल- 7100, मसूर दाल- 6500, उड़द साबुत- 8200, काबुली चना- 10200, अरहर दाल- 11000, लोबिया/करमानी- 9100

# खरीदारी से शेयर बाजार में आई तेजी

## आईटी एवं वित्तीय शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 583 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466 अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा



- निचले स्तर पर खरीदारी से निफ्टी तीन सत्रों में 466 अंक चढ़ा
- कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स 639.25 अंक तक चढ़ा

बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक लगभग पांच प्रतिशत उछल गया, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.78 प्रतिशत बढ़कर 65.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,583.37 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

### मिडकैप-स्मालकैप ने भी दर्ज की बढ़त

मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई आईटी केंद्रित खंड में सर्वाधिक 2.21 प्रतिशत की तेजी रही जबकि आईटी खंड 1.96 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड 1.60 प्रतिशत और बैंकिंग खंड 1.10 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी तरफ जिंस, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों), दूरसंचार, उपयोगिता एवं धातु खंडों में गिरावट रही।

### वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी से बाजार ने सकारात्मक रुख में किया कारोबारी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि दूसरी तिमाही के नतीजे आने से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी आने से घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबारी सत्र का समापन किया। बैंकिंग सूचकांक ने बड़े अनुसूचित बैंकों के मजबूत तिमाही विवरणों और आकर्षक मूल्यांकन से बेहतर प्रदर्शन किया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बैंकों, आईटी एवं स्वास्थ्य देखभाल शेयरों में बढ़त आने से बाजार सकारात्मक दायरे में बना रहा। हालांकि व्यापक दायरे में तेजी नहीं थी और यह दर्शाता है कि कमजोर धारणा के साथ निवेशक अभी सतर्क बने हुए हैं।

## कुछ समय में ईवी की कीमत पेट्रोल वाहन के बराबर होगी : गडकरी


**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमतें चार से छह महीनों में पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के बराबर होने की उम्मीद है।



मंत्री ने कहा कि जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) पर भारत की निर्भरता आर्थिक बोझ है, क्योंकि ईंधन आयात पर सालाना 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और यह पर्यावरण के लिए खतरा है। ऐसे में देश की प्रगति के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना महत्वपूर्ण हो जाता है। गडकरी ने 20वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि 4-6 महीनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएगी। हमारा लक्ष्य पांच वर्षों के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में अव्वल बनाना है। गडकरी ने कहा कि जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ था। अब यह 22 लाख करोड़ रुपये है।

## भारत-अमेरिका के बीच जल्द व्यापार समझौते की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- नीति आयोग के सीईओ ने कहा- दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने सोमवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना चाहिए और विनिर्माण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए अपने बाजारों को खोलना चाहिए। उन्होंने तिमाही आधार पर व्यापार विश्लेषण रिपोर्ट ट्रेड वॉच क्वार्टरली जारी करते हुए कहा कि अच्छी बात ये है कि दोनों पक्ष अभी भी एक व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले महीने बातचीत हुई थी, इसलिए मुझे लगता है कि दोनों पक्षों को उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया था। इसमें भारत के रूस से कच्चे तेल खरीदने के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क शामिल है। इसके बाद नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में तनाव आ गया। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित बताया था।

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अमेरिकी शुल्क का क्रिसमस तक कोई विशेष प्रभाव नहीं होगा, हालांकि अगर दोनों देश व्यापार समझौते पर सहमत नहीं होते हैं, तो उसके बाद एक समस्या देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम नुकसान में हैं...। 50 प्रतिशत शुल्क से कीमत बहुत बढ़ जाती है... इससे कोई बच नहीं सकता। लोगों को उम्मीद है कि अगर नवंबर तक व्यापार समझौता हो जाता है, तो कोई व्यवधान नहीं होगा। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत का व्यापार घाटा प्रबंधनीय है, लेकिन असंतुलित है।

## भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक होगी अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की तेल एवं ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी और यह वैश्विक ऊर्जा बाजार का 12% से अधिक हिस्सा बन जाएगा।

बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने बीपी की ऊर्जा परिदृश्य 2025 रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। भारत की तेल मांग 54 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर 2050 तक 91 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। इस दौरान प्राकृतिक गैस की खपत भी दोगुनी होकर 63 अरब घन मीटर से बढ़कर 153 अरब घन मीटर हो जाएगी। यदि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 से 2050 तक औसतन 5% प्रति वर्ष रहती है तो देश की प्राथमिक ऊर्जा खपत में भी मजबूती आएगी। 2023 में वैश्विक मांग का 7% हिस्सा रखने वाले भारत की 2050 तक 12% हिस्सेदारी के साथ



विश्व ऊर्जा बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। रिपोर्ट में दो परिदृश्य पेश किए गए हैं। पहला मौजूदा वृद्धि-पथ पर आधारित है जबकि दूसरा वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी लाने से संबंधित है। पहले में भारत में कोयले का हिस्सा 2050 तक 40% से ऊपर रहेगा, जबकि दूसरे में यह घटकर 16% रह जाएगा। प्राकृतिक गैस की खपत दोनों ही परिदृश्यों में 1-3% की सालाना दर से बढ़ती रहेगी। डेल ने कहा कि सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधनों का हिस्सा बढ़ेगा, लेकिन जीवाश्म ईंधन की मांग भी बनी रहेगी।

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मासिक आधार पर घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से नीचे आ गई। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर में 60.9 पर आ गया जो अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर 62.9 पर था। इस नरमी के बावजूद सितंबर माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50.0 के तटस्थ स्तर से काफी ऊपर रहा जो उत्पादन में एक और महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल



- नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में आई गिरावट

भंडारी ने कहा कि देश के सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम हुईं। मंदी का एक कारण भारतीय सेवाओं की अंतर्राष्ट्रीय मांग में नरमी भी है। सितंबर में बाहरी बिक्री में फिर भी वृद्धि हुई लेकिन मार्च के बाद से यह सबसे कम रही।

### निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि

सितंबर के दौरान रोजगार सृजन धीमा रहा। इसमें मामूली वृद्धि हुई क्योंकि निगरानी में रखी गई कंपनियों में से पांच प्रतिशत से भी कम ने नियुक्ति में वृद्धि दर्ज की। इस बीच, भारत के निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि जारी रही लेकिन सितंबर के दौरान नए ऑर्डर, अंतर्राष्ट्रीय बिक्री, व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में धीमी वृद्धि हुई। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक सितंबर में 61.0 पर पहुंचा जो अगस्त में 63.2 रहा था। यह जून के बाद से विस्तार की सबसे कमजोर दर को दर्शाता है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है। ये भार आधिकारिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के सापेक्ष आकार को दर्शाते हैं।




# वांगचुक की हिरासत पर केंद्र-लद्दाख को सुप्रीम नोटिस

## उच्चतम न्यायालय ने सोनम की पत्नी की याचिका पर की सुनवाई, जलवायु कार्यकर्ता रासुका के तहत जेल में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिए जाने को चुनौती देने वाली उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर केंद्र और लद्दाख से जवाब मांगा है। याचिका में वांगचुक की तत्काल रिहाई का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एन. वी. अंजारिया की पीठ ने वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के कारणों के बारे में उनकी पत्नी को जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में आदेश देने से इन्कार कर दिया और मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर तक स्थगित कर दी।

पीठ ने कहा कि फिलहाल कुछ कदम उठाए गए हैं। वांगचुक को 26 सितंबर को रासुका के तहत हिरासत



में लिया गया था। इससे दो दिन पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं इसे छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों में इस केंद्र शासित प्रदेश में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हुए थे। वांगचुक राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं।

वांगचुक की पत्नी के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि हिरासत में लिए जाने का कारण अंगमो को बताए जाने चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि जिन कारणों से हिरासत में लिया गया है, उसके बारे में वांगचुक को सूचित कर दिया गया है। पत्नी को हिरासत के कारण बताए जाने की कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है। सिब्बल ने हिरासत का कारण बताने के लिए अंतरिम आदेश देने पर जोर देते हुए कहा कि बिना एक प्रति के हिरासत आदेश को चुनौती नहीं दी जा सकती। इस पर न्यायमूर्ति कुमार ने कहा कि इस समय हम कुछ नहीं कहेंगे। हालांकि, पीठ ने सॉलिसिटर जनरल की इस दलील पर गौर किया कि वह हिरासत के आधार की जानकारी देने की व्यवहार्यता की पड़ताल करेंगे।

### परिसंपत्तियों की सूची के लिए पोर्टल पर होगी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें कई संस्थाओं में मौजूद सभी वित्तीय परिसंपत्तियों की व्यापक सूची तक पहुंच के लिए केंद्रीकृत पोर्टल स्थापित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, भले ही वे सक्रिय हों या निष्क्रिय। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की और आरबीआई, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), केंद्र एवं अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए चार हफ्ते बाद की तारीख तय की। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को अवगत कराया कि यह मामला छोटे निवेशकों या जमाकर्ताओं से संबंधित है।

### विजयन के खिलाफ जांच का अनुरोध खारिज

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनादन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) से जुड़े वित्तीय लेन-देन के संबंध में केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और उनकी बेटी वीना के खिलाफ जांच का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायालय ने कहा कि राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के बीच लड़ी जानी चाहिए। केरल हाईकोर्ट ने 28 मार्च को कुझालनादन की उस याचिका को खारिज किया, जिसमें विजयन की बेटी की बंद हो चुकी आईटी फर्म और निजी खनन कंपनी सीएमआरएल के बीच लेनदेन को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच का अनुरोध किया था।

## बंगाल में भूस्खलन-बाढ़ से मरने वालों की संख्या हुई 28, बचाव कार्य जारी

- कई लोग अब भी लापता, सैंकड़ों पर्यटकों के पहाड़ी इलाकों में फंसे होने की आशंका

**दार्जिलिंग/सिलीगुड़ी/कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। आपदा प्रबंधन कर्मियों ने सोमवार को भी बचाव अभियान जारी रखा क्योंकि कई लोग अब भी लापता हैं और सैंकड़ों पर्यटक पहाड़ी इलाकों में फंसे हुए हैं।

उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। रात भर में कुछ और शव निकाले गए हैं। ये मौतें दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी दोनों जिलों में हुई हैं। लगातार हो रही बारिश से बचाव



भूस्खलन के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान।

अभियान में बाधा आ रही है।

सिलीगुड़ी रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ और उससे हुई तबाही को मानव निर्मित करार दिया। उन्होंने जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने पीड़ित परिवारों के एक सदस्य को होम गार्ड की नौकरी देने की भी घोषणा की। इस क्षेत्र में शनिवार रात और रविवार तड़के 12 घंटे से अधिक समय में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में दार्जिलिंग के मिरिक, सुखियापोखरी और जोरेबंगलो तथा जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा शामिल हैं। एनडीआरएफ के नेतृत्व में बचाव अभियान जारी है व मलबे में फंसे लोगों का पता लगाने को भारी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## कटक हिंसा: आठ लोग गिरफ्तार, बंद जारी

**कटक।** ओडिशा के कटक शहर में हुई हिंसा में सोमवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। कटक में निषेधाज्ञा लागू है और सुरक्षा व्यवस्था के बीच 12 घंटे का बंद जारी है।

पुलिस आयुक्त एस. देव दत्त सिंह ने बताया कि रविवार को विहिप कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस पर किए हमले के तीन मामले दर्ज हुए हैं और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अमरेंद पांडा और कटक के डीसीपी केआर दिनयानदेव सहित 25 लोग इस हमले में घायल हुए हैं। पांडा को श्रीराम चंद्र भंज (एससीबी) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए कुछ शरारती तत्वों की पहचान होने के बाद कटक के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की जा रही है।

## बंगाल में सांसद मुर्मू व विधायक घोष भीड़ के हमले से घायल

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष राज्य के उत्तरी भाग में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित दुआर क्षेत्र के दौरे के दौरान भीड़ के हमले से घायल हो गए। इस घटना से एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है।

जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा इलाके में हुए संघर्ष के बाद भाजपा ने टीएमसी पर क्षेत्र में असंतोष को दबाने के लिए हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया और इस घटना को टीएमसी के जंगल राज का उदाहरण बताया। टीएमसी ने कहा कि व्यापक पीड़ा के बीच भाजपा नेताओं के फोटो खिंचवाने से लोगों के गुस्से से यह घटना हुई। मुर्मू व घोष भाजपा नेताओं की उस टीम का हिस्सा थे जो आपदा प्रभावित दुआर क्षेत्र में स्थिति का



घायल भाजपा सांसद खगेन मुर्मू।

- बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने गए थे दोनों प्रतिनिधि

आकलन करने गए थे। टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो अनुसार बाढ़ प्रभावित लोगों के बातचीत से पहले ही भीड़ ने भाजपा नेताओं को घेर लिया और दीदी, दीदी के नारे लगाने लगी। इसके बाद नागराकाटा शहर से 10 किमी दूर बामनडांगा के पास उनके काफिले पर पथराव किया गया।

## कर्नाटक एमयूडीए मामले में 40 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक एमयूडीए से जुड़ी धन शोधन जांच में 40 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चार अक्टूबर को 34 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी हुआ था, जिसमें एमयूडीए (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) के कुछ भूखंड भी शामिल हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य 40.08 करोड़ है। धन शोधन का यह मामला कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी ने पहले भी संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे और इस नई कार्रवाई के साथ ही जांच के तहत 400 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

## नकली दवाओं की बिक्री पर लगाए रोक : एनएचआरसी

### कफ सिरप से मौत

- मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकार सहित डीसीजीआई को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी कर उन्हें दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौत की जांच और नकली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। एनएचआरसी ने भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच और राज्यों में सभी क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं को नकली दवाओं के नमूने एकत्र करने और परीक्षण रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने को भी कहा है।

आयोग ने नोटिस में कहा कि प्राधिकारियों को ये निर्देश दिया गया है कि वह संबंधित राज्यों के सभी मुख्य औषधि नियंत्रकों को नकली दवाओं पर तुरंत रोक लगाने की प्रक्रिया शुरू करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दें। आयोग ने कहा कि उसे मध्य प्रदेश (छिंदवाड़ा और विदिशा) और राजस्थान के कुछ जिलों में कफ सिरप पीने से 12 बच्चों की मौत के मामलों में हस्तक्षेप वाली शिकायत मिली है।

### मप्र में औषधि नियंत्रक का तबादला, तीन अन्य अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा में संदिग्ध रूप से गुर्दों के खराब होने से 14 बच्चों की मौत के मामले में सोमवार को दो औषधि निरीक्षकों, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के उपनिदेशक को निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की मौत एक 'विषाक्त' कफ सिरप के सेवन से हुई थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद राज्य के औषधि नियंत्रक दिनेश मौर्य का भी तबादला कर दिया। निलंबित औषधि निरीक्षकों में गौरव शर्मा और शरद जैन है, जो क्रमश: छिंदवाड़ा और जबलपुर में तैनात हैं। अधिकारी ने बताया कि निलंबित उपनिदेशक शोभित कोस्टा है।

### केरल में 12 साल से कम उम्र के बच्चों को दुकान से नहीं मिलेगी दवा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को आदेश दिया कि 12 साल से कम उम्र के बच्चों को डॉक्टर के पर्चे के बिना कोई दवा नहीं दी जानी चाहिए। यह कदम कुछ कफ सिरप संबंधी चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने उच्चस्तरीय बैठक के बाद कहा कि राज्य सरकार ने बच्चों में खांसी की दवाओं के इस्तेमाल का अध्ययन करने के लिए तीन-सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की है और उसे तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मंत्री ने कहा कि इस समिति में राज्य औषधि नियंत्रक, बाल स्वास्थ्य नोडल अधिकारी और इंडियन एकेडमी ऑफ पीड्रियाट्रिक्स के राज्य अध्यक्ष शामिल हैं। इसके निष्कर्ष बच्चों को कफ सिरप पिलाने को लेकर नए दिशानिर्देश तैयार करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में औषधि नियंत्रक को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और जागरूकता प्रयासों को भी मजबूत किया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ब्रिटेन की मशहूर लेखक जिली कूपर का निधन



**लंदन।** 'राइवल्स' और 'राइडर्स' जैसे चर्चित उपन्यासों की ब्रिटिश लेखिका जिली कूपर का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी एजेंट ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि लेखिका का अचानक दुनिया से जाना परिवार के लिए बड़ा सदमा है। उनकी एजेंट फेलिसिटी ब्लंट ने कहा, मेरे करियर का सौभाग्य रहा है कि मैंने एक ऐसी महिला के साथ काम किया जिन्होंने पचास साल पहले अपनी पहली रचना के प्रकाशन के बाद से ही संस्कृति, लेखन और संवाद को परिभाषित किया। उन्होंने कहा, जिली को निस्संदेह उनकी शानदार शृंखला 'द रटशायर क्रॉनिकल्स' और उसके बहादुर एवं आकर्षक नायक रूपर्ट कैंपबेल-ब्लैक के लिए सबसे अधिक याद किया जाएगा। कूपर के कई प्रशंसकों में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी शामिल हैं।

### बर्फीले तूफान से एक की मौत, 137 बचाए

**बीजिंग।** माउंट एवरेस्ट के तिब्बती ढलानों पर बर्फीले तूफान के कारण एक पर्वतारोही की मौत हो गई और फंसे हुए 137 पर्वतारोहियों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि लापता पर्वतारोहियों की तलाश जारी है। समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि 'हाइपोथरमिया' और अत्यधिक ऊंचाई पर पहुंचने से जुड़ीं समस्याओं के कारण 41 वर्षीय पर्वतारोही की मौत हो गई। खबर में कहा गया कि उत्तर पश्चिमी किंगाई प्रांत में लगातार बर्फबारी होने के कारण फंसे 137 पर्वतारोहियों को अब तक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा उनकी हालत स्थिर है।

### स्कूल के मलबे से मिले कई और छात्रों के शव

**सिदोअर्जो।** इंडोनेशिया में पिछले हफ्ते एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल के प्रार्थना कक्ष के ढहने के बाद लापता छात्रों की तलाश कर रहे बचावकर्मियों ने सप्ताहांत में कई छात्रों के शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है। स्कूल ढहने की इस घटना में अब भी 14 छात्रों के लापता होने का अंदेशा है। बचाव दल लापता छात्रों को खोजने के प्रयास में मशीनों और उपकरणों की मदद से अब तक कई टन मलबा हटा चुके हैं। बचावकर्मियों को सप्ताहांत में ही 35 शव मिले। इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पूर्वी हिस्से में सिदोअर्जो स्थित एक सदी पुराने 'अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल' की इमारत 29 सितंबर को ढह गई थी।

## ट्रंप के ओरेगन में सेना भेजने के आदेश पर अदालत की रोक

वाशिंगटन, एजेंसी

- **कैलिफोर्निया ने भी राज्य में सेना की तैनाती के फैसले को दी चुनौती**

अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को ओरेगन में नेशनल गार्ड की तैनाती से रविवार को अस्थाई रूप से रोक दिया, जिसमें कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनाती भी शामिल है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया से सैनिकों को ओरेगन भेज दिया था, जिसके बाद कैलिफोर्निया और ओरेगन ने अदालत से रोक लगाने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया था। शनिवार को इसी न्यायाधीश ने ओरेगन नेशनल गार्ड को पोर्टलैंड भेजने पर भी रोक लगाई थी। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के एक प्रवक्ता के अनुसार, पहले लॉस एंजिलिस में तैनात कैलिफोर्निया गार्ड के लगभग 200 सदस्यों को पोर्टलैंड भेजा जा रहा था। ओरेगन और कैलिफोर्निया ने अब अदालत से सभी राज्यों की नेशनल गार्ड तैनाती पर रोक लगाने की मांग की है।

ओरेगन के अटॉर्नी जनरल डैन रेफील्ड ने कहा, जो कल अवैध था, वह आज भी अवैध है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने इस कदम को कानून और शक्ति का दुरुपयोग बताया और कहा कि राष्ट्रपति सेना को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। कैलिफोर्निया ने भी इस फैसले को चुनौती देने के लिए ओरेगन के साथ मुकदमा दायर किया है।

## ऐसे अमेरिकी राष्ट्रपति जिनके सर्वाधिक फैसलों पर लगी रोक

# ट्रंप बनाम अदालतें

दुनिया भर में पिछले एक दशक में यह संघर्ष काफी तेज होने के साथ खुलकर सामने आया है। अदालतें एक ओर जहां लोकतंत्र की रक्षा की आखिरी दीवार बन गई हैं, वहीं कई देशों की सरकारें न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सीमित करने की कोशिश कर रही हैं। अदालतें अब केवल न्याय नहीं दे रहीं बल्कि वे लोकतांत्रिक संतुलन की भी रखवाली कर रही हैं। जहां भी सरकारें पूर्ण नियंत्रण चाहती हैं, वहां अदालतें ही उनके आगे एकमात्र अवरोध बन रही हैं। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड सबसे बड़ा उदाहरण हैं जिनके सर्वाधिक फैसलों पर अमेरिकी इतिहास में अदालतों ने रोक लगाई है या गलत ठहराया है। आंकड़े बताते हैं कि उनके कार्यकाल में कानूनी चुनौतियों की संख्या और अदालतों में हार का प्रतिशत दोनों ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा हैं।

### ट्रंप की हार

2017 से 2021 के बीच संघीय अदालतों ने ट्रंप प्रशासन के 200 से ज्यादा कार्यकारी आदेशों, नीतियों को चुनौती दी, जिनमें लगभग 80% मामलों में अदालतों ने उनके खिलाफ फैसला दिया।

### दूसरे राष्ट्रपति

- ओबामा प्रशासन को इसी अवधि में लगभग 30% मामलों में हार।
- जॉर्ज बुश प्रशासन को 25% मामलों में हार का सामना करना पड़ा।



### प्रमुख फैसले जिन पर रोक लगी

- वर्ष 2017 में मुस्लिम देशों पर ट्रैवल बैन ट्रंप का पहला बड़ा फैसला था जिसे अदालतों ने इसे संविधान के धार्मिक भेदभाव विरोधी सिद्धांत के खिलाफ बताते हुए कई बार खारिज किया। संशोधित संस्करण को 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी।
- डिफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम खत्म करने की कोशिश नाकाम, सुप्रीम कोर्ट ने भी 2020 में इस फैसले को रद्द कर दिया। यह नीति उन अप्रवासियों को सुरक्षा देती है जो बचपन में अमेरिका आए थे, और ड्रीमर्स कहलाते हैं
- ट्रंप ने कई पर्यावरणीय सुरक्षा नियम हटाए, अदालतों ने कई बार रोक लगाई या अवैध घोषित किया। पब्लिक चार्ज इमिग्रेशन नियम को अदालतों ने इसे गरीब प्रवासियों के प्रति भेदभावपूर्ण बताते हुए रोक दिया। टिकटॉक और वीचैट पर बैन के आदेश पर भी अदालतों ने रोक लगाई।

### क्यों बार-बार हारे ट्रंप

- कई फैसले जल्दबाजी में जारी किए, कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ।
- ज्यादातर फैसलों में वैज्ञानिक या संस्थागत परामर्श को नजरंदाज किया।
- कार्यपालिका शक्ति बढ़ाने पर जोर, न्यायपालिका के साथ टकराव बढ़ा।

### लोकतांत्रिक देशों का वैश्विक परिदृश्य

- अमेरिका में अदालतों ने ट्रंप और बाइडन दोनों के आदेशों पर बार-बार रोक लगाई। इससे बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति ने न्यायाधीशों को राजनीतिक कहा और सुप्रीम कोर्ट को पूर्वाग्रह ग्रसित तक कहा।
- भारत में सुप्रीम कोर्ट ने कुछ मामलों में सरकार का पक्ष माना, मगर इसके साथ आलोचना भी झेली कि उसने कार्यकारी शक्ति का अतिक्रमण नहीं रोका। न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर बहस जारी है।
- इजराइल में 2023 में नेतन्याहू सरकार ने ज्यूडिशियल रिफॉर्म लाने की कोशिश की, जिससे सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां घट जातीं। भारी विरोध और देशव्यापी आंदोलन के बाद सरकार को पीछे हटना पड़ा।
- पोलैंड और हंगरी की सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट और संवैधानिक अदालतों पर नियुक्ति का नियंत्रण बढ़ाया। यूरोपीय संघ की ओर से इस पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया गया।
- ब्राजील में सुप्रीम कोर्ट ने बोल्सोनारो की चुनावी साजिशों और फेक न्यूज पर सख्ती दिखाई। बोल्सोनारो की ओर से इसके जवाब में न्यायाधीशों पर राजनीतिक षड्यंत्र के आरोप लगाए गए।
- पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच लगातार टकराव, तुर्किए में एर्दोआन ने न्यायपालिका पर कड़ा नियंत्रण स्थापित किया। राष्ट्र सुरक्षा के नाम पर हजारों जजों को बर्खास्त कर दिया।

# अमेरिका: यूएस हाउस पर कब्जे की लड़ाई शुरू

## कैलिफोर्निया में नए नक्शों पर मतदान जारी, ट्रंप के भविष्य पर भी असर डालेंगे चुनाव के नतीजे

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

मध्यावधि चुनाव में भले ही अभी एक साल बाकी हो लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (यूएस हाउस) पर नियंत्रण की लड़ाई कैलिफोर्निया में शुरू हो चुकी है। कांग्रेस के जिलों को बदलने के एक प्रस्ताव पर पूरे कैलिफोर्निया राज्य में सोमवार को मतदान शुरू हो गया है। इस बदलाव से डेमोक्रेटों को पांच और सीटें मिल सकती हैं, जो 2026 के चुनाव में रिपब्लिकनों को फायदा पहुंचाने की ट्रंप की कोशिशों का सफल जवाब हो सकता है।

इस 70-शब्दों के 'हां' या 'नहीं' वाले प्रश्नों का नतीजा तय करेगा कि विभाजित प्रतिनिधि सभा पर कौन सी पार्टी नियंत्रण करेगी। साथ ही यह भी निर्धारित होगा कि क्या डेमोक्रेट आप्रवासन से लेकर प्रजनन अधिकारों जैसे मुद्दों पर ट्रंप के कार्यकाल के दूसरे भाग में उनकी शक्ति को कमजोर कर पाएंगे या नहीं। डेमोक्रेटिक सलाहकार रोजर सालाजार ने कहा कि यह प्रस्ताव 2026 की दौड़ के लिए एक शुरुआती बिंदु है। उन्होंने कहा, सब कुछ 2026 के चुनाव पर निर्भर करता है। कैलिफोर्निया के इस मतदान उपाय का राष्ट्रीय महत्व साफ दिखाई देता है। यह महत्व इस बात से पता चलता है कि इसने कितना पैसा आकर्षित किया है और इसमें कौन-कौन सी हस्तियां शामिल हो रही हैं।



### ओबामा और अर्नाल्ड श्वार्जनेगर जैसे दिग्गजों ने संभाली कमान, चुनाव में झोंके गए करोड़ों डॉलर

इस चुनावी दौड़ में करोड़ों डॉलर झोंके जा रहे हैं, जिसमें हाउस स्पीकर माइक जॉनसन से जुड़े सुपर पीएसी, कांग्रेसनल लीडरशिप फंड की ओर से विरोधियों को दिया गया 50 लाख अमेरिकी डॉलर का चंदा भी शामिल है। पूर्व एक्शन फिल्म अभिनेता और रिपब्लिकन गवर्नर अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा इसके समर्थन में हैं। ओबामा ने इसे प्रतिनिधि सभा पर नियंत्रण सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रिपब्लिकनों की पैंतरेबाजी का मुकाबला करने का स्मार्ट तरीका बताया है। ये चुनाव चार नवंबर को समाप्त होगा और 2028 के राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित करेगा। नए और बदले हुए जिलों के अभियान का मुख्य चेहरा माने जाने वाले डेमोक्रेटिक गवर्नर गैविन न्यूजोम को इस चुनाव में व्यापक रूप से संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

### ट्रंप की शक्ति को कम करने के लिए डेमोक्रेट्स का चुनावी दांव

यह असामान्य विशेष चुनाव डेमोक्रेटों का एक दांव है। इसका उद्देश्य टेक्सास में पांच रिपब्लिकन जिले हासिल करने के ट्रंप के प्रयास को कमजोर करना है। देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों के बीच यह मुकाबला पूरे राष्ट्र में फैल गया है। मिसौरी राज्य भी अपने प्रतिनिधि सभा के मानचित्रों को फिर से बना रहा है। जल्द ही अन्य राज्य भी इसका अनुसरण कर सकते हैं। यह विवाद अब अदालतों के दांवपेंच में भी उलझ गया है। इस बीच टेक्सास में संघीय न्यायाधीशों का एक पैनल विचार कर रहा है कि क्या राज्य नए बनाए गए कांग्रेस मानचित्र का उपयोग कर सकता है, जो रिपब्लिकनों को अधिक फायदा पहुंचाता है। अगर टेक्सास के मानचित्र पर अस्थाई रोक लगा दी जाती है तो यह स्पष्ट नहीं है कि इस फैसले का कैलिफोर्निया पर क्या असर होगा या होगा भी या नहीं, जहां मतदान अभी जारी है।

> इस चुनाव में डेमोक्रेटिक गवर्नर न्यूजोम को संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। न्यूजोम ने हाल ही में समर्थकों को भेजे गए एक पत्र में लिखा, अगर हम हार गए तो भगवान ही हमारी मदद करे। कहा, डेमोक्रेटों के लिए यह पूरी तरह एकजुट होकर काम करने का समय है।

## छठे दिन भी शटडाउन: राजनीतिक टकराव से अनिश्चितता बढ़ी, छंटनी शुरू

- **सत्ता और विपक्ष में नहीं बन पा रही सहमति, ट्रंप ने डेमोक्रेट्स को ठहराया छंटनी का जिम्मेदार**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय सरकार के छह दिन से जारी 'शटडाउन' को खत्म करने के लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के बीच गतिरोध बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इसके कारण सरकारी कर्मचारियों की छंटनी शुरू हो चुकी है और उन्होंने डेमोक्रेट्स को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया।

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि शटडाउन के दौरान सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर बजट पर नियंत्रण पाया जा सकता है। रविवार रात जब ट्रंप से पूछा गया कि संघीय कर्मचारियों को कब निकाला जाएगा, जैसा कि उन्होंने धमकी दी है, तो उन्होंने कहा, यह अभी हो रहा है और यह सब डेमोक्रेट्स की वजह से हो रहा है। उन्होंने कहा, डेमोक्रेट्स बहुत सारी नौकरियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ट्रंप ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि किन एजेंसियों में कटौती की जाएगी। अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण सरकारी वित्तपोषण पर रोक है। शटडाउन खत्म करने के लिए संसद के दोनों सदनों, सीनेट और प्रतिनिधि सभा में सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच सहमति नहीं बन पाई है। डेमोक्रेटिक पार्टी स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी जारी रखने की मांग कर रही है।

### मंदी और महंगाई की आशंका

इस राजनीतिक टकराव के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी और महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है। डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफ्रीज ने कहा कि पिछले सोमवार के बाद से रिपब्लिकन नेताओं के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने ट्रंप पर गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप लगाया। वहीं, सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन राष्ट्रपति ऐसा नहीं चाहते। डेमोक्रेटिक सीनेटर एडम शिफ ने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी खत्म होने से लाखों अमेरिकियों के लिए इलाज महंगा हो जाएगा। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर कांग्रेस द्वारा स्वीकृत वित्त पोषण रोकने का भी आरोप लगाया।

## फ्रांस : प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने महीने भर से कम समय में दिया इस्तीफा

पेरिस, एजेंसी



- **और गहराया राजनीतिक संकट राष्ट्रपति मैक्रों की मुश्किलें बढ़ीं**

फ्रांस के नए प्रधानमंत्री सेबेस्तियन लेकोर्नू ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लेकोर्नू ने एक दिन पहले ही अपने मंत्रिमंडल का गठन किया था और वह एक महीने से भी कम समय तक पद पर रहे। लेकोर्नू के इस्तीफे के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पास बहुत कम विकल्प बचे हैं।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों ने लेकोर्नू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। कई ओपिनियन पोल के अनुसार मैक्रों की लोकप्रियता गिरकर रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। लेकोर्नू सितंबर में फ्रांस्वा बायरू के स्थान पर प्रधानमंत्री बने थे। पिछले साल मैक्रों द्वारा अचानक चुनाव की घोषणा किए जाने के बाद से फ्रांसीसी राजनीति में राजनीतिक गतिरोध है। नेशनल असेंबली में धुर-दक्षिणपंथी और वामपंथी सांसदों के पास 320 से अधिक सीट हैं, जबकि मध्यमार्गी और उनके सहयोगी रूढ़िवादियों के पास 210 सीट हैं और किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं है।

मैक्रों के भरोसेमंद सहयोगी लेकोर्नू ने कहा कि एक आम सहमति बनाने में नाकाम रहने के बाद अब पद पर बने रहने की कोई स्थिति नहीं थी। लेकोर्नू ने अपने त्यागपत्र में कहा, किसी को भी अपने देश को हमेशा अपनी पार्टी से पहले रखना चाहिए। अगले राष्ट्रपति चुनाव में दो वर्ष से भी कम समय बचा है।

माना जा रहा है कि लेकोर्नू ने अपनी नई सरकार के गठन के कुछ ही घंटों बाद इस्तीफ़ा देकर देश को एक बार फिर से राजनीतिक अनिश्चितता में धकेल दिया था। इस तरह 27 दिनों के कार्यकाल के बाद लेकोर्नू फ्रांसीसी संसदीय इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं।

### इस्तीफे के बाद यूरो गिरा, सेंसेक्स में भी दर्ज की गई गिरावट

**पेरिस।** लेकोर्नू के इस्तीफे की घोषणा के बाद व्यापारिक आंकड़ों के अनुसार डॉलर के मुकाबले यूरो में लगभग 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई। भारतीय मानक समय दोपहर 1:28 बजे तक यूरो-डॉलर विनिमय दर 1.1743 अमेरिकी डॉलर प्रति यूरो से गिरकर 1.1666 अमेरिकी डॉलर प्रति यूरो हो गई, यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। वहीं दोपहर 1:23 बजे तक फ्रांस का सीएसी 40 सूचकांक 1.79 प्रतिशत गिरकर 7,936.87 अंक पर आ गया।

## इटली में हुई सड़क दुर्घटना में चार भारतीयों की मौत

- **सात सीटर कार में बैठे थे 10 लोग, ट्रक से टकराकर हुआ हादसा**

**लंदन।** दक्षिणी इटली के मटेरा शहर में एक सड़क दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। रोम स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को यह जानकारी दी। ये लोग सात सीटों वाली रेनॉल्ट सीनिक कार में छह अन्य लोगों के साथ सवार थे।

शनिवार को एग्री घाटी के मटेरा शहर के स्कैनजानो जोनिको नगरपालिका क्षेत्र में एक ट्रक से टकरा गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की पहचान 34 वर्षीय कुमार मनोज, 33 वर्षीय सिंह सुरजीत, 31 वर्षीय सिंह हरविंदर और 20 वर्षीय सिंह जसकरण के रूप में की गई है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, हम स्थानीय इतालवी अधिकारियों के संपर्क में हैं। एएनएसए ने बताया कि पांच घायलों को पोलिकोरो (के अस्पताल में भेजा गया, जबकि छठे गंभीर घायल को पोटेंजा के सैन कार्लो अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

## टेक्सास में मां ने अपने चार बच्चों पर गोलियां चलाईं, दो की मौत

- **दो बच्चों को हेलीकॉप्टर से ले अस्पताल ले जाया गया, हालत गंभीर**

**एंगलटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक महिला ने अपने चार बच्चों पर गोलियां चलाईं, जिससे उनमें से दो की मौत हो गई। उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही हिरासत में ले लिया गया है।

ब्रेजोरिया काउंटी के शेरिफ बो स्टालमैन ने बताया कि उस 31 वर्षीय महिला पर हत्या और घातक हथियार से गंभीर हमले के दो-दो मामले दर्ज किए गए हैं। स्टालमैन ने कहा कि दो बच्चों की उम्र 13 और 4 साल थी, जो एक वाहन के अंदर गोली लगने से मारे गए। अन्य बच्चों की उम्र 8 और 9 साल है, जिन्हें एक मेडिकल हेलीकॉप्टर से ह्यूस्टन क्षेत्र के एक अस्पताल में ले जाया गया है, उनकी हालत स्थिर है। स्टालमैन ने बताया कि गोली चलाने के बाद महिला ने अधिकारियों को कॉल की थी। अधिकारियों ने घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया है। स्टालमैन ने कहा, इस तरह की संवेदनहीन त्रासदी को समझना असंभव है।

## रूस ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन और यूएवी को नष्ट किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में इसकी जानकारी दी।

कहा गया कि कल रात से अब तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 251 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों और ड्रोन को नष्ट किया। इनमें से 40 क्रीमिया गणराज्य में मारे। कुर्स्क में 34, बेलगोरोद में 30, निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में 20, वोरोनिश क्षेत्र में 17, क्रास्नोडार क्षेत्र में 11, ब्रांस्क और तुला में आठ-आठ यूएवी और ड्रोन मार गिराए गए।

## वार्ता के लिए मिस्र पहुंचे इजराइल और हमास के वार्ताकार, गाजा में हमले जारी

**काहिरा।** गाजा में युद्ध विराम पर सहमति के लिए इजराइल और हमास के अधिकारी सोमवार को मिस्र के एक रिसॉर्ट में बैठक करेंगे। सोमवार शाम दोनों पक्षों के प्रतिनिधि यहां पहुंच गए थे। इस बीच इजराइल ने गाजा पर हमले जारी रखे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि अप्रत्यक्ष वार्ता लाल सागर के शर्म अल शेख रिसॉर्ट में होगी, जहां शीर्ष वार्ताकार रॉन डेरमर के नेतृत्व में इजराइली प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पहुंच रहा है। हमास ने एक बयान में कहा कि खलील अल-हय्या के नेतृत्व में हमास का प्रतिनिधिमंडल रविवार को मिस्र पहुंचा। इसमें कहा गया है कि वार्ता युद्ध विराम के प्रथम चरण पर केन्द्रित रहेगी, जिसमें इजराइली सेना की आंशिक वापसी तथा इजराइली हिरासत में मौजूद फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में, गाजा में चरमपंथियों द्वारा बंधक बनाये गए लोगों की रिहाई शामिल है।



इजराइल ने रविवार को रात भर उत्तरी गाजा में हवाई और जमीनी हमले किए। ● एजेंसी

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अक्टूबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 09.16 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष:** आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अपेक्षित कार्य के समय से पूर्ण न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा। आज किसी कार्य में मन नहीं लगेगा। किसी नए कार्य की योजना बना सकते हैं।

**वृष:** आज कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। संतान के भविष्य की चिंता दूर होगी। धन के लेन-देन में आपको सावधानी रखनी चाहिए। ससुराल पक्ष से आपको सम्मान प्राप्त होगा। घर का वातावरण अत्यंत सुखद रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** आज सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य समस्याओं का समाधान होने की संभावना बन रही है। कानूनी मामलों को आसानी से सुलझा लेंगे। युवा नया व्यवसाय करने का विचार बना सकते हैं।

**कर्क:** आज कारोबार में आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसी मित्र और रिश्तेदार की आपको सहायता करनी पड़ सकती है। महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। लोग आपकी बातों को अत्यधिक महत्व देंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह:** आज अपने महत्वपूर्ण सामानों को संभालकर रखें। महिलाओं को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रुके हुए कार्यों को लेकर थोड़ा चिन्तित रहेंगे। व्यर्थ के झगड़ों के कारण आपका व्यवहार खराब हो सकता है। तंत्र-मंत्र और गुप्त साधनाओं के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है।

**कन्या:** आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अति अनुकूल है। बैंकिंग और मैनेजमेन्ट से जुड़े लोगों के लिए भी दिन बहुत अच्छा है। सोशल मीडिया में आपके नए मित्र बन सकते हैं। व्यवसाय को लेकर यात्रा कर सकते हैं। बचे हुए माल को सेल में बेचने की योजना बना सकते हैं।

**तुला:** आज भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में काफी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। आवश्यक कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों को ख्याति मिल सकती है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। प्रेम-संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आज आप अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। संपत्ति विवादों का निपटारा होगा। नौकरी को लेकर परेशानी दूर होगी। ऑनलाइन कारोबार से लाभ होगा। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।


**धनु:** आज महिलाओं को पीठ दर्द की शिकायत हो सकती है। आपके ऊपर घर वालों का दबाव रहेगा। प्रियजनों से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। घर वालों के कारण आपको कुछ अनावश्यक खर्च करने पड़ सकते हैं। एक साथ कई सारे काम न करें।

**मकर:** आज अपने लक्ष्यों के प्रति अत्यंत गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ आप महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। भौतिक सुख-साधनों का आनंद उठायेंगे। स्थायी सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से आपको बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए।

**मीन:** आज कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता का अनुभव होगा। अधिक सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों से आपकी मतभिन्नता दूर होगी। जॉब की समस्या आज दूर होगी। उच्चाधिकारियों से अधिक बहस न करें। शेयर मार्केट आदि से आपको लाभ मिलेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- रेवती 08 अक्टूबर 01.28 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |



"टीम हमेशा पहले आती है और रोहित शर्मा भी इस फैसले से सहमत होंगे क्योंकि टीम को दो साल आगे के बारे में सोचना है। अगर कोई खिलाड़ी नॉन कमिटेड है और यह नहीं कह सकता कि वह अगले दो सालों के लिए तैयार होगा, तो उसे बुरी खबर के लिए तैयार रहना चाहिए।
सुनील गावस्कर



हाईलाइट

### ओलंपियन दीपक स्कूल एसपीएल के मुख्य कमिश्नर

**नई दिल्ली :** इटरनल स्पोर्ट्स प्रमोशन फ़ाउंडेशन ने ओलंपियन दीपक कुमार को स्कूल शूटिंग प्रीमियर लीग (एसएसपीएल) का मुख्य लीग कमिश्नर नियुक्त करने का एलान किया। यह भारत की पहली संरचित स्कूल-स्तरीय निशानेबाजी लीग है। यह नियुक्ति लीग के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और निशानेबाजी को एक मुख्यधारा के खेल के रूप में जमीनी स्तर पर विकास, सुलभता, सामर्थ्य और जन जागरूकता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को और पुष्ट करती है। एसएसपीएल की शुरुआत निशानेबाजी को स्कूलों तक गहराई से पहुंचाने और युवा प्रतिभाओं की एक स्थायी श्रृंखला बनाने के उद्देश्य से की गई थी। भारत के सबसे सम्मानित निशानेबाजों में से एक, दीपक कुमार की नियुक्ति से लीग को तकनीकी विश्वसनीयता और उत्कृष्ट मार्गदर्शन मिलेगा, साथ ही इसकी राष्ट्रीय पहुंच भी मजबूत होगी।

### चोटिल मोहम्मद सलीम वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली :** अफगानिस्तान के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ग्रोइन (एडक्टर) की चोट के कारण अबू धाबी में बंगलादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सलीम पुनर्वास के लिए एसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में रिपोर्ट करेंगे। सलीम की जगह दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज बिलाल सामी को अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है।

### भारतीय टीम पुरुष वाटर पोलो में कजाखस्तान से हारी

**अहमदाबाद :** भारतीय पुरुष वाटर पोलो टीम सोमवार को एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप (वाटर पोलो और कलात्मक तैराकी) के तीसरे दिन कजाखस्तान से 6-20 से हार गई। भारत के लिए भागेश कुथे ने तीन गोल जबकि उदय उत्तेकर और प्रवीण गोपीनाथन ने पुरुषों के ग्रुप बी मुकाबले में एक एक गोल किया। कजाखस्तान के लिए बाल्टाबकुली आदिल और नेदोकोंत्सेव ने चार चार, तोसोय एडुआर्ड ने तीन गोल किए जबकि लामायेव मैक्सिम, शाकेनोव मूरत और अकिम्बे अल्दियार ने दो-दो गोल किए।

# भारत की शानदार शुरुआत, नेपाल को दी शिकस्त

## श्रीलंका ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूनाइटेड अरब अमीरात को हराया, चीन और इंडोनेशिया की टीमें भी जीतीं

बैडमिंटन वर्ल्ड जू. चैम्पियनशिप

**गुवाहाटी, एजेंसी**

मेजबान भारत ने सोमवार को नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में शुरू हुई बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन ग्रुप-एच के एक रोमांचक मुकाबले में नेपाल को हराने के साथ सुहांदिनाता कप के मिश्रित टीम अभियान की शानदार शुरुआत की। वहीं, श्रीलंका ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने अपने लाइन-अप के साथ प्रयोग किया, लेकिन ग्रुप-एच के अपने पहले मैच में 45-18, 45-17 से आसानी से जीत हासिल कर ली।

श्रीलंका ने यूएई द्वारा किए गए बदलावों का फायदा उठाते हुए 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। 14 बार के चैंपियन चीन, पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया ने भी अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को लगातार दो सेटों में हराया। मिश्रित टीम चैंपियनशिप नए बेस्ट ऑफ़ थ्री रिले स्कोरिंग फॉर्मेट प्रारूप में खेली जा रही है। जहां सभी पांच मैच 9 अंकों की रेस के साथ खेले जाते हैं, जिसमें जो टीम पहले 45 अंक तक पहुंचती है वह सेट जीत जाती है। टीमों को प्रत्येक सेट के लिए अपने खिलाड़ी बदलने की भी अनुमति है।



मिश्रित युगल मुकाबले में नेपाल के खिलाफ एक्शन में भारत के शटलर।

**14** बार के चैंपियन चीन, पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया ने भी जीत दर्ज की

श्रीलंका और यूएई के बीच हुए मुकाबले ने स्टेडियम में सभी को अपनी सीटों से चिपकाए रखा क्योंकि श्रीलंका ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। पहला सेट आसानी से हारने के बाद, श्रीलंका को यूएई द्वारा बालक एकल में भरत लतीश की जगह रियान मल्हान को उतारने के फैसले का फायदा मिला। केनेथ अरुगोडा, जो पहले सेट में 4-9 से हार गए थे, ने अपना दूसरा मैच 9-6 से जीत लिया और श्रीलंका ने इसी लय का फायदा उठाते हुए निर्णायक सेट तक का सफर तय किया। अरुगोडा ने निर्णायक चरण में लतीश पर 9-5 से जीत के साथ टीम को एक और मजबूत शुरुआत दी और ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका आसानी से जीत जाएगा, जब रंथिमा लियानागे ने प्रकृति भरत के खिलाफ इस बढ़त को 18-8 तक बढ़ा दिया। लेकिन मल्हान और लतीश ने फिर सानुदा अरियासिंघा और थिसाथ रूपाथुंगा पर 15-9 से जीत हासिल करके अपनी टीम को मुकाबले में वापस ला दिया और स्कोर 23-27 कर दिया। लेकिन आखिरी लड़कियों के युगल ने रोमांचक रोमांच पैदा कर दिया।

जब मैच शुरू हुआ, तो यूएई 30-36 से पीछे था और बराथ और मायशा उमर खान को अपनी टीम के लिए मुकाबला जीतने के लिए संदथी हेवागालागे और पावनी इल्लेपेरुमाराचिची के खिलाफ 15 अंक जीतने थे। यूएई की लड़कियों ने 14 अंक बनाए और 44-44 के स्कोर पर सेट और टाई के लिए सर्विस कर रही थीं, लेकिन स्कोर बराबर नहीं कर सकीं। श्रीलंका ने यूएई पर 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। भारत अब मंगलवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में श्रीलंका से भिड़ेगा और बुधवार को यूएई से खेलेगा।

### भारत ने बदलाव से जुड़े नियमों का लाभ उठाया

भारत ने बदलाव से जुड़े नियमों का लाभ उठाते हुए अपने अधिकांश खिलाड़ियों को मैच का अनुभव प्राप्त करने का मौका दिया क्योंकि नेपाल के खिलाफ दोनों सेटों में तीनों युगल में अलग-अलग संयोजन और एकल में अलग-अलग खिलाड़ियों के साथ खेला गया। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की पूर्व विश्व जूनियर नंबर 1 बालक युगल जोड़ी ने कबीर केसी और सुप्रिम पंटा पर 9-3 से जीत के साथ भारत के लिए शुरुआत की और भारत एक बार भी किसी भी तरह की परेशानी में नहीं दिखा। लड़कियों के एकल मुकाबलों में, उन्नति हुड्डा और एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा ने अपने-अपने एकल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, सूर्यांश रावत और रौनक चौहान ने बिना किसी मेहनत के बड़ी चुनौतियों के लिए वार्म-अप किया। जहां अधिकांश भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई अंडर-19 मिश्रित टीम चैंपियनशिप में रिले-स्कोरिंग फॉर्मेट के एक अलग संस्करण में खेला था, वहीं उन्नति का इस स्कोरिंग फॉर्मेट में यह पहला प्रदर्शन था और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट ने कहा कि खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण से ज़्यादा, उन्हें मैच से पहले की अपनी दिनचर्या में बदलाव करना पड़ा। अन्य शीर्ष बैडमिंटन खेलने वाले देशों में से किसी को भी अपने शुरुआती मुकाबलों में किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। चीन ने घाना को 45-14, 45-10 से, कोरिया ने हंगरी को 45-22, 45-29 से, चीनी ताइपे ने ब्राज़ील को 45-24, 45-19 से और इंडोनेशिया ने फिलीपींस को 45-27, 45-40 से हराया।

## बोपन्ना, डार्डेरी और मौटेट टीपीए में पेश करेंगे चुनौती

**नई दिल्ली:** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी नौ दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे जिसकी नीलामी नौ अक्टूबर को मुंबई में होगी। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन बोपन्ना ने पिछले साल टीपीएल में पदार्पण किया था। वह एसजी पाइपर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली के डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि मौटेट गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मुलर और आर्थर रिंडरकनेच क्रमशः गुजरात पैंथर्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स की टीम को मजबूत करेंगे।

# अंकुशिता व अरुंधति ने स्वर्ण जीते

मुक्केबाजी बीएफआई कप

**चेन्नई, एजेंसी**

पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो और अरुंधति चौधरी चेन्नई में आयोजित पहले बीएफआई कप 2025 के महिला फाइनल में शानदार प्रदर्शन बदलौत स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंकुशिता (असम) ने आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए (60-65 किग्रा) वर्ग में राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल को 3:2 से हराया, जबकि अरुंधति (सर्विसेज) ने (65-70 किग्रा) भार वर्ग में स्नेहा (एआईपी) को 5:0 से हराकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (साई) ने भी (57-60 किग्रा) फाइनल में प्रिया (हरियाणा) को 3:2 से हराकर जीत हासिल की और एलीट महिला प्रतियोगिता ने सभी दस भार वर्गों में अपनी चैंपियन का ताज पहनाया। महिलाओं के अन्य फाइनल मुकाबलों में निवेदिता कार्की (उत्तराखंड) ने विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे) को 3:2 से हराकर (45-48 किग्रा) भार वर्ग का खिताब जीता, जबकि भावना शर्मा (रेलवे) ने सविता (रेलवे) को (48-51 किग्रा) भार वर्ग में 5:0 से हराया। महाराष्ट्र की खुशी जाधव ने दिव्या पवार (एआईपी) को 3:2 से हराकर (51-54 किग्रा) स्वर्ण पदक जीता, और हिमाचल प्रदेश की विनाक्षी धोटा ने मुश्कन (एआईपी) को (54-57 किग्रा) भार वर्ग में 5:0 से हराया। मोनिका (साई) ने निशु (हरियाणा) पर 4:1 से जीत हासिल कर (70-75 किग्रा) का ख़िताब जीता, बबीता बिष्ट (एआईपी) ने कोमल (पंजाब) को (75-80 किग्रा) वर्ग में 3:2 से हराया, और रितिका (साई) ने शिवानी तोमर (एआईपी) को 5:0 से हराकर (80-80 किग्रा) का ख़िताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में, एस. विश्वनाथ (सर्विसेज) ने (47-50 किग्रा) भार वर्ग में गोपी मिश्रा (सर्विसेज) को 5:0 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (सर्विसेज) को (50-55 किग्रा) सेमीफाइनल में टीम के ही आशीष (सर्विसेज) से 1:4 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (सर्विसेज) ने (55-60 किग्रा) मुकाबले में मितेश देसवाल (रेलवे) को 5:0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।



स्वर्ण पदक के साथ अंकुशिता। एजेंसी

- हुसामुद्दीन और विश्वनाथ फाइनल में

## आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा अमीन को फटकार

**कोलंबो:** पाकिस्तान की बल्लेबाज सिदरा अमीन को रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके लिए उन्हें औपचारिक रूप से फटकार लगाई है और उनके नाम एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

अमीन इस मैच में पाकिस्तान के लिए 106 गेंदों में 81 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं थी। अमीन ने आउट होने के बाद अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा था। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो कि "अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग" से संबंधित है। लेवल 1 के अपराध में खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।



आईसीसी एकदिवसीय महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में विकेट चटकाने पर एन म्लाबा को बधाई देतीं दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी।

# द. अफ्रीका ने एकतरफा मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से रौंदा

**इंदौर, एजेंसी**

- म्लाबा की धारदार गेंदबाजी के आगे न्यूजीलैंड की पारी को 231 रन पर सिमटी

एन म्लाबा की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तेजमिन ब्रिट्स के शानदार शतक और सुने लूस की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी एकदिवसीय महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को हराकर पूरे अंक झटक लिए। न्यूजीलैंड के 231 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। तेजमिन ब्रिट्स ने 89 गेंदों पर 15 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाए। वहीं, सुने लूस ने 114 गेंदों पर दस चौके और एक छक्के जड़ी नाबाद 83 रनों की पारी खेली।

सोमवार को एन म्लाबा (चार विकेट) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम के गेंदबाजों ने सोमवार को विश्वकप के सातवें मुकाबले में न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 47.5 ओवर में 231 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सूजी बेट्स (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद 13वें ओवर में एन डी क्लार्क ने एमेलिया केर (23) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सोफी डिवाइन ने जॉर्जिया पिलमर के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। 26वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने जॉर्जिया (31) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ब्रूक हैलिडे और सोफी डिवाइन के बीच चौथे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में एन म्लाबा ने ब्रूक हैलिडे (45) को अपना शिकार बनाकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बेबस दिखे और अपने विकेट गंवाते रहे। म्लाबा ने मैडी ग्रीन (चार) को आउट किया। शतक की ओर बढ़ रही सोफी डिवाइन को भी म्लाबा ने बोल्ड आउट न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। डिवाइन ने 98 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। इसाबेला गेज 10 रन बनाकर आउट हुई। जस केर (चार) के रूप में न्यूजीलैंड का आठवां विकेट गिरा। लिया तहुहू (पांच) को म्लाबा ने आउट किया। ईडन कार्सन (चार) आखिरी विकेट के रूप में रनआउट हुई। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड की पूरी टीम 47.5 ओवर में 231 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन म्लाबा ने 10 ओवर में 40 रन देकर चार विकेट लिये। मैरिजान कप्प, अयाबोंगा खाका, एन डी क्लर्क और क्लोई ट्राइऑन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# प्रमोद ने पैरा बैडमिंटन में तीन स्वर्ण जीते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा। सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे।

भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। भगत ने कहा, ''हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। भारत को गौरव दिलाना हमेशा खास होता है।



पैरा शटलर प्रमोद भगत।

वहीं, रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच1, पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया। नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया। सरकार ने आरती के साथ मिलकर महिला युगल एसएल3-एसयू5 में कांस्य पदक भी जीता। अन्य नतीजों में नीलेश गायकवाड़ (पुरुष एसएल4) और कनक सिंह जादौन (महिला एसएल4) ने कांस्य पदक जीते। पुरुष एकल एसयू5 में भारत के लिए करण पनीर, राहुल विमल और सतीवाड़ा ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।

# संजू भारत में ईपीएल के एम्बेसडर

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन को भारत में इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) का आधिकारिक एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम भारतीय उपमहाद्वीप में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए ईपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्रिकेट के मैदान पर अपने गतिशील प्रदर्शन के लिए माने जाने वाले सैमसन से ईपीएल के ब्रांड को बढ़ावा देने और देश भर के प्रशंसकों से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। अपने एम्बेसडर के कर्तव्यों के तहत, सैमसन ने मुंबई में प्रीमियर लीग के एक प्रशंसक जुड़ाव कार्यक्रम के दौरान इंग्लैंड और लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर माइकल ओवेन से मुलाकात की। इस कार्यक्रम में नेस्को सेंटर में फैन-पार्क शैली की स्क्रीनिंग और सामुदायिक गतिविधियाँ शामिल थीं। सैमसन, जो स्वयं लिवरपूल के प्रशंसक हैं, ने क्लब के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की और फुटबॉल के साथ अपने गहरे जुड़ाव पर चर्चा की, जिसका श्रेय वे केरल में अपने पालन-पोषण और अपने परिवार की फुटबॉल पृष्ठभूमि को देते हैं।

ओवेन ने इस कार्यक्रम में उपस्थित आर्सेनल समर्थकों की संख्या पर आश्चर्य व्यक्त किया और भारत में बढ़ती फुटबॉल संस्कृति पर प्रकाश डाला।

# नायर की कर्नाटक रणजी टीम में वापसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज करुण नायर दो सत्र के अंतराल के बाद फिर से कर्नाटक की टीम में वापसी करेंगे। नायर को 15 अक्टूबर से राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ शुरू होने वाले सत्र के पहले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए राज्य टीम में शामिल किया गया है। नायर इससे पहले दो सत्र तक विदर्भ की टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने पिछले सत्र में में टीम के रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मयंक अग्रवाल कर्नाटक के कप्तान रहेंगे। कृतिका कृष्णा, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान जैसे कुछ नए चेहरों को टीम में शामिल किया है। दिग्गज राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ इस सत्र में नौ से 17 अक्टूबर तक देहरादून में होने वाली वीनू मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक की कप्तानी करेंगे।

**कर्नाटक की टीमः** मयंक अग्रवाल (कप्तान), करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत (विकेटकीपर), श्रेयस गोपाल, विशक विजयकुमार, विद्वथ कावेरप्पा, अभिलाष शेट्टी, एम वेंकटेश, निकिन जोस, अभिनव मनोहर, कृतिक कृष्णा (विकेटकीपर), केवी अनीश, मोहसिन खान, शिखर शेट्टी। वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए कर्नाटक टीमः अन्वय द्रविड़ (कप्तान, विकेटकीपर), नितीश आर्य, आदर्श डी उर्स, एस मणिकांत, प्रणीत शेट्टी, वासव वेंकटेश, अक्षत प्रभाकर, सी वैभव, कुलदीप सिंह पुरोहित, रतन बीआर, वैभव शर्मा, केए तेजस, अथर्व मालविया, सनी कांची, रेहान मोहम्मद (विकेटकीपर)।

पैरा एथलेटिक्स विश्व

भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित रिकॉर्ड 22 पदक जीते हैं

# मोदी बोले : भारत का प्रदर्शन ऐतिहासिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताते हुए सोमवार को कहा, इस प्रतियोगिता में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित रिकॉर्ड 22 पदक जीते जो जापान के कोबे में 2024 में में जीते 17 पदक के उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सभी पदक विजेताओं की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए 'एक्स' पर लिखा, हमारे पैरा एथलीटों का ऐतिहासिक प्रदर्शन! इस साल की विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बहुत खास रही। भारतीय दल ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें छह स्वर्ण पदक सहित 22 पदक जीते। हमारे एथलीटों को बधाई। उन्होंने कहा, उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मुझे हमारे दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है और मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। यह पहली बार था जब भारत ने इस प्रतिष्ठित पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसमें 100 से अधिक देशों के 2,200 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भी भारत के लिए सम्मान की बात है। इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहे सौ देशों के एथलीटों और सहयोगी स्टाफ का आभार जताया।



### भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए सुलभ बुनियादी ढांचा अहम: झाझड़िया

**नई दिल्ली :** भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया और हाल में समाप्त हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सुगम्यता भागीदार 'स्वंय' का मानना है कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगों के लिए भारत के बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर उन्नत करने की जरूरत है। 'स्वयं' ने रविवार को समाप्त हुई चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पैरा एथलीटों के लिए सुलभ परिवहन प्रदान किया था। झाझड़िया ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हमने बड़े खेल टूर्नामेंट में 'एक्सेसिबिलिटी' (सुगम्यता) का ध्यान रखने के महत्व को देखा। 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा के साथ सुगम्यता को एक प्राथमिकता के तौर पर मुख्यधारा में लाने की जरूरत पहले से कहीं अधिक अहम हो गई है। वर्ष 1988 से ओलंपिक खेल और पैरालिंपिक एक ही स्थान पर होते आ रहे हैं।